दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — पुलिस भी मुस्तैद, 24 घंटे के भीतर....
4 रविवारीय — भगवान शिव जो शून्य से परे हैं
9 मनोरंजन/खेल — राधे में अपना फेमस डायलॉग...
11 व्यापार — वेलेंटाइन डे पर रायपुर में बिके...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, रविवार 16 फरवरी, 2020, फाल्गुन कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-306 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पता नही क्यों लोग यह कटु सत्य नहीं स्वीकारते कि- सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, कि खुशबु आ नहीं सकती कागज के फूलों से...। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अहमदाबाद दौरे के दौरान उन्हें गरीबों की झोपड़ियां नजर न आए इसलिए झुग्गी बस्तियों के सामने दीवार बनाई जा रही है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है। पहले भी तात्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों के भारत आगमन पर उन्हे सब कुछ अच्छा दिखाने के लिए ऐसी कवायद होती रही है। यदि हिन्दुस्तान को झुग्गीस्तान बनने से रोकने की कोशिश की जाती तो हकीकत पर परदा डालने की जरूरत नहीं पड़ती।

खास खबर

15 सालों में दागी सांसदों की संख्या हुई दोगुनी : रिपोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक पार्टियों को लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों की जानकारी देने का आदेश दिया। पार्टियों को ऐसे उम्मीदवारों की जानकारी 48 घंटों के अंदर देनी है। इसके अलावा यह भी बताना है कि इन प्रत्याशियों को चुनाव में क्यों खड़ा किया गया।

कांग्रेस सांसद थरूर पर कोर्ट ने लगाया जुर्माना

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर के खिलाफ 5000 रुपए का जुर्माना लगाया है। उनके खिलाफ यह जुर्माना सुनवाई में नहीं शामिल होने को लेकर लगाया गया है। कांग्रेस नेता पर प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाप आपत्तिजनक बयान देने का आरोप है। बीजेपी नेता राजीव बब्बर ने उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

वैज्ञानिक आम आदमी के जीवन की गुणवत्ता सुधारे : मोदी

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैज्ञानिकों से आम आदमी के जीवन की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में काम करने अपील की है। श्री मोदी ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद सोसाइटी की बैठक को सम्बोधित करते हुये विश्व स्तरीय उत्पाद विकसित करने के लिए आधुनिक विज्ञान के साथ पारम्परिक ज्ञान को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रदेश में सोशल-इकोनोमी इंडेक्स के अध्ययन से तैयार होंगी नई नीतियां

बंद 300 स्कूलों को शुरू करने व हाट-बाजार कांसेप्ट का बजा डंका

■ **सीएम भूपेश ने बोस्टन में स्कॉट स्टर्न और माइकल ग्रीन से की विस्तृत चर्चा**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने अमेरिका प्रवास के दौरान बोस्टन में रहें जहां उनकी मुलाकात मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी और सोलन स्कूल ऑफ मेनेजमेंट के प्रोफेसर स्कॉट स्टर्न और सोशल प्रोग्रेस इम्पेरेटिव के सीईओ माइकल ग्रीन से हुई। इस मुलाकात में छत्तीसगढ़ राज्य के इकोनॉमिक एवं सोशल इंडेक्स, सोशल इकानॉमी सर्वे और सोशल ऑडिट सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

यह चर्चा इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण रही कि पहले इस विषय पर इतने बड़े स्तर में सोशल इकोनॉमिक इंडेक्स के अध्ययन पर काम नही किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि इनके अध्ययन से राज्य सरकार को नई नीति तैयार करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे सुपोषण अभियान, हॉट-बाजारों और शहरी स्लम इलाकों में चलित अस्पताल तथा बस्तर क्षेत्र में पिछले 15 सालों से बंद पड़े लगभग 300 स्कूलों को फिर से प्रारंभ करने और महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में दिए जा रहे विशेष ध्यान को बड़ा कदम बताया। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री गौरव द्विवेदी ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख सोशल इंडेक्स के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव आर.पी.मण्डल, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, सीएसआईडीसी के एमडी अरूण प्रसाद सहित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत आईएएस अधिकारी सुश्री एम.गीता भी उपस्थित रहीं।

ग्रामीण क्षेत्रों में नए प्रोग्राम और नीति तैयार करने में मिलेगी मदद

प्रोफेसर स्कॉट स्टर्न ने इस अवसर पर एक प्रस्तुतीकरण भी दिया। जिसमें उपरोक्त आर्थिक-सामाजिक इंडेक्स के सर्वे के माध्यम राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के आर्थिक विकास पर अध्ययन कर उनके विकास के लिए नए प्रोग्राम और नीति आदि तैयार करने में मदद मिलेगी ताकि ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो सके और लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। इसके माध्यम से प्रमुख रूप से रोजगार उपलब्ध कराना एवं एक वैज्ञानिक अध्ययन के माध्यम से आर्थिक सुधार पर कार्य करने के लिए यह अच्छे उपाए साबित होंगे।

कश्मीर पर अमेरिकी सीनेटर को विदेश मंत्री जयशंकर का जवाब

चिंता न करें, लोकतांत्रिक देश अच्छे से निपटा लेगा

नई दिल्ली (वार्ता)। जर्मनी में हो रहे म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका को करारा जवाब दिया। एक सवाल के जवाब में अमेरिकी सीनेटर को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'चिंता मत कीजिए। एक लोकद्यतांत्रिक देश है, जो इसे सुलझा लेगा और आप जानते हैं कि वह देश कौन सा है? दरअसल, अमेरिकी सीनेटर लिंड्से ग्राहम ने कहा था, 'कश्मीर से लौटने के बाद समझ नहीं पाया कि वहां जारी लॉकडाउन कब खत्म होगा। दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) को यह तय करना होगा कि मसला जल्द ही सुलझा लिया जाए।' जर्मनी में चल रहे म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में राष्ट्रवाद पर बोलते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि ये कोई सवाल नहीं है कि दुनिया अधिक राष्ट्रवादी हो गई है। जयशंकर ने आगे कहा कि अमेरिका, चीन और दुनिया के कई देश अधिक राष्ट्रवादी हैं। इस राष्ट्रवाद का बहुत कुछ वैधानिक रूप से मान्य है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 14 को शुरू हुआ है और यह 16 फरवरी तक चलेगा।

यूएस के प्रति लोगों में अभी भी है विश्वास की कमी

जयशंकर ने कहा कि अगर इतिहास पर गौर करे तो संयुक्त राष्ट्र को लेकर लोगों के विश्वास में कमी आई है, लेकिन ये आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो बहुत सारी चीजें वैसी नहीं हैं जो 75 साल पहले थी और अभी भी उतनी ही अच्छी है जितनी वह थी।

गृहमंत्री से मुलाकात करेंगी शाहीन बाग की महिलाएं

नई दिल्ली। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ धरने पर बैठीं शाहीन बाग की महिलाओं ने गृहमंत्री अमित शाह की ओर से बातचती के लिए रखे प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को गृहमंत्री से मुलाकात करेगा। हालांकि, इसको लेकर अभी मतभेद भी है। गौरतलब है कि गृहमंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा था कि अगले तीन दिन में सीएए को लेकर कोई भी उनसे आकर मुलाकात कर सकता है। शाह ने कहा कि जिस किसी को भी सीएए को लेकर आपत्ति है।

हावड़ा मुंबई रेल मार्ग पर 13 दिनों तक थमा रहेगा रेल परिचालन

तीसरी रेल लाइन के लिए 27 फरवरी तक मेगा ब्लॉक

■ **हावड़ा रेल मार्ग की सभी 14 प्रमुख ट्रेनें प्रभावित**

■ **35 हजार से अधिक मुसाफिरों को होली तक दिक्कत**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर-रायपुर रेल मंडल की महती योजना तीसरी रेल लाइन कार्य अंतिम चरण में है। बिलासपुर रेल मंडल में बकाया कार्यों को पूर्ण करने के लिए रेलवे जोन ने हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग में 13 दिनों तक मेगा ब्लॉक लेने का ऐलान किया है। ऐन होली त्यौहार पर सबसे व्यस्त रेल मार्ग हावड़ा-मुंबई पर ट्रेन परिचालन बाधित रहेगा। वहीं रायगढ़, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ब्लाक से पड़ेगा यह असर, कई ट्रेनें रद्द

हावड़ा-मुंबई रूट की 14 ट्रेनें प्रभावित होंगी। 27 फरवरी तक रेल यात्रा करने वाले यात्रियों को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। 15 फरवरी से से 27 फरवरी तक हावड़ा मुंबई रूट की 14 ट्रेनें प्रभावित रहेगी। बिलासपुर रेल मंडल के जामगा, दगोरा, हिमगीर और बेलपहाड़ स्टोशनों के बीच तीसरी रेल लाइन के कनेक्टिविटी काम 27 फरवरी तक किया जाएगा। इस वजह से हावड़ा से मुंबई के बीच चलने वाली 14 में से कुछ ट्रेनें आधे रास्ते से रद्द हो जाएंगी। तीसरी लाइन कनेक्टिविटी का सबसे ज्यादा असर बिलासपुर से आगे की यात्रा पर पड़ेगा। हालांकि इस ब्लॉक के दौरान हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस झारसुगड़ा से रायगढ़ तक और दुर्ग राजेन्द्र नगर साऊथ विहार एक्सप्रेस बिलासपुर से झारसुगड़ा तक पैसेंजर बनकर चलेगी।

चुनाव हारने पर काटी थी हथेली, डीकेएस के डॉक्टरों ने जोड़ दिया

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने सात घंटे की सफल सर्जरी कर महिला को दी नई जिदंगी

■ **छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे सफल सर्जरी में शुमार हुआ ये ऑपरेशन**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/नवप्रदेश। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने आरंग की एक महिला को विकलांग होने से बचा लिया। अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला के बाएं हाथ की कटी हुई हथेली को ऑपरेशन कर उसके हाथ से सफलतापूर्वक जोड़ दिया है। हथेली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चुनौती बना था ऑपरेशन

रक्त का अत्यधिक रिसाव होने के कारण महिला का ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया था। हीमोग्लोबिन की मात्रा 8 ग्राम हो चुकी थी। ऑपरेशन के दौरान ही महिला को 3 बोतल रक्त चढ़ाया गया था। और आखिरकार सात घंटे की सर्जरी कर डॉक्टरों ने महिला की हथेली को उसके हाथ से जोड़ दिया। अब महिला का हाथ व हथेली अच्छी तरह से काम कर रहे हैं।

इनका योगदान रहा अहम

इस सफल ऑपरेशन में आर्थोसर्जन डॉ. ए तिवारी, प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. केएन ध्रुव व डॉ. बी. दयाल एवं एनेस्थिसिया विभाग के डॉ. रुपेश की टीम का अहम योगदान रहा।

ऐसे की सर्जरी

सबसे पहले हथेली में लगे कीचड़ व अन्य आर्गन की सफाई की गई। इसके बाद बोन, आर्टरी, नर्व, टेंडम एवं दो वेन्स को जोड़कर सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया। यह छत्तीसगढ़ की सबसे सफलतम सर्जरी में से एक है। यह सर्जरी निजी अस्पताल में 1.5 लाख रुपए में होती है, लेकिन डीकेएस में स्वास्थ्य योजना के तहत सबसे सस्ती दर पर यह ऑपरेशन हुआ।

हेट स्पीच मामले में एफआईआर क्यों नहीं?

पूर्व सीईसी कुरैशी को चुनाव आयोग ने दिखाया आईना

■ **13 फरवरी को कुरैशी को भेजे जवाब में उप चुनाव आयुक्त संदीप सक्सेना ने गिनाए सभी मामले**

■ **पांच में अडवाइजरी जारी की गई थी, दो मामलों में चेतावनी और दो मामले बंद कर दिए गए थे**

नई दिल्ली (ए.)। चुनाव आयोग और इसके एक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त में 'वाक युद्ध' शुरू हो गया है, जो काफी दुर्लभ है। दिल्ली चुनाव के दौरान हेट स्पीच देने वाले नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कराने को लेकर पूर्व सीईसी एसवाई कुरैशी की ओर से उठाए गए सवाल का चुनाव आयोग ने जवाब दिया है और कहा कि वह पसंद के मुताबिक कुछ चीजें याद कर रहे हैं और कुछ चीजें भूल रहे हैं। चुनाव आयोग ने कुरैशी को आईना दिखाते हुए कहा है कि सीईसी के रूप में उनके सामने आचार संहिता उल्लंघन के जितने मामले आए, उनमें से एक में भी एफआईआर नहीं हुई। 2010 से 2012 तक चुनाव आयोग का नेतृत्व करने वाले कुरैशी ने 8 फरवरी को प्रकाशित एक लेख में हैरानी जताई थी कि दिल्ली चुनाव के दौरान विवादित बयान देने वाले बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर और बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व कानून या आईपीसी के तहत एफआईआर क्यों नहीं दर्ज कराई गई, जबकि वे ऐसी गलती के लिए दोषी पाए गए थे जिसमें सजा की जरूरत थी।

न्यू इंडिया समिट में अकबर बोले रियल एस्टेट के विकास को मिलेगा बढ़ावा

■ **समिट में क्रेडाई आवास ऐप का किया गया शुभारंभ**

■ **नए आवास ऐप से 21 राज्य, 220 शहर और 20 हजार डेवलपर्स सीधे कनेक्ट होंगे**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। वन और आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज नवा रायपुर अटल नगर में क्रेडाई संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'न्यू इंडिया समिट' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छोटे-छोटे शहरों में भी रियल एस्टेट के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रेरा के अध्यक्ष विवेक ढांड ने की। आवास मंत्री श्री अकबर ने इस मौके पर प्रदेश ही नही अपितु देश में घर खरीदने की प्रक्रिया को पारदर्शी तथा आसान बनाने 'क्रेडाई आवास ऐप' का भी शुभारंभ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बढ़ती जनसंख्या पर उपराष्ट्रपति ने जताई चिंता

आबादी की समस्या और कृषि उत्पादन बढ़ाना वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक

नई दिल्ली। जनसंख्या वृद्धि और इसकी वजह से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक दल इस समस्या से मुंह छुपा रहे हैं और इस पर संसद में भी पर्याप्त चर्चा नहीं होती है। हालांकि, इस बीच शिवसेना सांसद ने राज्य सभा में '2 बच्चा नीति' को लेकर एक बिल भी सदन में पेश किया है, जिसपर बजट सत्र के दूसरे हिस्से में चर्चा हो सकती है। नायडू ने कहा, 'बढ़ती आबादी वाले भारत जैसे देश में यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोई भी जनसंख्या की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। राजनीतिक दल मुंह छुपा रहे हैं, नेता भी मुंह छुपा रहे हैं, संसद में भी इस मुद्दे पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती है।' उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में आबादी बेतहाशा बढ़ रही है और यातायात जैसी समस्याएं उत्पन्न कर रही है। 'आबादी की समस्या और कृषि उत्पादन बढ़ाना न सिर्फहमारी खाद्य सुरक्षा बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

आबादी इसी तरह से बढ़ती रही और उपज में वृद्धि नहीं हुई तो वाले समय में समस्या होगी

गरमा-गरम

पंचायत चुनाव — पहले सूबा, फिर शहर अब कस्बाई सत्ता का तख्त भी बीजेपी ने खोया

विधायक सिर्फ 15, महापौर 1 भी नहीं, 27 जिला पंचायत में सिर्फ 7 पर भाजपा

■ **कांग्रेस ने लूट लिया भाजपा की सल्तनत का कई अहम इलाका**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। सूबाई सियासत में पहले ही बीजेपी की सांसें फूलने लगी थी। फिर प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को शहरी निकाय से बाहर कर दिया अब पंचायत चुनाव में बची खुची सल्तनत भी बीजेपी की चली गई। सूबे की सियासत में भाजपा का सूपड़ा साफ करने वाली कांग्रेस का परचम प्रदेश, शहर, जिला पंचायत से लेकर ग्राम पंचायतों तक में लहराने लगा है। इतनी बड़ी जीत के जश्न में डूबी कांग्रेस ने एक ही बार में प्रदेश सरकार के अहम किरदार से भाजपा को आउट कर दिया है। 27 जिला पंचायतों में से 20 में कांग्रेस ने कब्जा बना लिया है। महज 7 जिला पंचायतों को ही भाजपा ने बचाने में कामयाबी हासिल की है। भाजपा ने कभी सोचा नहीं होगा कि लगातार 3 बार प्रदेश में सरकार बनाने और कई बड़े शहरों व निकायों में खुद की सत्ता बरकरार रखने के बाद इस बार वह लगातार क्षेत्रीय चुनाव को हारती गई है। एक तरफ करारी शिकस्त के बाद बीजेपी के संगठन में नेतृत्व को लेकर जहां काफी नाराजगी है वहीं पार्टी के आला औहदेदारों में वर्चस्व की खींचतान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर, राजनांदगांव, बालोद, कवर्धा में जीती बीजेपी

छत्तीसगढ़ में भाजपा का बुरा वक्त पीछा नहीं छोड़ रहा है। विधानसभा चुनाव से लेकर उपचुनाव और निकाय से लेकर पंचायत तक के हर चुनाव में बीजेपी चारों खाने चित हुई है। यहां तक की जिन इलाकों में सालों तक बीजेपी की सल्तनत थी, वो सल्तनत भी कांग्रेस ने लूट ली। राजधानी के जिला पंचायत में कांग्रेस का कब्जा, अंबिकापुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित 20 से ज्यादा जिलों में कांग्रेस को जीत मिली है। कमाल की बात ये है कि मौजूदा 28 में से जिन 27 जिलों में चुनाव हुए थे, उनमें से 20 जिलों में कांग्रेस और सिर्फ 7 जिलों में बीजेपी का कब्जा हो पाया। राजनांदगांव और बस्तर को छोड़ दें तो अधिकांश बड़े जिलों में कांग्रेस का ही कब्जा है। राजधानी रायपुर के अलावे बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर सहित तमाम हाईप्रोफाइल जिलों में कांग्रेस की ही सरकार है। वहीं भाजपा के खाते में बस्तर, राजनांदगांव, बालोद, कवर्धा जैसे जिले आये हैं।

एक नजर जिला पंचायत अध्यक्ष के नामों पर

रायपुर- डोमेश्वरी वर्मा (कांग्रेस)
धमतरी- कांति सोनवानी (कांग्रेस)
महासमुंद- उषा पटेल (कांग्रेस)
बलौदाबाजार- राकेश वर्मा (कांग्रेस)
दुर्ग- शालिनी यादव (कांग्रेस)
राजनांदगांव- गीता घासी साहू (भाजपा)
बेमेतरा- सुनीता हीरालाल साहू (भाजपा)
कबीरधाम- सुशीला रामकुमार भट्ट (भाजपा) निर्विरोध।
मुंगेली- लेखनी सोनू चंद्राकर (कांग्रेस)
बिलासपुर- अरूण सिंह चौहान (कांग्रेस)
कोरबा- शिवकला कंवर (कांग्रेस)
जांजगीर चांपा- यनिता यशवंत चंद्रा (कांग्रेस)
रायगढ़- निराकार पटेल (कांग्रेस)
जशपुर- रायमुनि भगत (भाजपा)
सरगुजा/अंबिकापुर- मधु सिंह (कांग्रेस)
सूरजपुर- राजकुमारी मरावी (कांग्रेस)
कोरिया- रेणुका सिंह (भाजपा)
बलरामपुर-निशा नेताम (भाजपा) निर्विरोध
बालोद- सोना देवी (कांग्रेस)

■ शेष पृष्ठ 8 पर

पिछली दफा नमो को चुभे थे, अब नीतीश को अशांत करेंगे प्रशांत

- कूटनीति के खिलाड़ी पीके सिद्ध योग में 18 को खोलेंगे अपने पत्ते
- भाजपा-जदयू से तकरार, राजद-कांग्रेस के लिए कर चुके हैं इनकार
- एफबी पेज पर अचानक बढ़ाई गतिविधि, 2.8 लाख लाइक्स बटोरे

शिशिर सिन्हा/नवप्रदेश

पटना (ए.)। केंद्र में 'अबकी बार मोदी सरकार' और राज्य में 'बिहार में बहार हो नीतीश कुमार' के नारों से लोगों को इनके पक्ष में मतदान की प्रेरणा मिलने का कोई हिसाब-किताब नहीं है, लेकिन इन नारों के कारण प्रशांत किशोर कूटनीतिज्ञ के रूप में जरूर स्थापित हो गए। अब इसी शोहरत का फायदा प्रशांत किशोर इन दोनों को समेटने में उठाएंगे। 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी-अमित शाह के विजय रथ को नीतीश के हाथों रोकने में कामयाब माने गए प्रशांत किशोर, यानी पीके 2020 के चुनाव में नीतीश को अशांत करने की तैयारी में हैं। अभी चुप्पी साधे हैं। योजना नहीं बता रहे। बात नहीं कर रहे। हां, पत्ते खोलने के लिए सिद्ध योग के दिन रविवार 18 फरवरी की तारीख जरूर बता दी है। यह तारीख अगले कुछ दिन तक बिहार के राजनीतिक गलियारे में गूंजती रहेगी।

छात्र संघ चुनाव में इतिहास रचा तो युवाओं को जोड़ने निकले

पीके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) होकर आ चुके हैं। भाजपा के गुडबुक से निकले थे तो जदयू से निकाले गए। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के लिए कुछ करने से मना कर चुके हैं। यानी, चार रास्ते तो बंद हैं। पिछले दिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए कूटनीतिक सलाहकार की भूमिका निभाकर आए हैं, इसलिए इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बिहार में आप को जिंदा करने का जिम्मा लेकर सामने आएं। वैसे, पीके की महत्वाकांक्षा को देखकर इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि वह अपनी अलग राह ही बनाने के लिए निकल पड़ें। जदयू में रहते हुए युवाओं की विंग को खुद संभाल रहे थे। वर्षों बाद हुए पटना विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में जदयू को पहली बार जीत का सेहरा पीके के सिर ही सजा था। इसलिए, अगर वह युवाओं को लेकर खुद राजनीति की नई राह दिखाने निकलें तो बहुत आश्चर्य नहीं होगा। जिस प्रदेश में अबतक जाति-जमात की राजनीति सिर चढ़कर बोलती रही है, वहां पीके का यह प्रयोग सामने आया तो अनूठा मगर साहसिक होगा।

नीतीश की सहमति पर संभाली थी युवाओं की कमान

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में बड़े भाई की भूमिका निभा रहे जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तक रह चुके प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार की सहमति पर ही युवाओं की कमान संभाली थी। उस दौरान युवाओं को राजनीति में लाने के लिए प्रेरित करने का कैंप भी चलाया था। ऐसे ही एक कैंप के दौरान खुद को किंगमेकर कहकर पीके फंस गए थे। जदयू के ज्यादातर नेताओं ने इस मौके को भुनाते हुए पीके के खिलाफ जमकर हमला बोला, जिसके बाद उनका ग्राफ गिरता ही गया। बाहरी तौर पर नीतीश ने कुछ नहीं कहा ताकि पीके आगे बढ़ें। यही हुआ भी। पीके भाजपा से सीटें लेने तक ही नीतीश के लिए ठीक रहे, बाकी समय खराब और अंततः बड़बोलेपन में बाहर भी हो गए।

आप के लिए या अपने लिए, पर आगे करेंगे युवा चेहरे

हालांकि जदयू में अपने राजनीतिक कार्यकाल में युवाओं से करीब आए पीके ने नई राजनीति के बीज बो दिए थे। अब पीके उस बीज के अंकुर देख रहे हैं। फेसबुक पर उनके पेज 'यूथ इन पॉलिटिक्स' को अब तक करीब 2.8 लाख लाइक्स मिल चुके हैं। पेज के सूत्रवाक्य 'क्या आप राजनीति में आना चाहते हैं' के जरिए पीके बिहार के युवाओं की नब्ज पर हाथ रख रहे हैं। 18 फरवरी की तारीख के मद्देनजर इस पेज को युद्धस्तर पर प्रोमोट किया जा रहा है। यानी, कहीं न कहीं पीके युवाओं को लेकर कुछ करने तो जा ही रहे हैं। अब वह च्आपज् के लिए यह सब कर रहे हैं या सिद्ध योग में अपने लिए कुछ बड़ी तैयारी कर रहे हैं, इसका जवाब रविवार को ही सामने आएगा।

दिल्ली : द पार्क होटल में आग लगी, 15 लोगों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

नई दिल्ली(ए.)। राजधानी दिल्ली के 'द पार्क होटल' में आग लगने की खबर है। होटल में आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के काम में जुटी हैं। नई दिल्ली जिले के एडिशनल डीसीपी दीपक यादव बताया कि आज सुबह करीब 9 बजे द पार्क होटल में आग लग गई। हमें इसके बारे में होटल से कोई जानकारी नहीं मिली। राजिंदर नगर थाने से सुबह करीब 11:45 बजे हमें पहली जानकारी मिली। लगभग 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 12 लोगों को अब छुट्टी दे दी गई है।

कवि कुमार विश्वास की कार चोरी, घर के बाहर से एसयूवी उड़ा ले गए चोर

ट्रांस हिंडन(ए.)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले के वसुंधरा से प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास के घर के बाहर खड़ी कार रात डेढ़ बजे चोर उड़ा ले गए। कार चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कुमार विश्वास अपने परिवार के साथ वसुंधरा सेक्टर तीन में रहते हैं। शनिवार रात काले रंग की एक कार में सवार होकर आए कुछ बदमाश सेक्टर तीन स्थित कुमार विश्वास के घर के बाहर खड़ी उनकी एसयूवी कार चोरी कर ले गए। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में काली कार में आए चोर एसयूवी कार चोरी करके ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ इंदिरापुरम अंशु जैन का कहना है कि कुमार विश्वास के मैनेजर वरदान शर्मा की तरफसे शिकायत दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शादी के बाद आशीर्वाद लेने गांव देवता मंदिर पहुंची दलित दंपति, ग्रामीणों ने लगाया ताला

बदायूं(ए.)। शादी के गीतों के साथ झूमते हुए एक परिवार के दूल्हा-दुल्हन को लेकर गांव के ग्राम देवता मंदिर पर पहुंचे, लेकिन अनुसूचित जाति के होने की वजह से गांव के लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना से पहले ताला डाल दिया। काफी मान-मनौव्वल के बाद भी मंदिर का ताला नहीं खोला गया, तब सूचना पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव भगवती पुर निवासी ओमप्रकाश के बेटे सोनू की शादी मूसाझाग के गांव मौसमपुर निवासी अनामिका के साथ हुई थी। शादी की रस्मों के बाद दुल्हन जब गांव पहुंची, तब घर की महिलाएं ढोलक की थाप के बीच नव-दंपति को ग्राम देवता के मंदिर पर पूजा अर्चना कराने को ले गए।

जन्म के अगले दिन ही धारदार हथियार से बच्ची को किया लहुलूहान, जिंदगी की जंग हार गई मासूम

इंदौर(ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। दिल दहला देने वाली वारदात में अज्ञात आरोपी के धारदार हथियार के कई वारों की शिकार तीन दिन की बच्ची ने इंदौर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) के बाल शल्य चिकित्सा विभाग के प्रमुख ब्रजेश लाहोटी ने शुक्रवार को बताया, 'नवजात बच्ची की गर्दन, सीने और पेट पर किसी धारदार चीज से कई वार किये गए थे। हमने अस्पताल में उसकी सर्जरी भी की थी। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद हम उसकी जान नहीं बचा सके।' लाहोटी ने बताया कि बुरी तरह घायल बच्ची ने एमवाईएच की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज के दौरान बृहस्पतिवार देर रात दम तोड़ दिया।

भड़काऊ बयानबाजी पर सख्त हुई बीजेपी

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को तलब कर दी सख्त चेतावनी

- अमित शाह के बयान के बाद अब बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने भड़काऊ बयानबाजी के खिलाफ सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। नड्डा ने अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री तथा बिहार के बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को तलब किया है।

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद भारतीय जनता पार्टी भड़काऊ बयानबाजी को लेकर सख्त हो गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'देवबंद को आतंक की गंगोत्री' बताने वाले पार्टी के फायर ब्रैंड नेता गिरिराज सिंह को शनिवार को तलब किया और सख्त चेतावनी दी। नड्डा ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि 'देश के गद्दारों को' और 'भारत-पाक मैच' जैसे बयानों से पार्टी को दिल्ली चुनाव में पार्टी को नुकसान हुआ।

अमित शाह के इस बयान के बाद अब बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने भड़काऊ बयानबाजी के खिलाफ सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। नड्डा ने अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री तथा बिहार के बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को तलब किया है। नड्डा ने सिंह से करीब 15 मिनट तक चली मुलाकात के दौरान उन्हें सख्त चेतावनी दी और कहा कि विवादित बयानों से दूर रहें। नड्डा से मुलाकात के बाद गिरिराज सिंह ने मीडिया से बातचीत में कुछ नहीं कहा।

पश्चिम बंगाल और बिहार चुनाव पर नजर

बीजेपी की नजर अब इस साल बिहार और अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। दरअसल बिहार में जेडीयू नेता नीतीश कुमार को बड़ी संख्या में मुसलमान भी वोट करते हैं। बीजेपी को डर सता रहा है कि भड़काऊ बयानों से मुसलमान नाराज हो जाएंगे और बिहार में उसे इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। मुसलमानों के अलावा समाज में कई ऐसे लोग हैं जो इस तरह के बयानों को पसंद नहीं करते हैं और इसका उदाहरण दिल्ली चुनाव में देखना पड़ा जहां बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा।

देवबंद पर क्या बोले थे गिरिराज सिंह

गिरिराज ने बुधवार को कहा था, 'देखिए कितने लोग देवबंद से आतंकी गतिविधियों में शामिल हुए हैं। दुर्भाग्य है इस देश का जो राष्ट्र के लिए काम करना चाहिए, वे राष्ट्र विरोधी..मैंने सही कहा कि देवबंद गंगोत्री है आतंकवाद का।' उन्होंने आगे कहा, 'जब सोनिया (गांधी) जी बाटला हाउस में गई थीं एनकाउंटर में आंसू बहाने तो भी भीड़ थी उन गलियों में। दिग्विजय सिंह आजमगढ़ गए थे तो भी भीड़ थी, जितने देश में शाहीन बाग हो रहे हैं, वे एक तरह से खिलाफ्त आंदोलन हो रहा है, देश को तोड़ने की साजिश हो रही है।'

अमित शाह ने जताई थी नाराजगी

बीजेपी अध्यक्ष ने सिंह के खिलाफयह कार्रवाई ऐसे समय पर की है जब बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने गुरुवार को स्वीकार किया था कि बीजेपी नेताओं के विवादित बयानों से दिल्ली चुनाव में पार्टी को नुकसान हुआ। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजों को सीएए और एनआरसी पर जनादेश नहीं माना जा सकता। टाइम्स नाउ समिट में शाह ने कहा कि बीजेपी के नेताओं को 'देश के गद्दारों को' और 'भारत-पाक मैच' जैसे बयान नहीं देने चाहिए थे। चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी नेता व वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने 'देश के गद्दारों...' बयान देकर विवाद पैदा कर दिया था। शाह ने 'टाइम्स नाउ समिट' में इससे जुड़े सवाल पर कहा, 'देश के गद्दारों...' जैसा बयान नहीं दिया जाना चाहिए था। पार्टी ऐसे बयानों से संभवतः नुकसान पहुंचा है।' दिल्ली में हार पर अमित शाह ने माना कि उनके अनुमान लगाने में चूक हुई। उनका कहना था कि अनुमान में गलती किसी से भी हो सकती है।

बीजेपी के ऐक्शन के राजनीतिक मायने

माना जा रहा है कि बिहार और पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भड़काऊ बयानबाजी के खिलाफ बीजेपी अध्यक्ष ने गिरिराज के खिलाफ कार्रवाई करके पार्टी के अंदर और बाहर एक सख्त संदेश देने की कोशिश की है। नड्डा ने यह साफकर दिया कि पार्टी अब किसी भी तरह के भड़काऊ बयानबाजी को माफ नहीं करेगी और अनुराग ठाकुर, अनंत हेगड़े जैसे पार्टी नेताओं को भविष्य में इस तरह की बयानबाजी से बचना होगा।

ओडिशा सरकार ने बजट में कागज का प्रयोग न कर 700 पेड़ बचाए

नई दिल्ली(ए.)। ओडिशा सरकार ने विधानसभा में एक ऐसी पहल की है, जिससे एक तरह से करीब 700 पेड़ों को कटने से बचा लिया गया है। ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 में बजट कार्य के लिए कागज का इस्तेमाल नहीं करके राज्य सरकार ने करीब 700 विशाल पेड़ों को बचाया है।

अधिकारियों ने शनिवार को राज्यपाल के हवाले से बताया कि डिजिटल तरीकों ने काफी हद तक 2019-20 के वार्षिक बजट के दौरान दस्तावेजों की छपाई को घटाया है। लाल ने शुक्रवार को बजट सत्र की शुरुआत से पहले विधानसभा में अपने अभिभाषण के दौरान कहा, 'इसने (आंशिक बदलाव) करीब 57 लाख पन्नों के मुद्रण को घटाया जिससे करीब 700 पेड़ों को बचाया गया।'

जादू-टोना के चक्कर में चली गई दो बच्चों की जान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बच्चों पर जादू-टोना किए जाने के चलते दो बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार की रात गजोले थाना क्षेत्र के कदमताली गांव में हुई थी। पुलिस जिला अधीक्षक आलोक रजोरिया ने कहा, 'मृतक लड़कों की उम्र पांच और सात साल थी जबकि तीन और छह साल की दो बहनों को मालदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उमर अब्दुल्ला-महबूबा के बाद अब पूर्व नौकरशाह शाह फैसल पर भी जन सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज

श्रीनगर(ए.)। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने उमर अब्दुल्ला-महबूबा मुफ्ती के बाद अब पूर्व नौकरशाह शाह फैसल के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। प्रशासनिक सेवा छोड़कर राजनीति में आए पूर्व नौकरशाह शाह फैसल पर जन सुरक्षा कानून यानी पीएसए के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दरअसल, आईएस टॉपर रहे शाह फैसल जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से ही नजरबंद हैं और फिलहाल वह श्रीनगर में ही हिरासत में हैं। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के केंद्र के फैसले के बाद से नजरबंद रखे गए पूर्व नौकरशाह शाह फैसल पर अब कठोर प्रावधानों वाले जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

68 लड़कियों के इनरवियर उतरवाने के मामले में गुजरात सरकार सख्त

अहमदाबाद(ए.)। गुजरात के कच्छ जिले के भुज में एक कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल की 60 से ज्यादा छात्राओं को माहवारी यानी पीरियड्स के सबूत के तौर पर उन्हें कपड़े उतारने पर मजबूर किए जाने के मामले को गुजरात सरकार ने गंभीरता से लिया है। 68 छात्राओं को पीरियड्स हैं या नहीं, ये साबित करने के लिए उनसे इनरवियर उतरवाए गए थे। अब इस मामले में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि सरकार ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है और गृह विभाग व शिक्षा विभाग को सख्त कार्रवाई करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। कल इस मामले में एफआईआर भी दर्ज हुई है।

दरअसल, कल ऐसी खबर आई थी कि गर्ल्स हॉस्टल के बाहर सैनिटरी पैड मिलने के बाद 68 लड़कियों के पीरियड्स चेक करने के लिए उनके कपड़े उतरवाए गए। इस मामले को लेकर छात्राओं में रोष है तो वहीं कॉलेज प्रशासन इस मामले को दबाने की कोशिश में लगा हुआ था।

यह मामला भुज के सहजानंद गर्ल्स कॉलेज का है, जहां हॉस्टल के वार्डन ने वॉशरूम में छात्राओं के पीरियड्स की जांच करने के लिए लड़कियों के कपड़े और इनरवियर तक उतरवाकर जांच की। इस मामले में कॉलेज की डीन दर्शना ढोलकिया ने कहा कि यह मामला हॉस्टल का है और इसका यूनिवर्सिटी/कॉलेज से कोई लेना-देना नहीं है। जो कुछ भी हुआ है वह लड़कियों की अनुमति से हुआ है। किसी ने भी इसके लिए लड़कियों को मजबूर नहीं किया। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

मोहभंग | लाउडस्पीकर से हो रही धरने पर आने की अपील

शाहीनबाग में पसरने लगा सन्नाटा, दिन में नहीं जुट रही भीड़

नई दिल्ली(वार्ता)। शाहीनबाग प्रदर्शन को 62 दिन हो चुके हैं। यहां दिन में प्रदर्शनकारियों की संख्या पहले के मुकाबले कम दिखने लगी है। शाहीन बाग में चुनाव के बाद से ही एक तरह से दिन के वक्त सन्नाटा पसरने लगा है। हालांकि, रात में लोगों की संख्या कमोबेश पहले की तरह बनी हुई है। यही वजह है कि गुरुवार को पूरे इलाके में लाउडस्पीकर से लोगों को अधिक संख्या में धरनास्थल पर पहुंचने का ऐलान करवाया गया। बीते कुछ दिनों से लगातार लाउडस्पीकर से धरनास्थल पर लोगों के आने की अपील की जा रही है।

हालांकि, बीते कुछ दो-तीन दिनों से पसरे सन्नाटे के बाद शुक्रवार को इस ऐलान व जुमे का दिन होने का फायदा देखने को भी मिला। प्रदर्शनस्थल पर सुबह जरूर लोगों की संख्या कम थी, लेकिन दोपहर की नामाज के बाद बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनस्थल पर पहुंचे। रात में इनकी संख्या और बढ़ गई। भीड़ कम होने पर प्रदर्शनकारियों का जवाब था कि यह सब केवल अफवाह है। बीते दिनों चुनाव थे और चुनाव के समय से अब अधिकांश लोग रात के वक्त आ रहे हैं। रात में कई कार्यक्रम भी होते हैं।

सरकार से नाराजः केंद्र सरकार की तरफसे कोई प्रतिनिधि मिलने न आने से लोग नाराज हैं। उनका आरोप है कि चुनावों में सभी पार्टियों ने उनके नाम पर राजनीति की है। यही वजह है कि अब कुछ लोग प्रदर्शन से किनारा कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारी रफीकन का कहना है कि कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि भीड़ कम हुई है। हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रधानमंत्री आएं हम सभी से बात करें और हमारी मांगे मानी जाए। वहीं नईमा ने कहा कि भीड़ कम नहीं हुई है। हम कतई पीछे नहीं हटेंगे। जब तक केंद्र सरकार सीएए को वापस नहीं लेती हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारी महिलाओं के मुताबिक उन पर रोड नंबर 13ए बंद करने का आरोप लगाए जा रहे हैं। उनका प्रदर्शन रोड के एक छोटे से हिस्से पर है, जबकि यूपी और दिल्ली पुलिस ने सरिता विहार, महामाया फ्लाईओवर, जैतपुर आसपास की कई सड़कें बेवजह ही बंद कर रखी हैं। अगर वह खुल जाएं तो वाहन चालकों की परेशानी खत्म हो जाएगी।

प्रदर्शनकारी महिलाएं कोर्ट में दायर करेंगी याचिकाः

शाहीनबाग में सीएए, एनआरसी व एनपीआर के विरोध में बैठी महिलाएं अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगी। शीर्ष न्यायालय में 17 फरवरी को इस मसले पर होने वाली सुनवाई में वह पक्षकार बनकर पक्ष रखेंगी। गुरुवार देर रात प्रदर्शनकारियों ने बैठक के बाद यह फैसला लिया है।

IRCTC की तीसरी प्राईवेट ट्रेन 16 फरवरी को लॉन्च होगी

- वाराणसी-इंदौर के बीच दौड़ेगी काशी महाकाल एक्सप्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। लखनऊ-नई दिल्ली तेजस और अहमदाबाद-मुंबई तेजस के बाद अब द्धत्रष्टञ्जष्ट अपनी तीसरी प्राइवेट ट्रेन काशी-महाकाल एक्सप्रेस ट्रैक पर दौड़ाने के लिए तैयार है। द्धत्रष्टञ्जष्ट द्वारा जारी बयान के मुताबिक, सुपरफास्ट एयरकंडीशंड काशी महाकाल एक्सप्रेस 16 फरवरी को लॉन्च होगी। इसकी पहली रात्रिकालीन सेवा वाराणसी-इंदौर रूट पर 20 फरवरी को मिलेगी। काशी महाकाल एक्सप्रेस वाराणसी और इंदौर के बीच उज्जैन, संत हीरदनगर (भोपाल), बिना, झांसी, कानपुर, लखनऊ/प्रयागराज और सुल्तानपुर से होते हुए सप्ताह में तीन दिन चलेगी।

आईआरसीटीसी काशी-महाकाल एक्सप्रेस के रूट पर धार्मिक स्थलों को कवर करने वाले टूर पैकेजे की पेशकश भी करेगी।

छत्तीसगढ़ में सोशल-इकोनॉमी इंडेक्स के अध्ययन से तैयार होंगी नई नीतियां : बघेल

■ बोस्टन में मुख्यमंत्री से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी और सोलन स्कूल ऑफ मेनेजमेंट के प्रोफेसर स्कॉट स्टर्न और सोशल प्रोग्रेस इम्पेरेटिव के सीईओ माइकल ग्रीन से चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 फरवरी को अपने अमेरिका प्रवास के दौरान बोस्टन में रहें जहां उनकी मुलाकात मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी और सोलन स्कूल ऑफ मेनेजमेंट के प्रोफेसर स्कॉट स्टर्न और सोशल प्रोग्रेस इम्पेरेटिव के सीईओ माइकल ग्रीन से हुई। इस मुलाकात में छत्तीसगढ़ राज्य के इकोनॉमिक एवं सोशल इंडेक्स, सोशल इकानॉमी सर्वे और सोशल ऑडिट सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। यह चर्चा इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण रही कि इसके पहले इस विषय पर इतने बड़े स्तर में सोशल इकोनॉमिक इंडेक्स के अध्ययन पर काम नही किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि इनके अध्ययन से राज्य सरकार को नई नीति तैयार करने में मदद मिलेगी।

प्रोफेसर स्कॉट स्टर्न ने इस अवसर पर एक प्रस्तुतीकरण भी दिया। जिसमें उपरोक्त आर्थिक-सामाजिक इंडेक्स के सर्वे के माध्यम राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के आर्थिक विकास पर अध्ययन कर उनके विकास के लिए नए प्रोग्राम और नीति आदि तैयार करने में मदद मिलेगी ताकि ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो सके और लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। इसके माध्यम से प्रमुख रूप से रोजगार उपलब्ध कराना एवं एक वैज्ञानिक अध्ययन के माध्यम से आर्थिक सुधार पर कार्य करने के लिए यह अच्छे उपाए साबित होंगे। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे सुपोषण अभियान, हॉट-बाजारों और शहरी स्लम इलाकों में चलित अस्पताल तथा बस्तर क्षेत्र में पिछले 15 सालों से बंद पड़े लगभग 300 स्कूलों को फिर से प्रारंभ करने और महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में दिए जा रहे विशेष ध्यान को बड़ा कदम बताया। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख सोशल इंडेक्स के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव आर.पी.मण्डल, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, सीएसआईडीसी के एमडी अरूण प्रसाद सहित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत आईएएस अधिकारी सुश्री एम.गीता भी उपस्थित रहीं।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों को दी बधाई और शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिला पंचायत चुनाव में आज निर्वाचित हुए जिला पंचायत के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि जिला पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने-अपने जिले की सर्वांगीण विकास के लिए वहां के निवासियों से बेहतर समन्वय के साथ काम करेंगे। जनता की भागीदारी के साथ उनकी जरूरतों के मुताबिक विकास का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ यहां की संस्कृति और परम्परा आधारित योजना बनाई गई हैं। नरवा, गरूवा, घुरवा और बारी योजना ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण जरिया बन रही है। राज्य सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में पंचायत प्रतिनिधियों की अहम् भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने आशा जताई है कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे।

आत्मविश्वास-एकाग्रता से अपना सर्वश्रेष्ठ दें, सफलता अवश्य मिलेगी : सीएम

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीबीएसई के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले प्रदेश के बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ दें, सफलता अवश्य मिलेगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्वीटर एकाउंट पर एक पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीटर पोस्ट में लिखा-आज से सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। बच्चों ने वर्ष भर खूब मेहनत से पढ़ाई की है, अब उनकी परीक्षा का समय आया है। सभी बच्चों को मेरी ढेर सारी शुभकामनाएं। पूरे आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ दें, सफलता अवश्य मिलेगी।

कलिंगा विश्वविद्यालय में फर्स्ट इंटर कॉलेज टुर्नामेंट, 'स्पोर्ट्स फेस्ट 2020' का आयोजित

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय में पहली बार इंटर कॉलेज टुर्नामेंट, ''स्पोर्ट्स फेस्ट 2020'' का आयोजन

17 और 18 फरवरी, 2020 को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारतवर्ष के सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की टीम हिस्सा ले सकती है। इस स्पोर्टस फेस्ट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को पंजीयन कराना होगा। विदित हो कि कलिंगा विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसी लिए उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ्य बनाने के लिए खेल पर प्रोत्साहन देती रहती है। इसी तारतम्य में पहली बार अंर्तमहाविद्यालीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश-विदेश के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। स्पोर्टस फेस्ट में कबड्डी, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, पूल, टग ऑफवार, फूटबॉल, वालीबॉल और क्रिकेट जैसी विधा पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

इस फेस्टिवल के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय में जोर-शोर से तैयारियॉं की जा रही है। साथ ही साथ विद्यार्थियों में भी इसके प्रति बेहद उत्साह है।

ढाई लाख बयाना लेकर दूसरे को मकान बेच दिया

रायपुर। राजधानी में मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने का एक और मामला सामने आया है। कोतवाली थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ममता जैन पति ललित (46) निवासी टैगोर नगर निवासी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसने आरोपी श्रीमती सेफाली शुक्ला, श्रीमती सोनल शुक्ला एवं अन्य निवासी राजीव नगर से राजेन्द्रनगर वार्ड क्र.46 रायपुर स्थित उनके मकान का सौदा 23 लाख रूपये में किया था। इसके लिए उसने आरोपियों को बयाना के रूप में 02 लाख 49 हजार रूपये देकर इकरानामा भी किया था। इसके बावजूद आरोपियों ने उक्त मकान को दुसरे के पास बेचकर उसके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने उक्त शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

प्रोफेशनल लूटेरों ने दो दिन तक किया रेकी और लूटा 50 लाख

पुलिस भी मुस्तैद, 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में एक बड़ी रकम लूटने के लिए लूटेरों ने दो दिनों तक रेकी किया, फिर 50 लाख रुपए लूट भी लिया। पुलिस भी मामले को लेकर सतर्कता बरती और मात्र 24 घंटे के अंदर 5 आरोपी सहित 49 लाख 10 हजार रुपए उनके कब्जे में। सभी आरोपियों को चलती ट्रेन में पुलिस उस वक्त पकड़ी जब वे बैठने के लिए बोगी-बोगी घुम रहे थे।

आपको बताते चले कि, 12 फरवरी को राजधानी के प्लाईवुड कारोबारी से 50 लाख की लूटा गया था, जो देवेन्द्र नगर थाना इलाके के क्षितिज अपार्टमेंट से लूटी गई थी। जिसके बाद पुलिस विभाग की ओर से 1 लाख 40 हजार रुपए का नगद ईनाम की घोषणा किया गया था। शनिवार को इस मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी रायपुर आरिफ शेख ने कहा, इंटरस्टेट ऑपरेशन चलाते हुए ट्रेन में ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लूट की अधिकांश रकम बरामद भी कर ली गई है। एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार सभी आरोपी प्रोफेशनल हैं और हत्या के मामले में जेल भी जा चुके हैं।

चलती ट्रेन में किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार, शुरुआती जानकारी के आधार पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। आरोपियों के संबंध में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली जिसके बाद टीम को राजस्थान रवाना किया गया। टीम को जानकारी मिली कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद गीतांजलि

एक्सप्रेस से नागपुर पहुंचे। नागपुर में निजामुद्दीन एक्सप्रेस से दिल्ली की ओर रवाना हुए हैं। इस दौरान दिल्ली में कैंप कर रही टीम को ट्रेन में ही आरोपियों को गिरफ्तार करने कहा गया। टीम निजामुद्दीन स्टेशन से 30 किमी पहले ट्रेन में सवार हो गई। सभी बोगियों को चेक करते हुए आगे बढ़ ही रहे थे कि रायपुर पुलिस की टीम ने आरोपियों को धरदबोचा। एसएसपी ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि वे सभी मूलतः बिकानेर राजस्थान के निवासी हैं। बबलू शर्मा के पूर्व कर्मचारी मालाराम ने आरोपियों को बताया था कि इस फ्लैट में कैश का लेनदेन होता है। इसके बाद सभी अपने अपने साधनों से 11 फरवरी को रायपुर पहुंचे और मालाराम के बताए फ्लैट में रुक गए। दो दिनों तक रेकी करने के बाद घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने भागने के दौरान रेलवे स्टेशन गुरुद्वारे के पास नाले में कट्टे को फेंक दिया था। पुलिस ने हथियार बरामद कर लिया है। एसएसपी आरिफ शेख ने कहा कि आरोपी अशोक जाखड़, जयकिशन गोदारा, गणेश जाट और भवर चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी बिकानेर राजस्थान के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से लूट की रकम 49 लाख 10 हजार रुपए बरामद कर लिए गए हैं।

इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही

पुलिस अधीक्षक, उरला अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन नसर सिद्दकी, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री कल्पना वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक लोकेश देवांगन, निरीक्षक रमाकांत साहू, सोनल ग्वाला, उप निरीक्षक सिराज खान, होमचंद नागरची, सउनि किशोर सेठ, प्रधान आरक्षक संदीप दीक्षित, राधाकांत पाण्डेय, सरफराज चिस्ती, महेन्द्र राजपूत, जमील खान, `मराज बारिक, इरफान खान, मो. कय्यूम, अजय सिंह, जयनारायण यादव आरक्षक, राजिक खान, विजय पटेल, टुकेश निषाद, विरेन्द्र भार्गव, प्रमोद बेहरा, रवि तिवारी, अनिल पाण्डेय, संजय मरकाम, चंद्र कुमार ध्रुव, चिंतामणि साहू, कमल धनगर, उपेन्द्र यादव, सुरेश देशमुख, जसवंत सोनी, मो. सुल्तान, आशिष राजपूत, आशिष त्रिवेदी व बबीता देवांगन शामिल रहे।

भाजपाई पहले यह बताएं कि वे गोडसे को बुरा मानते हैं या मोदी को : शैलेष

■ भाजपा के बयान पर कांग्रेस ने किया पलटवार

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया के बयान पर आपत्ति जताने वाले भाजपा नेताओं से कांग्रेस संचार विभागाध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपाई पहले यह बताएं कि वे गोडसे को बुरा मानते हैं या मोदी जी को बुरा मानते हैं?

आज कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा के सांसद साध्वी प्रज्ञा और साक्षी महाराज जैसे नेता गोडसे को देशभक्ते कहते हैं फिर भाजपा नेताओं को पुनिया जी द्वारा गोडसे और मोदी के संबंध में दृष्टांत देने पर किस बात पर और आपत्ति क्यों हैं? भाजपा नेताओं ने इस टिप्पणी को अभद्र मान मानते हुए विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है जो कि उनका अधिकार है। इस विरोध प्रदर्शन में जो बड़ी बात उभर कर सामने आ रही है कि गोडसे का मंदिर बनाने वाले गोडसे जिंदाबाद कहने वालों ने गोडसे को देशभक्त कहने वालों की पार्टी ने अंततः गोडसे कहे जाने को अभद्र मानकर वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है। भाजपा पहले गोडसे मुर्दाबाद का नारा तो लगाए। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के मामले में एक पत्रकारवार्ता के दौरान एआईससीी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ने तो मोदी और गोडसे को लेकर केवल एक दृष्टांत दिया था। भाजपा यह तो बताए कि बुरा क्या लगा?

जयवीर शेरगिल को धमकी दिए जाने की कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

रायपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने 2018 के विधानसभा चुनावों में हमारे साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा को उखाड़ फेंकने में अहम भूमिका निभाई थी। जयवीर शेरगिल को इमेल भेजकर हत्या और परिवारजनों के साथ दुष्कर्म जैसी ओछी निम्नस्तरीय धमकी की कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि करंट लगाने और गोली मारने की विचारधारा के लोगों ने अब हत्या और दुष्कर्म की धमकियां देना शुरू कर दिया है। जयवीर शेरगिल ने पुलवामा के शहीदों के परिवारजनों के साथ न्याय की बात उठाई है। 14 फरवरी 2020 शुक्रवार को एआईसीसी के मुख्यालय में पत्रकारवार्ता कर पुलवामा मामले में मोदी सरकार को दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए सवाल खड़े किए जो धमकी देने वालों को नागवार गुजरा है।

कार्रवाई का 5वां दिन यातायात पुलिस के अभियान को आम नागरिकों के साथ ही साथ मीडिया ने भी सराहा

दिखा असर, 80 प्रतिशत से अधिक वाहन चालक पहनने लगे हेलमेट

■ विशेष अभियान के चौथे दिन भी 1850 से अधिक उल्लंघन कर्ता वाहन चालकों पर की चालानी कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। यातायात रायपुर दिनांक 14 फरवरी 2020 यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं उल्लंघन कर्ता वाहन चालकों पर अधिक से अधिक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर के 10 प्रमुख चौक :- रेलवे स्टेशन चौक, फाफाडीह चौक, देवेंद्र नगर चौक, मरहीमाता चौक, शास्त्री चौक, खजाना चौक, भगत सिंह चौक, अनुपम नगर चौक, महासमुंद बैरियर एवं वीआईपी टर्निंग पर लगातार दूसरे दिन प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक विशेष अभियान कार्यवाही जारी है। इस अभियान कार्यवाही के तहत रेड सिग्नल होने पर वाहन चालक को स्टॉप लाइन का पालन कराना, रॉन्ग साइड चलने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर-गलत नंबर पर कार्यवाही, बिना कागजात के ऑटो संचालन ,इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग पर सवारी बैठाने पर कार्यवाही, चौक के चारों ओर व्यवस्थित पार्किंग कराना एवं चौक पर लेफ्ट टर्न फ्री कराना, नो पार्किंग पर वाहन खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर क्रेन कार्यवाही की जा रही है।

यह विशेष अभियान कार्यवाही पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर आरिफ एच. शेख के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर एमआर मंडावी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है जिसमें उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद सिंह विंध्यराज, कामता सिंह दीवान, सतीश कुमार ठाकुर 07 निरीक्षक, 01 उपनिरीक्षक, 09 सहायक उप निरीक्षक एवं 80 प्रधान आरक्षक /आरक्षक स्तर के अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं ! यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान कार्यवाही का असर चौथे दिन भी देखने को मिला ! जिसके तहत लगभग 80त्न दोपहिया वाहन चालकों के सिर में हेलमेट दिखने लगा है साथ ही चौक चौराहों पर रेड सिग्नल होने पर वाहन चालक स्टॉपलाइट का पालन करने लगे हैं। यातायात पुलिस के इस विशेष अभियान को आम नागरिकों द्वारा बहुत ही प्रसंशा की जा रही है पुलिस कार्यवाही वाहन चालक नियमों का पालन कर रहे हैं एवं। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था दिख रही है यह कार्यवाही लगातार किए जाने हेतु अपने सुझाव दे रहे हैं। प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा भी यातायात पुलिस कार्यवाही की सराहना करते हुए शहर में सुगम यातायात व्यवस्था सुचारू संचालन। हेतु कार्यवाही लगातार जारी रखने का आग्रह किया जा रहा है !

इस विशेष अभियान कार्यवाही के तहत आज दिनांक 14 फरवरी को संध्या 6:00 बजे तक1850 से अधिक वाहन चालकों पर मोटर यान अधिनियम के तहत चलानी कार्यवाही किया गया एवं रात्रि 8:00 बजे तक कार्यवाही जारी रहेगी यातायात पुलिस रायपुर द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी जब तक चौक पर यातायात व्यवस्था सुगम सुरक्षित नही हो जाती एवं वाहन चालकों द्वारा स्वयं से यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाएगा !

यातायात पुलिस की अपील

वाहन चालकों से यातायात पुलिस अपील करती है कि वे राजधानी की यातायात व्यवस्थाको सुगम सुरक्षित बनाने में यातायात पुलिस का सहयोग करें यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित चले एवं दूसरों को भी सुरक्षित चलने दे।

देश भर में सबसे ज्यादा मध्य भारत में हैं शिव भक्त

हर हर महादेव

महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिल नाडू, मध्य प्रदेश और तेलन्गाना में होते है बड़े आयोजन

कश्मीर शैव में महाशिवरात्रि बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है। शिवरात्रि त्यौहार भगवान शिव और पारवती के विवाह सालगिराह पर मनाया जाता है। शिवरात्रि के 3-4 दिन पहले से ही यह महोत्सव शुरू हो जाता है और शिवरात्रि के दो दिन बाद भी चलता है।

महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक धार्मिक त्योहार है, जिसे हिंदू धर्म के प्रमुख देवता महादेव अर्थात शिव जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त एवं शिव में श्रद्धा रखने वाले लोग व्रत-उपवास रखते हैं और विशेष रूप से भगवान शिव की आराधना करते हैं। महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव से जुड़ी कुछ मान्यताएं प्रचलित हैं। ऐसा माना जाता है कि इस विशेष दिन ही ब्रम्हा के रूद्र रूप में मध्यरात्रि को भगवान शंकर का अवतरण हुआ था। वहीं यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने तांडव कर अपना तीसरा नेत्र खोला था और ब्रम्हांड को इस नेत्र की ज्वाला से समाप्त किया था। इसके अलावा कई स्थानों पर इस दिन को भगवान शिव के विवाह से भी जोड़ा जाता है और यह माना जाता है कि इसी पावन दिन भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था। वैसे तो प्रत्येक माह में एक शिवरात्रि होती है, परंतु फाल्गुन माह की कृष्ण चतुर्दशी को आने वाली इस शिवरात्रि का अत्यंत महत्व है, इसलिए इसे महाशिवरात्रि कहा जाता है। वास्तव में महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की आराधना का ही पर्व है, जब धर्मप्रेमी लोग महादेव का विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस दिन शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, जो शिव के दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्यशाली मानती है। महाशिवरात्रि के दिन शिव जी का विभिन्न पवित्र वस्तुओं से पूजन एवं अभिषेक किया जाता है और बिल्वपत्र, धतूरा, अबीर, गुलाल, बेर, उम्बी आदि अर्पित किया जाता है। भगवान शिव को भांग बेहद प्रिय है अतः कई लोग उन्हें भांग भी चढ़ाते हैं। दिनभर उपवास रखकर पूजन करने के बाद शाम के समय फलाहार किया जाता है। शिवरात्रि का त्यौहार शिव और शक्ति का अभिसरण है। दक्षिण भारतीय कैलेंडर के अनुसार माघ महीने के कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी तिथि में महाशिवरात्रि मनाया जाता है। भारत में महाशिवरात्रि रात के समय मनाया जाता है। इस दिन शिवजी के मंदिरों को बहुत ही सुन्दर तरीके से सजाया जाता है। बड़े शहरों में मंदिरों के रास्तो और मंदिरों को सुन्दर रंगीन लाइट से साजते हैं जो रात के समय बहुत जगमगाते हुए सुन्दर नज़र आता है या प्रभा की तैयारी की जाती है। मंडी का शिवरात्रि मेला महाशिवरात्रि के उत्सव के लिए सबसे मशहूर स्थान है। मंडी के इस शिवरात्रि मेले में दूर-दूर से शिव भक्त आते हैं। यह माना जाता है कि 200 से भी ज्यादा देवी और देवता महाशिवरात्रि पर वहां होते हैं। यह टाउन व्यास नदी के किनारे स्तिथ है। यह हिमाचल प्रदेश का सबसे पुराना नगर है जहाँ 81 से ज्यादा अलग-अलग देवी देवताओं के मंदिर हैं।

भगवान शिव जो शून्य से परे हैं

सद्गुरुअस्तित्व को समझने के लिए विज्ञान पूरे जोर-शोर से कोशिशें करता रहा है। लेकिन हमारे देखने, सुनने स्पर्श करने की शक्तियां और यहां तक मन भी सिर्फभौतिक चीज़ों को ही समझ सकते हैं। हमारे द्वारा बनाया गया कोई भी उपकरण भी सिर्फभौतिक चीज़ों को समझ सकता है। तो फिर वह जो भौतिक से परे है, उसकी प्रकृति क्या है

अगर आप भौतिकता से थोड़ा आगे जाएं, तो सब कुछ शून्य हो जाता है। शून्य का अर्थ है पूर्ण खालीपन, एक ऐसी स्थिति जहां भौतिक कुछ भी नहीं है। जहां भौतिक कुछ है ही नहीं, वहां आपकी ज्ञानेंद्रियां भी बेकाम की हो जाती हैं। अगर आप शून्य से परे जाएं, तो आपको जो मिलेगा, उसे हम शिव के रूप में जानते हैं। शिव का अर्थ है, जो नहीं है। जो नहीं है, उस तक अगर पहुंच पाएंगे, तो आप देखेंगे कि इसकी प्रकृति भौतिक नहीं है। इसका मतलब है इसका अस्तित्व नहीं है, पर यह धुंधला है, अपारदर्शी है। ऐसा कैसे हो सकता है यह आपके तार्किक दिमाग के दायरे में नहीं है। आधुनिक विज्ञान मानता है कि इस पूरी रचना को इंसान के तर्कों पर खरा उतरना होगा, लेकिन जीवन को देखने का यह बेहद सीमित तरीका है। संपूर्ण सृष्टि मानव बुद्धि के तर्कों पर कभी खरी नहीं उतरेगी। आपका दिमाग इस सृष्टि में फिट हो सकता है, यह सृष्टि आपके दिमाग में कभी फिट नहीं हो सकती। तर्क इस अस्तित्व के केवल उन पहलुओं का विश्लेषण कर सकते हैं, जो भौतिक हैं। एक बार अगर आपने भौतिक पहलुओं को पार कर लिया, तो आपके तर्क पूरी तरह से उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर होंगे। योगिक विद्या में विज्ञान को कहानियों के रूप में प्रकट किया गया है। लेकिन हमें हमेशा यह बताया गया है कि हमें किसी विद्या पर तब तक यकीन नहीं करना चाहिए, जब तक हम खुद उसका अनुभव न कर लें। एक बार जब मैंने कुछ प्रमुख वैज्ञानिकों को अपने आंतरिक अनुभव के आधार पर इस अस्तित्व की प्रकृति के बारे में बताया, तो उन्होंने कहा - सद्गुरु, आप जो कह रहे हैं, अगर आप उसकी गणितीय व्याख्या कर दें, तो आपके इस विचार को नोबेल पुरस्कार तक दिया जा सकता है। मैं इसके लिए कोई गणितीय समीकरण नहीं लिखना चाहता, लेकिन मेरे लिए यह सत्य है और मैं जो भी हूं, इसने मुझे पूरी तरह से रूपांतरित करके रख दिया है।

अगर आप गहराई से देखें तो आप पाएंगे कि इस ब्रह्मांड की हर चीज के बारे में अनुमान के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया है। यहां तक कि विज्ञान भी अनुमान के आधार पर ही निष्कर्ष निकाल रहा है। भौतिक से परे होने के कारण शून्य तत्व को सीधे तौर पर दर्शाया नहीं जा सकता। यही कारण है कि योगिक विज्ञान ने हमेशा कहानियों के माध्यम से इसकी ओर इंगित किया है।

ध्यान और ज्ञान का प्रतीक भोले

भगवान शिव को देवों के देव का कहा जाता है. महादेव का एक रूप ताडंव करते नटराज का है तो दूसरा रूप महान महायोगी का है. ये दोनों ही रूप रहस्यों से भरे हैं, लेकिन शिव को भोलेनाथ भी कहा जाता है. जहां एक साथ इतने सारे रंग हो फिर क्यों न अपनी जिंदगी में इन रंगों से प्रेरणा लें.

बुराई को खत्म करना:

ब्रह्मा उत्पत्ति के लिए और विष्णु रचना के लिए और शिव को विनाश के लिए जाना जाता है. शिव का यह रूप आपको डराने वाला लग सकता है लेकिन किसी बुराई का खत्म होना बेहद जरूरी होता है. शिव इसी के लिए जाने जाते हैं.

शांत रहकर खुद पर नियंत्रण रखना :

शिव से बड़ा कोई योगी नहीं हुआ. किसी परिस्थिति से खुद को दूर रखते हुए उस पर पकड़ रखना आसान नहीं होता है. महादेव एक बार ध्यान में बैठ जाएं तो दुनिया इधर से उधर हो जाए लेकिन उनका ध्यान कोई भंग नहीं कर सकता है. शिव का यह ध्यान हमें जीवन की चीजों पर नियंत्रण रखना सिखाती है.

नकारात्मक चीजों को भी सकारात्मक लेना:

समुद्रमंथन से जब विष बाहर आया तो सभी ने कदम पीछे खींच लिए थे क्योंकि विष कोई नहीं पी सकता था. ऐसे में महादेव ने स्वयं विष (हलाहल) पिया और उन्हें नीलकंठ नाम दिया गया. इस घटना से बहुत बड़ा सबक मिलता है कि हम भी जीवन में आने वाली निगेटिव चीजों को अपने अंदर रख लें लेकिन उसका असर न खुद पर हावी होने दें और न ही दूसरों पर.

जीवनसाथी के प्रति सम्मान:

शिव का यह रूप जगजाहिर है. हिंदू मान्यताओं के हिसाब से परफेक्ट पार्टनर महादेव को ही माना जाता है. अगर पार्वती ने उन्हें मनाने के लिए सालों की तपस्या की तो दूसरी ओर शिव ने उन्हें अर्धांगिनी बनाया. तभी तो 33 करोड़ देवताओं में शिव को ही अर्धनारीश्वर कहा जाता है.

हर समय समान भाव रखना :

शिव का संपूर्ण रूप देखकर यह संदेश मिलता है कि हम जिन चीजों को अपने आस-पास देख भी नहीं सकते उसे उन्होंने बड़ी आसानी से अपनाया है. तभी तो उनकी शादी पर भूतों की मंडली पहुंची थी और शरीर में भभूत लगाए भोलेनाथ के गले में सांप लिपटा होता है. बुराई किसी में नहीं बस एक बार आपको उसे अपनाना होता है.

तीसरी आंख का खुलना :

शिव को हमेशा त्रयंबक कहा गया है, क्योंकि उनकी एक तीसरी आंख है. तीसरी आंख का मतलब है कि बोध या अनुभव का एक दूसरा आयाम खुल गया है. दो आंखें सिर्फभौतिक चीजों को देख सकती हैं. जो कि भीतर की ओर देख सकता है. इस बोध से आप जीवन को बिल्कुल अलग ढंग से देख सकते हैं. इसके बाद दुनिया में जितनी चीजों का अनुभव किया जा सकता है, उनका अनुभव हो सकता है. इसलिए बनी बनाई चीजों पर चलने से पहले खुद समझे-सोचें.

अपनी राह चुनना:

शिव की जीवन शैली हो या उनका कोई अवतार. वे हर रूप में बिल्कुल अलग हैं. फिर वो रूप तांडव करते हुए नटराज हो, विष पीने वाले नीलकंठ , अर्धनारीश्वर, सबसे पहले प्रसन्न होने वाले भोलेनाथ का हो. वे हर रूप में जीवन को सही राह देते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जब भी ये हासिल

जब भी ये हासिल टूटता है कोई एक मुकाबिल टूटता है घर जब किसी का डूबता है आस टूटती है दिल टूटता है बोलबाला हो सिफारिशों का जरूरतमंद आक़िल टूटता है चालाकियों ने इंसा वो घेरा नेकी रो रही आदिल टूटता है हुनर चुपचाप दम छोड़ देगा जब जब भी काबिल टूटता है।

- मुनेश शर्मा

बस यही रस्ता बचा था

बस यही रस्ता बचा था आजमाने के लिए दर्द आंखों में जरूरी था जमाने के लिए शौक करने थे मुकम्मल- पास भी कुछ था नहीं सामने दिल रख दिया हमने निशाने के लिए ? मारकर अपनी अना खुद को गिराया अस्ल से चाहिए था कुछ नया ऊँचे घराने के लिए।

- वंदना गोयल

खास पाती | रात मानो कहती हैं कि तू

रात मानो कहती हैं कि तू क्यों इतनी आपाधापी मे लगी रहती है, मैं मानो ढेर गुब्बार, खीझ उतारना चाहती हूँ तो वह मेरी पलकों पर कोई वज़नी चीज़ रख हिप्नोटिज्म अपनाती है, कहती हैं ले तकिया,होठों पर चुप का आदेश दिया करती है, रात स्वप्नों भरी हुई होती है तो कोई चुप से भोर कन्धा हिला कर कहता है आओ मेनका अंतर्मन की सैर पर चलते हैं, अब सब शांत, स्पष्ट, उजला दिखने लगता है और मैं मुस्कराते हुए सब कुछ भूल यात्रा का आंनद लेने के लिए निकल पड़ती हूँ , इसे ही आशावादी होना कहते होंगे, है, न। **- मेनका त्रिपाठी**

जितनी बेअदबी से वो इश्क़ लिखती

जितनी बेअदबी से वो इश्क़ लिखती है उतने ही सलीके से वो उदासी कह देता है। वो पूरब को उसकी गंध कहती तो वो पश्चिम उसकी पीठ को कह देता उत्तर वो उसके हँसते ख़तों को कहती तो दक्षिण वो उसके जाते हुए पैरों को नाम देता वो प्रेम से दिशाएँ तय करते थे। उनके बीच प्रेम बहता नहीं ,प्रार्थनाओं की तरह रुका हुआ था। वे एक दूसरे की अनुगूंज थे पुकारो तो पुकारो तो सही एक बार इश्क़ देखो वो लौटेंगे जरूर।- **कल्पना पण्डेय**

मिलन ज्यों अधरों का अधरों से होगा

मिलन ज्यों अधरों का अधरों से होगा तपिश त्यों बदन में पनपने लगेगी। ना होश में हम ना तुम ही रहोगे जब हमारी जवानी जवां होने लगेगी । हृदय का हृदय से फिर तकरार होगा शरद सांसे त्यों फिर उबलने लगेगी। थोड़े गुमशुदा तुम थोड़े गुमशुदा हम फिर हदें पार करने मोहब्बत लगेगी। **-कृष्णा प्रवीण शुक्ला श्रावस्ती**

ज़ख्म गहरा बहुत अंदर हुआ

ज़ख्म गहरा बहुत अंदर हुआ , निशान तब ज़रा बाहर हुआ। आँसू बहकर भी, सूख गया , दर्द का रिसाव, भीतर हुआ। शहर में हादसात, हैं बहुत , ये इल्ज़ाम किसके सर हुआ। इश्क़ में ख़ामोशी, बेहतर है , अफ़्वाह सबब-ए-कहर हुआ। हम खुद अपनी मर्ज़ी, से चलते है इश्क़ पाने का जो, अवसर हुआ। **-प्रीति श्रीवास्तव**

मेरा प्रेम आत्मा की गहराइयों में डूब

मेरा प्रेम आत्मा की गहराइयों में डूब तुम्हारे कंधे मजबूत करता निरंतर संबल बना रहा पग पग पर और तुम्हारा प्रेम उलझा रहा बस बाह्य रूप राशि और देह तक मैं यह प्रेम अनंतकाल तक संरक्षित कर वंश बेल उगाती बनी रहूँगी धरती पर तुम चुनते रहना फूल गुलाबों के इतराना गंध रूप की माया पर। **- प्रतीमा शर्मा**

पत्थर में एक ही कमी है

पत्थर में एक ही कमी है, कुछ भी करो, वह पिघलता नहीं...!!! लेकिन उसकी एक खूबी भी है, वह कभी बदलता भी नहीं...!!! किस्मत हमारे हाथ में नही होती परन्तु निर्णय हमारे हाथ में होता है*। किस्मत हमारा निर्णय नहीं बदल सकत किन्तु हमारा निर्णय हमारी किस्मत बदल सकता है।

- संतोष साहु

वो रिश्ते बड़े प्यारे होते हैं जिनमें

वो रिश्ते बड़े प्यारे होते हैं जिनमें न हक़ हो, न शक हो न अपना हो, न पराया हो, न दूर हो, न पास हो.. न जात हो, न जज़्बात हो , सिर्फअपनेपन का ... एहसास ही एहसास हो।

- सुनीत लाहीरी

QUIZ TIME

1) किस पत्रिका का प्रकाशन 'भारत छोड़ो आंदोलन' के समय हुआ?
(क) उत्थान (ख) अग्रदूत (ग) नवयुवक (घ) छत्तीसगढ़ केसरी
2) वर्तमान भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला कौन-सा है?
(क) कारगिल (ख) हैदराबाद (ग) लेह
3) केला में प्रचुर मात्रा में कौन सा अम्ल पाया जाता है? (एसीटिक अम्ल / मैलिक अम्ल)
4) हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति थी।
5) छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायक का नाम बताए जिनका हाल ही में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अग्रदूत (2) लेह (3) मैलिक अम्ल (4) उचित समतावादी (5) मिथलेश साहू

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1745- मराठा सामाज्य के चौथे पेशवा थोरले माधवराव का जन्म। 1896- हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि,साहित्यकार और लेखक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म। 1914- लॉस एंजेलिस और सैन फ्रांसिस्को के बीच पहले विमान ने उड़ान भरी। 1944- हिन्दी सिनेमा के पितामाह दादा साहब फाल्के का नासिक में 74 वर्ष की आयु में निधन। 1959- क्यूबा में क्रांतिकारी नेता फिदेल कास्त्रो महज़ 32 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बने। 1982- कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में पहली बार जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 1987 - पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने की क्षमता वाले मिसाइल को भारतीय नौसेना से शामिल किया गया।

बस और माजदा में भिड़ंत, हादसे में 10 घायल, 2 की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। रतनपुर पेंड्रा मार्ग पर बस और माजदा की जबरदस्त भिड़ंत हो गयी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है वही बस में सवार यात्री भी बड़ी संख्या में चोटिल हुए हैं। दुर्घटना के बाद बस भी पलट गई जिससे बस में सवार यात्री भी बुरी तरह जख्मी हो गए। आज दोपहर को रतनपुर से पेंड्रा जाने वाले सड़क मार्ग पर केंदा छतौना के पास बिलासपुर की तरफसे आ रही जयसवाल सर्विस की बस केंदा की ओर से आ रही माजदा से भिड़ गई, हादसे में तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केंदा लाया गया लेकिन यहां लाने के बाद 2 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। यह दुर्घटना इतनी भयानक थी कि माजदा का इंजन बुरी तरह से पिचक गया। इस सड़क हादसे में बड़ी संख्या में बस में सवार यात्री भी घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया जा रहा है। माजदा मानिकपुर से बिलासपुर जा रही थी जिसमें एक ही परिवार के कई सदस्य मौजूद थे जो मजदूरी की तलाश में बिलासपुर जा रहे थे हादसे में चालक रज्जू टेकाम के साथ अमोल सिंह मरकाम की मौत हो चुकी है तो वहीं सुरजन सिंह टेकाम बुरी तरह जख्मी है इसके अलावा माजदा में सवार जयंती टेकाम मुकेश टेकाम और बमलेश्वरी भी घायल है, जिनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। इस हादसे में बस सवार रिजिया बाई यादव, अनीता यादव फूलबाई धनवार अनमोल धनवार घनश्यामा श्याम, बमलेश्वरी और 8 साल की बच्ची आदित्या भी घायल हुई है। इस हादसे के बाद यहां लोगों की भीड़ जुट गई है वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सभी कुपोषित बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्र में आएं: सिद्धार्थ कोमल

बिलासपुर। सभी कुपोषित बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्र आए और पोषण आहार से लाभान्वित हो। बच्चे और गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं में कुपोषण दूर करने हेतु उनमें भोजन की आदतों में बदलाव के लिये जागरूक लायी जाये। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का बिलासपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिया। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में परदेशी ने निर्देश दिया कि कुपोषण से ग्रसित शत-प्रतिशत बच्चों का चिन्हांकन कर उनको मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में शामिल किया जाये। कुपोषित बच्चे ज्यादा समय तक भूखा न रहे। इसलिए बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्र में आने के पूर्व अपने घरों से नाश्ता करके आएं और घर जाने के बाद भी भोजन करें तथा रात में भी उनको पौष्टिक भोजन मिले। यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं मॉनिटरिंग करेंगी। कुपोषित बच्चों के घर के सदस्यों और उनकी माताओं को भी इस संबंध में जागरूक किया जाए। प्रत्येक बच्चों में कुपोषण के अलग-अलग कारण होते हैं। जिनको चिन्हांकित करते हुए उनको कुपोषण से मुक्त करने के लिये कार्य करें। जो बच्चे सुपोषित हो गए हैं वे फिर से कुपोषित न हो, इसके लिये सतत् निगरानी की जाए। श्री परदेशी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका बनाने का निर्देश दिया। जहां मुनगा, पपीता आदि के पेड़ एवं पौष्टिक सब्जियां लगाई जा सकती है।

चौक-चौराहों में पुलिस ने वाहन चालकों को घेरा, एप्रोच काम नहीं आई

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। तेज हार्न व हूटर का उपयोग और तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले चालकों के खिलाफ शुक्रवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

शहर के विभिन्न चौक-चौराहे में जांच के दौरान 40 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ कोर्ट चालान किया गया। इसके अलावा 200 से अधिक को समझाइश देकर छोड़ दिया गया। श्रीकांत वर्मा मार्ग, रिवर व्यू, रिंग रोड नंबर टू और मंगला चौक पर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाने, हूटर व तेज हार्न का उपयोग करने वाले मोटरसाइकिल चालकों की धरपकड़ की गई। अभियान में 40 से अधिक दोपहिया वाहन पकड़े गए। वाहन चालकों को यातायात थाना लाकर कार्रवाई की गई। इसके खिलाफ कोर्ट चालान किया गया है। साथ ही 200 से अधिक वाहन चालकों को वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाने की हिदायत दी गई। मालूम हो कि पिछले कुछ दिनों से लापरवाह वाहन चालकों की शिकायत लगातार एसपी प्रशांत अग्रवाल को मिल रही थी। इसे एसपी ने गंभीरता से लिया। उनके दिशा निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई है।

पुलिस को स्टंड की मिलती हुई शिकायत को देखते हुए। शहर में बाइकर्स फिर से सक्रिय हो गए हैं। वे तेज रफ्तार से रेसिंग करने के साथ स्टंट कर रहे हैं। इसकी वजह से सड़क चलने वाले अन्य वाहन चालकों पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई लोग तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर घायल भी हो चुके हैं। शहर के कई प्रमुख चौक चौराहों में बाइकर्स अधिक सक्रिय रहते हैं। वे श्रीकांत वर्मा मार्ग, गौरवपथ, मंगला चौक, रिवर व्यू व सीपत रोड में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दूसरों के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं।

पहली कक्षा के बच्चे को शिक्षक ने पटका, बच्चे के सिर में आई गंभीर चोट

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। स्कूल में शिक्षक की डांट फटकार तो लाज़मी हैं, लेकिन किसी बच्चे को इतनी बड़ी सजा की उसकी जान पर आ जाए किसी हैवानियत से कम नही है। शनिवार को ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है, जिसमें एक शिक्षक ने पहली कक्षा में पढ़ने वाले बच्चें को गुस्से में टेबल के ऊपर पटक दिया। जिससे बच्चें के सिर में गंभीर चोट लगी है। घटना बन्नाकडीह चौक स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की है जहाँ पहली कक्षा में पढ़ने वाले राज बंजारे उम्र 6 वर्ष के बच्चे को शिक्षक यू एल डांग ने मामूली सी बात पर गुस्सा दिखाते हुए बच्चें को टेबल पर पटक दिया। टेबल पर सिर लगने से बच्चे के सिर में गंभीर चोट और खून बहने लगा, जो रोते हुए घर पहुंचा और परिजनों ने उसे जिला अस्पताल ला कर उपचार कराया। मामले में परिजनों में घटना को लेकर खासा आक्रोश है जो एक शिक्षक की छवि को खराब करने वाले कलयुगी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग कर रहे है। शासन ने सभी स्कूलों के लिए सख्त निर्देश दिए है कि किसी भी बच्चे को सजा नही देनी है, मारपीट तो दूर की बात बावजूद इसके कई ऐसे शिक्षक है जो बच्चों पर हाथ छोड़ते है। स्कूल के अन्य बच्चों ने भी दोषी शिक्षक पर हमेशा मारपीट किये जाने का खुलासा किया है, अब देखना होगी शिक्षा विभाग ऐसे शिक्षक के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

- **मृतक के शरीर में चोट के निशान पाये गए, पोस्टमार्डम रिपोर्ट में, मौत हार्टअटैक से होना बताया**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पूर्व सरपंच के भाई की हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया। क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित है। ज्ञात हो कि सकरी राइस मिल के पास पूर्व सरपंच के भाई राधेश्याम साहू की हत्या का शव संदिग्ध परिस्थित में मिला जिसके गले और हाँथ पांव में रस्सी के निशान मिले। पुलिस द्वारा डॉग सर्च किये जाने के बाद क्षेत्र में ही रहने वाले सोहन एवं मोहन यादव के मकान के पास रुक गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों ही पहले भी मृतक के भाई पूर्व सरपंच की हत्या की थी जो वर्तमान में ही जेल से छूट कर आये थे वही परिजनों को भी सोहन और मोहन पर ही घनश्याम की हत्या करने का शक है। क्षेत्र के लोगों ने चक्का जाम कर आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की थी किन्तु पुलिस पोस्टमॉडम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी मगर मामले में उस वक्त अचानक रुख बदल गया जब पोस्टमार्डम रिपोर्ट में घनशायम की मौत हार्ट अटैक से होना बताया। आक्रोशित सकरी ग्रामीणों को इसकी जानकारी होने के बाद कल कलेक्टोरेड का घेराव कर दुबारा टीम बनाकर पोस्टमाडम करने की मांग की। जिसके बाद 10 सदस्यीय टीम के सामने मृतक का पीएम कराया गया। मोहन यादव सोहन यादव को क्षेत्र में बेधड़क घूमते देख आज सुबह एक बार फिर सकरी थाना में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुचे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।पुलिस परिजनों को बयान देने के लिए कहती रही लेकिन अधिकतर ग्रामीण तथाकथित आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे।

रेलवे हॉस्पिटल में निःशुल्क 137 दिल के मरीजों की हुई पेस मेकर जांच

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के केन्द्रीय चिकित्सालय में सुबह 09 बजे से निःशुल्क पेस मेकर जाँच शिविर लगाया गया इस शिविर में रेलवे एवं गैर-रेलवे के हृदयरोग के 137 मरीजों के पेस मेकर का निःशुल्क जाँच किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के केन्द्रीय चिकित्सालय, बिलासपुर का यह 20वाँ निःशुल्क पेस मेकर जाँच शिविर था। हृदय रोगियों के लिए पेस मेकर लगाने के बाद इसका नियमित जाँच जरुरी है, जो कि प्रत्येक छः माह अथवा एक वर्ष में होने चाहिए। इसका कार्य एकाएक बंद होने से मरीज की मृत्यु भी हो सकती है। आज दुनिया भर में हृदयरोग की बढ़ती प्रवृत्ति को नजर में रखते हुए केन्द्रीय चिकित्सालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के हृदयरोग विभाग पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक छः माह में निःशुल्क पेस मेकर जाँच शिविर का सतत् आयोजन करती आ रही हैं। डॉ. सी.के.दास, हृदय रोग विशेषज्ञ, केन्द्रीय चिकित्सालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के अनुसार इस प्रकार का निःशुल्क पेस मेकर जाँच शिविर का आयोजन भारत में पहली बार हुआ है।

औषधालय परिसर में बनेगा कमर्शियल कांपलेक्स

कोतवाली चौक से तेलीपारा रोड का होगा का चौड़ीकरण

- **कमिश्नर प्रभाकर पाण्डेय ने किया स्मार्ट सड़क सहित विभिन्न जगहों का निरीक्षण**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत निगम के सिटी कोतवाली के सामने स्थित औषधालय परिसर में जल्द ही मल्टीलेवल कमर्शियल कांपलेक्स का निर्माण होगा। इसी तरह तेलीपारा काली माता मंदिर चौक से लेकर कोतवाली चौक तक 18 मीटर सड़क चौड़ीकरण का विस्तार होगा। निगम कमिश्नर प्रभाकर पाण्डेय ने शनिवार की सुबह औषधालय परिसर, सिटी कोतवाली, तेलीपारा मार्ग सहित स्मार्ट सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी के तहत प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सिटी कोतवाली के सामने स्थित निगम के औषधालय परिसर में मल्टीलेवल कमर्शियल कांप्लेक्स का निर्माण होगा, जहां पार्किंग की सुविधा भी होगी। परिसर का निरीक्षण कर जल्द से जल्द प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश निगम कमिश्नर श्री प्रभाकर पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को दिए। इसी तरह कमिश्नर पाण्डेय ने सिटी कोतवाली चौक से लेकर काली माता मंदिर चौक तक पैदल चलकर सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क के चौड़ीकरण की वैकल्पिक व्यवस्था पर उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि काली माता मंदिर के बाद से सिटी कोतवाली परिसर के दीवार तक सरकारी जमीन जिसे उपयोग में लेकर सड़क चौड़ीकरण किया जा सकता है। इसपर कमिश्नर श्री पाण्डेय ने सड़क चौड़ीकरण करने के लिए स्टीमेट एवं संपूर्ण प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम कमिश्नर प्रभाकर पाण्डेय ने व्यापार विहार निर्माणाधीन स्मार्ट सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क के अंतिम छोर से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक जायजा लिया।

हेल्थ डायरेक्टर ने ली तीन सितारा हॉटल में अधिकारियों की बैठक

- **रिक्त पदों पर भर्ती का प्रपोजल बनाकर देने और कोरोना वायरस के प्रति हाईअलर्ट रहने के दिये निर्देश**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। स्वास्थ्य संचालक ने जिला प्रशानिक एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की बैठक ली इस दौरान उन्होंने बिलासपुर- सरगुजा संभाग में कर्मचारियों की कमी को लेकर प्रपोजल तैयार कर देने के निर्देश दिये, वही देर शाम जिला -मातृत्व अस्पताल के निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने नई बिल्डिग में पानी सीपेज तथा निकासी नही होने से नाराजगी जाहिर की और सीजीएमएससी के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संचालक नीरज बंसोड़ ने शहर के तीन सितारा हॉटल इस्टपार्क में जिला प्रशानिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली ली इस दौरान श्री बंसोड़ ने बिलासपुर सरगुजा संभाग के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने हेल्थ वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी होना बयां किया, ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की कमी होने की वजह से काफी समस्याएं उतपन्न हो रही है जहां एक कर्मचारी को दो तीन लोगों का काम करना पड़ता है जिन्हें छुट्टी की आवश्यकता होने पर भी सोचना पड़ता है। जिस पर स्वास्थ्य संचालक ने ज्वाइंट डायरेक्टर तथा सीएमओ को भर्ती प्रक्रिया का प्रपोजल तैयार कर देने के निर्देश दिये हैं बैठक में चीन में फैली कोरोना वायरस पर भी चर्चा हुई फिलहाल जिले में एक भी संदिग्ध नही पाया गया लेकिन स्वास्थ्य विभाग को हाईअलर्ट रहने के निर्देश दिये।

सनातन परंपरा की जड़ों के लिए करें काम

कोरबा। ग्राम्य भारती शिशु मंदिर और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांकीमोंगरा में मातृ पितृ पूजन दिवस शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य और शिक्षा समिति के सचिव जितेंद्र सिंह ने विद्या की देवी सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना करने के साथ विश्व बंधुत्व की भावना से गीत का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपने पालकों के चरण प्रक्षालन कर उनकी पूजा की और अपने जीवन को उद्देश्य पूर्ण बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अवधारणा पर प्राचार्य ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में सबसे ऊंचा स्थान माता-पिता का है क्योंकि व्यक्ति का अस्तित्व उनके द्वारा दी गई शिक्षा और संस्कारों से तय होता है। उन्होंने आज के दिवस की प्रासंगिकता पर भी अपने विचार रखें और कहा कि हमें पूरब की संस्कृति को आत्मसात करने के लिए गंभीरता दिखानी जरूरी है। शिक्षा समिति के सचिव जितेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि सरस्वती शिक्षा संस्थान के द्वारा संचालित संस्थाओं में ना केवल अकादमी शिक्षा दी जा रही है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.)
कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बीजापुर (छ.ग.)
मेनवल पद्धति निविदा आमंत्रण

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि. दिनांक //2020

निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं सक्षम निविदाकारों से आईटम रेट प्रपत्र फार्म (बी) निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण कार्यालय कार्यपालन, अभियंता जल संसाधन विभाग बीजापुर में (अवकाश दिनांक को छोड़कर) दिनांक 17.02.2020 तक विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। निविदा प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 18.02.2020 सांय 5.00 बजे तक है। निविदाकारों की निविदाएं दिनांक 19.02.2020 अपरान्ह 3.00 बजे कार्यपालन अबियंता जल संसाधन संभाग बीजापुर (छ.ग.) में खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाखों रुपए में	बयाने की राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यावधि
1	2	3	4	5	6
1	गुदमा नाला में बरदली व्यपवर्तन योजना निर्माण कार्य।	49.06	49060/-	750.00	कार्य आदेश से 3 माह
2	वरदली व्यपवर्तन योजना में जल निकास (बैरल) व्ही.आर.बी. नवीन नहर एवं पीयर निर्माण कार्य।	48.99	48990/-	750.00	कार्य आदेश से 3 माह

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग,
रामपुर/ कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)
// ई-प्रोक्युरमेंट निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना //

सिस्टम निविदा क्रमांक 61119, निविदा सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2019-20, दिनांक 13.02.2020

निम्नलिखित कार्यों के लिए 07.03.2020 (17.30 बजे) तक ऑन लाईन (द्वितीय आमंत्रण) निविदा आमंत्रित किया जाता है।

सिस्टम क्रमांक	निविदा कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
61119	हसदेव दांयी तट नहर के आर.डी. 37840 मीटर से 37940 मीटर तक कास रेग्यूलेटर के समीप रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य।	41.02 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://cg eprocurement.etenders.in की उप वेबसाईट http://wrd.cg rpeorcurement.etenders.in पर दिनांक 07.03.2020 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://cg.eprocurements.etenders.in पर पंजीयन तथा उप वेबसाइट http://web.cg.eprocurement.etenders.in उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित करवाना अनिवार्य है।

सही/-
कार्यपालन अभियंता,
हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग,
रामपुर/कोरबा

जी-76964/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक 68 व.ले.लि./का.अ./लोस्वायां. खण्ड 2019-20 अम्बिकापुर, दिनांक 10/02/2020

// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएं प्रतिशत दर प्रपत्र ''अ'' में आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर पेयजल व्यवस्था कार्य हेतु निविदा एकल पंजीयन प्रणाली के तहत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं अधिकृत विक्रेता/निर्माता से निविदाकारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29/02/2020 को अपरान्ह 05.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

समूह क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	ठेकेदारों की श्रेणी
01 से 13	विकासखण्ड अम्बिकापु के 09 ग्रामों के 13 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पावर पम्प स्थापना, पाईप लाईन कार्य, टंकी स्थापना का कार्य, इंटरकनेक्शन तथा टेस्टिंग सहित संबंधित संस्था को हस्तांतरण करने का कार्य।	0.98 लाख (प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु)	''डी'' एवं उच्च श्रेणी

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक **24/02/2020** (अपरान्ह 5.30 बजे तक) होगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

जी-76951/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal : http://eproc.cgstaste.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 29.02.2020 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. / दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	219	नूतन कालोनी पहुंच मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लं. 1.90 कि.मी., डी. पी. मार्ग से सिम्स तिराहा बिलासा चौक मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लं. 0.75 कि.मी. जेल पहुंच मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लं. 0.35 कि.मी. सिंचाई कार्यालय के बाजू से विधायक निवास (ई-2/4) पहुंच मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लं. 0.35 कि.मी. एवं पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर आतंरिक मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लं. 0.85 कि.मी. में डामर नवीनीकरण कार्य। **संभाग क्रं. 1 बिलासपुर। प्रथम आमंत्रण**	73.17

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-76936/5

न्यूज गैलरी

सुपरवाइजर पकड़ाया, तीन युवकों की तलाश

महासमुंद। शराब दुकान में लाखों रूपए की हेराफेरी के मामले में दुकान के ही सुपरवाइजर को पुलिस ने पकड़ा है। तीन युवक पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं। बसना शराब दुकान से 16 लाख 93 हजार 740 रूपए लेकर भागने के आरोप में ग्राम कूदेकेला मांझापारा रायगढ़ निवासी दीपनयन भट्ठ को हिरासत में लिया है। पुलिस टीम कुलदीप द्विवेदी, संतोष पाल एवं नुमान अली की पतसाजी कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि 9 फरवरी को अलर्ट कमांडो के जिला समन्वयक प्रवेश जैन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बसना के देशी व विदेशी मदिरा दुकान की बिक्री रकम विदेशी मदिरा दुकान के मुख्य विक्रयकर्ता दीपनयन भट्ठ अपने पास रख प्रतिदिन बैंक में जमा कराता था किन्तु दिनांक 07,08,09 फरवरी की दोनों मदिरा दुकान की कुल बिक्री राशि 16,93,740 रूपये बैंक में जमा नहीं कराया और ना ही बसना थाने में सुरक्षित रखवाया है। दीपनयन भट्ठ उक्त बिक्री रकम को कुलदीप द्विवेदी अन्य साथी संतोष पाल व नुमान अली के साथ रूपए को लेकर भाग गया था।

चयनित हैंडबॉल खिलाड़ियों ने एसपी से की मुलाकात

महासमुंद। छत्तीसगढ़ पुलिस पुरुष-महिला हैंडबॉल टीम में महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के 16 पुलिस खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित पुलिस हैंडबॉल खिलाड़ियों ने संघ के सचिव सैय्यद इमरान अली के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला से भेंट की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी चयनित हैंडबॉल खिलाड़ियों को बधाई एवं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आरआइ नीतीश आर नायर, कपिल पेंदरिया, आशीष कुशवाहा, मनीष चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ पुलिस हैंडबॉल टीम में चयनित पुरुष खिलाड़ियों में कलीम खान, इरफान कुरैशी, अनिल नायक, रिजवान कुरैशी, प्रीतम यादव, रितेश सिंग एवं महिला में साइमा अबिलरक, भारती विदानी, अन्नू भोई, जयलता साहू, सुचित्रा विदानी, सीमा ध्रुव, दुर्गा भोई, रूपा चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप 10 से 28 फरवरी रायपुर में संपन्न होगा बाद ऑल इंडिया पुलिस गेम दिल्ली में तीन से सात मार्च तक भाग लेंगे।

दो युवकों में विवाद, फावड़े से वार कर हत्या

महासमुंद। खल्लारी थानांतर्गत ग्राम खम्हारमुड़ा में खेत में मताई रोपाई के दौरान गांव के ही दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की एक ने दूसरे के सिर पर फावड़े से वार कर दिया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके पर ही बैठा रहा। पुलिस ने आरोपी बसंत चौहान (35) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर ढाई बजे खम्हारमुड़ा निवासी बसंत और डिगेश कुमार दीवान (34) के बीच विवाद हुआ। आरोपी चौहान नशे में था। फावड़े से सिर पर गंभीर चोट लगने से डिगेश की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और चौहान को गिरफ्तार कर लिया। मामले में भादवि की धारा 302 कायम किया गया है।

दहेज प्रताड़ना, चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के दुरूपाली में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद ससुरालियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर ली है। इस मामले में पीड़िता ममता प्रधान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 7 मई 2017 से 5 नवंबर 2019 तक पति, सास व अन्य लोगों ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया। दुरूपाली और रायपुर स्थित किराए के मकान में उन्हे शारीरिक और मानसिक रूप से यातनाएं दी गई। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने उमेश प्रधान, जेमा बाई प्रधान, रमेश प्रधान, श्रीमती दीपांजली प्रधान के खिलाफ धारा 498, 499 ए/34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

घर के बाहर से बाइक पार

महासमुंद। घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। नर्रा निवासी रामेश्वर पटेल (45) के अनुसार उनका पुत्र लोकनाथ 11 फरवरी की रात 9 बजे बिंद्रावन निवासी दिगंबर देवांगन को छोड़ने उनके गांव निकला। रात 10 बजे दिगंबर के घर के सामने गली में बाइक खड़ी की थी करीब 15 मिनट बाद लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सहायक यंत्री से मारपीट, कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचा स्टाफ

महासमुंद। विद्युत वितरण कंपनी के सरायपाली संभाग के कर्मचारियों के साथ कार्यालय में घुसकर मारपीट के विरोध में पूरे स्टॉप ने थाने पहुंच बैतारी के तीन-चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की। शुक्रवार को विभागीय अधिकारी टी आर गजभिये और कर्मचारियों ने आरक्षी केंद्र व एसडीएम को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि 13 फरवरी की शाम लगभग 4 बजे समीप ग्राम बैतारी के 3-4 लड़के कार्यालय पहुंचे और गाली-गलौज, मारपीट व देख लेने की धमकी दी। विभागीय कर्मचारियों ने इसकी जानकारी अपने अधिकारी गजभिये को दी। बाद कार्यपालन यंत्री व सहायक यंत्री के साथ स्टाफ ने थाने पहुंच कर एफआईआर दर्ज व सुरक्षा प्रदान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि घटना के लगभग 20 घंटे बाद भी दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में भय है।

पंजे से भाजपा ने छिनी कुर्सी, बागी गीता बनीं अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जिला पंचायत में भाजपा ने अपना कब्जा जमा लिया है। अध्यक्ष की कुर्सी गैंदाटोला की गीता साहू के नाम हुई तो उपाध्यक्ष का ताज विक्रांत सिंह को पहनाया गया। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में नगर निगम में हुए क्रास वोट का बदला भाजपा ने कांग्रेस से ले लिया है। कांग्रेस के 11 सदस्य होने के बाद भी कांग्रेस से अध्यक्ष के लिए दावेदारी करने वाली प्रभा साहू को 10 मत ही मिले। निर्दलीय सदस्य विप्लव साहू और कांग्रेस के एक क्रास वोट से भाजपा की गीता साहू को 14 मत पाकर विजयी हुईं। ठीक ऐसा ही निगम के महापौर चुनाव में हुआ था उसमें भाजपा का एक

क्रास वोट हेमा देशमुख को मिला था। महीने भर में ही सत्ताधारी कांग्रेस खुद ही अपने गणित में फेल हो गई। अब लोग यह कह रहे हैं कि निगम चुनाव का बदला भाजपा ने जिला पंचायत के चुनाव में ले लिया है। इसका श्रेय भाजपा के लोग जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव को दे रहे हैं। जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष लिए जिप सदस्यों की वोटिंग की गई। कांग्रेस की क्रॉस वोटिंग की बदौलत राजनांदगांव जिला पंचायत में भाजपा की अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। भाजपा की गीता साहू को 14 वोट मिले जबकि भाजपा के सदस्यों की संख्या यहां 12 है। ऐसे में कांग्रेस के एक सदस्य ने क्रॉस वोटिंग कर अपनी ही पार्टी का गणित बिगाड़ दिया। 24 सदस्यीय जिला पंचायत में भाजपा के 12ए 11 कांग्रेस के और 1 निर्दलीय सदस्य निर्वाचित हुआ था।

खैरागढ़ जनपद अध्यक्ष की कुर्सी से छलांग लगाकर विक्रांत सिंह जिला पंचायत के उपाध्यक्ष चुने गए हैं। उपाध्यक्ष के लिए विक्रांत को 13 वोट मिले। कांग्रेस के महेन्द्र यादव को 11 वोट से ही संतुष्ट होना पड़ा। युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत खैरागढ़ की राजनीति में कई सालों से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि निर्दलीय विप्लव को भाजपा के पक्ष में करने में भी विक्रांत की अहम भूमिका रही है।

चौकी जनपद में कांग्रेस ने किया अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद पर कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। वनांचल अंबागढ़ चौकी में आखिरकार 25 साल बाद कांग्रेस की जनपद में वापसी हो गई। कांग्रेस की कुमारीबाई जुरेशिया ने तीन वोट के अंतर से भाजपा समर्थित रागिनी सोरी को शिकस्त दी। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के नरोत्तम देहारी निर्वाचित हुए।

करीब ढाई दशक बाद कांग्रेस को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की कुर्सी नसीब हुई है। बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस महामंत्री गिरीश देवांगन ने अंबागढ़ चौकी जनपद में कांग्रेस की जीत तय करने के लिए प्रदेश सचिव आफताब आलम को बतौर चुनाव प्रभारी नियुक्त किया था। आलम ने क्षेत्रीय विधायक छन्नी साहू और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के साथ मिलकर प्रदेश संगठन की मंशानुरूप दोनों पद पर शानदार विजयी हासिल की।

बताया जाता है कि अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रभारी आलम अपने दल-बल के साथ अंबागढ़ चौकी में डेरा जमाए हुए थे। बताया जा रहा है कि क्रॉस वोटिंग की संभावना को देखते हुए सदस्यों को आला नेताओं ने अपनी निगरानी में रखा। जिसका कांग्रेस को फायदा हुआ। बताया जा रहा है कि 17 सदस्यों में कुमारीबाई साहू को 10 वोट मिले, जबकि रागिनी सोरी को 7 वोट पड़े। बताया जा रहा है कि उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के नरोत्तम देहारी ने भाजपा की योगमाया साहू को एक वोट से पराजित किया। दोनों सीट पर कांग्रेस का कब्जा होने के बाद पटाखे और आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाई।

बताया गया है कि प्रदेश नेतृत्व के अलावा राजनांदगांव जिलेभर के नेताओं की अंबागढ़ चौकी जनपद के चुनाव पर निगाह थी। नगरीय निकाय चुनाव के दौरान अधिकृत उम्मीदवार से परे दीगर उम्मीदवार को अध्यक्ष चुने जाने की वजह से यह मामला सुर्खियों में रहा। अंबागढ़ चौकी की राजनीति में कांग्रेस के लिए यह ताजपोशी ऑक्सीजन का काम करेगी। बताया गया है कि कांग्रेस को लंबे समय से यहां परास्त होना पड़ रहा था। अब जनपद के दोनों शीर्ष पदों पर कब्जा कर कांग्रेस ने अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाया है। बताया जा रहा है कि प्रदेश नेतृत्व को यहां के फैसले से काफी राहत मिली है। वहीं चुनाव प्रभारी आलम ने दल-बल के साथ जिस तरह से मोर्चा सम्हाला उससे पार्टी को शानदार जीत मिली। राजनांदगांव से झम्मन देवांगन, मनीष सिमनकर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, कुलबीर छाबड़ा, सूर्यकांत जैन व राजू भावे समेत अन्य नेताओं ने भी कांग्रेस के सिर जीत का सेहरा बांधने अहम भूमिका अदा की।

जिला पंचायत में भी कांग्रेस का राज

- उषा पटेल अध्यक्ष, लक्ष्मण पटेल उपाध्यक्ष निर्वाचित

महासमुंद। महासमुंद जनपद पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन में जहां विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अहम भूमिका रही वहीं जिला पंचायत चुनाव में भी विधायक का जादू चला। नतीजतन जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा हो सका। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव को लेकर सरगर्मी सुबह से बनी रही। कांग्रेस समर्थित सदस्यों को जीताने विधायक श्री चंद्राकर पिछले कुछ दिनों से सक्रिय थे।

शुक्रवार को हुए चुनाव में कांग्रेस की श्रीमती उषा पटेल अध्यक्ष और लक्ष्मण पटेल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल व लक्ष्मण पटेल ने अपनी जीत का श्रेय विधायक श्री चंद्राकर को देते हुए कहा कि उनके कुशल चुनावी रणनीति की वजह से जिला पंचायत में कांग्रेस का परचम लहराया है। जिला पंचायत में कांग्रेस की शानदार जीत पर दाऊलाल चंद्राकर, अरूण चंद्राकर, डॉ. रश्मि चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, संजय शर्मा, नानू भाई, खिलावन साहू, खिलावन बघेल, कृष्णा चंद्राकर, प्रकाश साकरकर, वीरेंद्र चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, आवेज खान, अनवर हुसैन, किशन देवांगन, रोशन पटेल, अमन चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, पुष्कर चंद्राकर, चुड़ामणी चंद्राकर, दिलीप जैन, शिव यादव, विजय बांधे, गौतम सिन्हा, धर्मेंद्र धीवर, दिलीप चंद्राकर, विराज चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, निर्मल जैन, देवेंद्र चंद्राकर आदि ने विजयी सदस्यों को बधाई देते हुए विधायक श्री चंद्राकर सहित पार्टी हाईकमान का आभार जताया है।

वाहन की ठोकर से युवक की मौत

महासमुंद। अज्ञात वाहन की ठोकर से दोपहिया सवार युवक की मौत हो गई। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम च्छीगिरोला निवासी संदीप सोना गुरूवार शाम साढ़े 6 बजे किसी काम से सरायपाली जा रहा था। तभी बैतारी के पास अज्ञात वाहन ने दोपहिया को चपेट में ले लिया। गंभीर चोट लगने से संदीप की मौत हो गई।

सभापति ने कराई जाम नाली की सफाई

महासमुंद। नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर पिछले दिनों नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने नाराजगी जताई थी। इस पर पालिका अध्यक्ष के सफाई की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश के बाद से वार्डों में सफाई अभियान जारी है। शुक्रवार को कॉलेज रोड, क्लब पारा में नाली सफाई कार्य का सभापति मनीष शर्मा ने जायजा लिया। पता चला कि इस नाली की सफाई लंबे समय से नहीं हुई थी। नाली पूरी तरह जाम थी, जिसे अतिरिक्त स्टाफ लगाकर सफाई कराई गई।

ट्रांसफार्मर में तोड़फोड़ कर चोरी, एक गिरफ्तार

सरायपाली। सरायपाली क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में टीआई मल्लिका तिवारी ने बताया कि सहायक अभियंता विद्युत मंडल ने सरायपाली थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए कहा है कि 10 फरवरी की रात ग्राम टीपा में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचाकर आइल की चोरी की है। पतासाजी करने के बाद ग्राम बिजराभाटा निवासी रामदुलार चौहान ने अपने अन्य साथियों के साथ ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचाकर तेल की चोरी की है। आरोपी के पास से एक जरकिन, आरी पत्ती, पाना व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त कर धारा 379, 427, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

पुलवामा के शहीदों को विद्यार्थियों की श्रद्धांजलि

महासमुंद। ग्राम साराडीह में शुक्रवार को मिडिल स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने पुलवामा में शहीद 42 जवानों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बच्चों ने दो मिनट का मौन रखा। कैंडल मार्च भी निकाला गया। इस दौरान शिक्षक कन्हैयालाल साहू, शिक्षिका मालती चंद्राकर, माया चंद्राकर, ग्रामीण युवा संगठन के अध्यक्ष भानू सतनामी, नानक दास, सूरज गायकवाड़, महेंद्र चंद्राकर सहित ग्रामीण उपस्थित थे। बरबसपुर रोड हाइस्कूल परिसर के शहीद घनश्याम कन्नौजे के स्मारक में भी युवाओं ने कैंडल रैली निकालकर श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर तेजप्रकाश साहू, नोहर निषाद, राहुल बघेल, चितरंजन साहू, वेदराम साहू, प्रकाश साहू, संतोष निषाद, धर्मेंद्र निषाद, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर सहित आदि मौजूद थे।

अनुपयोगी जिम भवन का सार्वजनिक हित में उपयोग करेगी मंदिर समिति

महासमुंद। महामाया तालाब के संरक्षण के लिए नई पहल की जा रही है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर की अध्यक्षता में मंदिर समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महामाया तालाब के संरक्षण के साथ ही प्रदूषणमुक्त करने रायसुमारी की गई। महामाया तालाब के चारों ओर बसाहट से बहने वाली गंदे पानी और गंदगी से बचाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर के आसपास बसाहटों से आ रहे गंदा पानी को रोकना जरूरी हो गया है तभी महामाया तालाब के अस्तित्व को बचाया जा सकता है। इस पर पालिका अध्यक्ष ने तालाब के चारों ओर नाली निर्माण कर सब्जी मंडी रोड से गुजरने वाली ड्रेन से जोड़ने की बात कही। तालाब के चारों ओर सौंदर्यीकरण करने पर भी चर्चा की गई। जिसे पालिका अध्यक्ष ने बजट में शामिल करने की बात कही इस दौरान सब इंजीनियर दिशी कुर्रे को मौके पर बुलाकर महामाया मंदिर का नक्शा सौंपते हुए जल्द ही नाली निर्माण का ड्राइंग डिजाइन, और इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। मंदिर समिति ने बताया कि शोक ग्रस्त परिजनों के लिए घाट में कोई सुविधा नहीं है, इस पर पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने ऐसे आयोजनों के लिए तालाब के उपर जिम भवन के पास शेड का निर्माण कराने की बात कही।

78वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अभा हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 को

राजनांदगांव। 78वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2019-20 का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी 2020 को दोपहर 12.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में होगा। अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 16 फरवरी से 24 फरवरी 2020 तक होगी। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे 16 फरवरी की दोपहर 12.30 बजे अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक राजनांदगांव डॉ. रमन सिंह, विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक मोहला-मानपुर इन्द्र शाह मंडावी, विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी साहू, विधायक खैरागढ़ देवव्रत सिंह, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पूर्व सांसद श्रीमती करूणा शुक्ला, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफिज खान, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, नगर पालिक निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

ढाई लाख का जुआ पकड़ाया, 4 गिरफ्त में

- फंड़ में थी 7 लाख से ऊपर की रकम
- ढाई घंटे होती रही थाने में माथापच्ची

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शहर सहित जिलेभर में जुआ, सट्टा का कारोबार जोरशोर से चल रहा है, जिस पर अंकुश लगाने की बजाए कुछ पुलिस अधिकारियों द्वारा जुआरियों और सट्टोरियों को श्रय दिया जा रहा है। जिसके चलते आए दिन युवा वर्ग इसकी चपेट में आता जा रहा है।

चिखली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग शीतला मंदिर के पास खेत में जुआ खेल रहे थे। जिस पर मुखबीर की सूचना पर रात लगभग 10 बजे कार्यवाही की गई, जिसमें चार लोगों के पास से लगभग 2 लाख 62 हजार 900 रूपए जप्त किए गए है। वहीं जुआ खेलने के लिए लगाई गई लाईट और बैटरी भी जप्त की गई है। पकड़े गए जुआरियों में नरेंद्र यादव राजनांदगांव, धमेंद्र साहू धमतरी, नरेश जसवानी दुर्ग, रवि कुमार रायपुर बताए जा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस तरह से जुआ चल रहा था उससे तो ऐसा लग रहा था कि उक्त जुआ में लगभग 10 लाख रूपए की रकम थी, लेकिन जप्ती में मात्र 2 लाख 62 हजार 900 रूपए बताई गई है। बताया तो यह भी जा रहा है कि फड़की की रकम 2 लाख 62 हजार 900 रूपए बताई गई है, जबकि अड़की की रकम लगभग 7 लाख रूपए थी। इसे देखते हुए भी संदेह की सुई पुलिस पर घुमती नजर आ रही है।

विद्युत चोरी रोकने 28 हजार विद्युत कनेक्शनों की आकस्मिक जांच

- अनियमितता में लिप्त 212 उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा प्रदेश के करीब 57 लाख विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली देने लेटेस्ट टेक्नालाजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही सस्ती बिजली की सहज उपलब्धता भी सुनिश्चित करने विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुये विद्युत चोरी, एवं दुरूपयोग को रोकने के लिये प्रदेशभर में आकस्मिक जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कंपनी के सतर्कता विभाग की टीम ने प्रदेभर में 28 हजार से अधिक विद्युत कनेक्शन की जांच की। जिसमें 1720 विद्युत कनेक्शनों में बिजली चोरी का प्रकरण बनाया गया। ऐसे मामलों में लिप्त उपभोक्ताओं से 4 करोड़ 71 लाख रूपये की वसूली की गई। कंपनी के सतर्कता विभाग द्वारा जिला स्तर पर भी जांच दल बनाये गये हैं।

पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी मोहम्मद केसर अब्दुल हक ने ग्रामीण एवं शहरी मैदानी अधिकारियों को विद्युत चोरी जांच अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बिजली चोरी एवं अवैध कनेक्शनधारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही भी की जाये।

वृद्धाश्रम में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

राजनांदगांव। स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच द्वारा विधि-विधान से मंत्रोपचार के साथ 14 फरवरी दिन शुक्रवार को वृद्धाश्रम में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम पारख समाजसेवी व संचालक समता वृद्धाश्रम, अध्यक्षता गोपाल राव, सहायक संचालक उद्योग विभाग राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि एसके देवांगन, संचालक प्राईड एकेडमी राजनांदगांव उपस्थित रहें। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पित करके कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। तत्पश्चात पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें युवा जागृति मंच के युवाओं ने बुजुर्गों की आरती पूजन कर मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद लिये।

तैयारियां | इंटेकवेल का जायजा लेकर नपाध्यक्ष ने जल्द मोटर फिट करने के दिए निर्देश

गर्मी में तीन समय होगी पानी की आपूर्ति

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। नगर पालिका के 30 वार्डों में सामान्य दिनों में करीब 1 करोड़ लीटर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गर्मी के दिनों में नगर पालिका अब तीन समय में करीब डेढ़ करोड़ लीटर पानी की सप्लाई देने जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के निर्देश पर 35-35 एचपी हेवी मोटर का क्रय किया गया है। इसकी तैयारी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने शुक्रवार को मुढ़ैना स्थित इंटेकवेल का जायजा लिया।

नपाध्यक्ष चंद्राकर ने मोटर फिटिंग कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा

भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र के अनुरूप शहरवासियों को तीन समय जल आपूर्ति करने के वचन को पूरा किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा सोमवार को इसकी टेस्टिंग की जाएगी। इसकी पूरी तैयार की जा रही है। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा क्षेत्र के करीब 70 हजार लोगों को बहुत जल्द तीन समय पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। अब तक सुबह-शाम 5 पानी टंकी से करीब 1 करोड़ लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। एक करोड़ लीटर पानी के लिए 25-25 एच पी के मोटर का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन गर्मी के दिनों में इससे बढ़ाकर 35-35 एचपी मोटर द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों की 7 पानी टंकियों में भरा जाएगा।

पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने लोगों से अपील की है कि गर्मी में तीन समय पानी की आपूर्ति की जाएगी, लेकिन जल संरक्षण कर अपने घरों के नलों में टोटी जरूर लगवाएं, और समय पर जलकर, संपत्ति कर जमा कर अधिभार से बचें।

ठप्प पड़े विकास कार्यों को पूर्ण करने नए पदाधिकारियों के लिए चुनौती

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में चुनाव की प्रक्रियायें पूरी हो गयी है सभी ग्राम पंचायतो, जनपद एवं जिला पंचायतों में सरपंच अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, पदासीन हो गये है, पंचायतों की बदलती फिज़ाओं ने जहॉ नये सरपंचो के लिए चुनौतियां खडी की है वही ठप्प पडे विकास कार्यो को भी गति देने का कार्य नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों के कंधो पर आ गया है। अब इन चुनौतीयों का सामना नवनिर्वाचित पदाधिकारी किस तरह से निर्वाहन करते है यह भविष्य बताऐगा।

नए पंचायत का गठन 11 फरवरी को हो गया जहा जीत कर आये प्रत्याशियों ने शपथ ले पद भार ग्रहण करते ही ग्रामीण वासियों का आभर प्रदर्शन के साथ साथ जीत की खुशियां मनाई, वही कुछ जगहों पर रैली के नाम पर विरोधियों के सामने शक्ति प्रदर्शन भी किया गया, किन्तु अब नवनिर्वाचित सदस्यों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराने सरपंचों के किये गए आधे अधूरे कार्य का खामियाजा कौन भुगतेगा, रोजगार सहायकों सचिवों और सरपंचों की आपसी खींचातानी या फिर आपसी तालमेल का खामियाजा ग्रामवासियों को भुगतना पड़ रहा है, सीसी रोड़ बनने के बावजूद भी गाँव के गलियारों में कीचड़, गन्दा पानी का जमावड़ा अमूमन हर पंचायतों में है, आधे अधूरे नालियों काम और कई पंचायतों में शौचालय के नाम पर महज खाना पूर्ति ही सामने आ रही हैं बार बार शिकायतों के बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही की गई।

तालाब, पचरी, के नाम पर किये गए बंदर बाट का जिम्मेदार किसे ठहराया जाय अब ये एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है ? जिसका जवाब शायद न तो प्रशासन के पास है और न ही प्रदेश सरकार के पास,, कांग्रेस के सत्तासीन होने के बाद जनता को एक आशा की किरण जगी थी कि नई सरकार सत्ता में आने के बाद कुछ परिवर्तन होगा किन्तु लगभग एक वर्ष के कार्यालय के बाद कुछ सकारात्मक परिणाम आने की बजाए खुद कांग्रेसियों में भी एक जुटता की कमी रही है।

जिले में कांग्रेस का लगातार खस्ताहाल प्रदर्शन कही न कही संगठन पर भी सवालिया निशान लगाता है, आये दिन कांग्रेसी नेताओ द्वारा किये जाने वाला व्यवहार कही जिले में कांग्रेस की हालत और बत्तर न बना दे इस मामले में प्रदेश अध्यक्ष को भी संज्ञान लेने की जरूरत है पहले नगर पालिका, फिर जनपद में निराश जनक प्रदर्शन के बाद जिम्मेदार सदस्य का व्यवहार काफी निराश जनक लगा, किन्तु कल का दिन कांग्रेस के लिये राहत भरा रहा जहा जिला पंचायत की दोनो सीट कांग्रेस के हाथ आई।

नगर निगम ने पांच वर्षों में भी नहीं बना पायी कैंटीन

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर/चिरिमिरी। नगरनिगम चिरमिरी द्वारा पूर्व में सत्ता सम्हालते ही निगम महापौर के द्वारा दूर दराज से आने वाले आम नागरिकों की सहुलियत के लिए सुव्यवस्थित कैंटीन का निर्माण कराया जा रहा था जो कि निगम के द्वारा निर्माणाधीन कैंटीन पांच वर्ष में भी अपना पूर्ण रुप नहीं ले पाई इसी प्रकार करोड़ो रुपयो की लागत से म्युजीकल फाउंटेन भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

विदित कि कि आम नागरिको को सरकार के द्वारा दी गई सार्वजनिक कार्यक्रमो के लिए सौगात का आज तक कोई भी लाभ प्राप्त नही हुआ ऐसी उदासीन निगम की कार्यशैली से जहा सरकार की छवि के साथ साथ निगम सहित समस्त जन प्रतिनिधियों की छवि धुमिल कर रही है। इसके लिए नीलम सरोवर पार्क के सामने जगह तय कर आधा-अधूरा स्ट्रक्चर तो खड़ा कर दिया गया, लेकिन यह पूरा न हो सका। पिछले पांच साल से कैंटीन को शुरु किए जाने की चर्चाएं ही सिर्फ होती रही और निगम की कार्यशैली देख कर लगता है कि आगे भी बस ऐसे ही केवल चर्चाए ही होती रहेंगी।

कैंटीन की व्यवस्था न होने से यहा तक पहुँचने वाली आम जनता को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है, बहरहाल यदि समय रहते इस कैंटीन के बन जाने से नीलम सरोवर उद्दयान घुमने पहुंचे लोग भी लाभान्वित होंगे किन्तु जिस तरह से निर्माण चल रहा इसे देखकर लगता है कि अभी इसे बनने में कुछ वर्ष और लग सकते है ।

ट्रैक्टर ट्राली से बाइक सवार भिड़ी शिक्षक की मौत, तीन दिन पहले हुई थी सगाई

नवप्रदेश संवाददाता



कोरबा। देर रात एक बाइक सवार तीन लोग सड़क किनारे अंधेरे में खड़ी ट्रेक्टर ट्राली के पीछे जा टकराए । घायल अवस्था मे सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया ,जहां एक शिक्षक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बरपाली स्कूल में पदस्थ शिक्षक शशिकांत कुर्रे, जितेंद्र मिरी और गोल्डी मिरी बाईक में रात को वापस बस्ती की ओर लौट रहे थे । बीच अंधेरे में सड़क किनारे ओमप्रकाश यादव ने रेत से लोड ट्रैक्टर खड़ा कर दिया था । ट्रेक्टर पर नजर नही पड़ी और बाइक पीछे जा भिड़ी । बाइक शशि कांत चला रहा था इसलिए उसे गंभीर चोंटे आई । सभी को 112 की मदद से जिला अस्पताल भेज गया। यहाँ शशि कांत को मृत घोषित कर दिया गया ।वह सक्ति थाना क्षेत्र के मालखरौदा का रहने वाला था। उसकी पोस्टिंग बरपाली स्कूल में थी और वही एक ख़ली कमरे में रहता था । 3 दिन पूर्व ही उसकी सगाई हुई थी । सड़क हादसे में उसकी मौत हो जाने से परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ट्रैक्टर को जब्त करने की कार्रवाई कर रही है।

आरा मशीन क्षेत्र के कुएं में लापता बालक का शव मिला

कोरबा। बुधवारी आरा मशीन क्षेत्र में एक बालक का शव कुएं में मिलने से सनसनी फ़ैल गई। परिजनों को संदेह है कि उसकी हत्या की गई है। रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। घटना से जुड़े पहलुओं की जांच पड़ताल की जा रही है। चार दिन बाद बालक अभिषेक साहू को मृत स्थिति में पाया गया है। पुसिल से मिली जानकारी के अनुसार 8 वर्ष के अभिषेक के बारे में 12 फ़रवरी को रामपुर पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह दोपहर 2 बजे से लापता है।

दंतैल को काबू करने अंबिकापुर से कोरबा लाया गया दुर्योधन हाथी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। वन मंडल में उत्पात मचा रहे दंतैल हाथी को काबू करने सरगुजा, अंबिकापुर से कुमकी हाथी दुर्योधन को मड़ई लाया गया है। ऐतमानगर के बुका में इसे रखा जाएगा। कुमकी के साथ महावत व डॉक्टरों की टीम आ रही है। इसके पहले दंतैल को कॉलर आईडी लगाने तीन कुमकी हाथियों को लाया गया था। शुक्रवार को चार हाथी बनिया के बेलबांधा पहाड़ के पास पहुंच गए। इसकी वजह से बस्ती को खाली करा दिया गया है। यहां के 40 परिवार चोटिया व बनिया गांव चले गए हैं।

कटघोरा वन मंडल में पिछले 3 महीने से डेरा जमाए लोनार हाथी द्वारा क्षेत्र में जमकर जानमाल का नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिसने अब तक कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया है वन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस लोनार हाथी को खदेड़ने की लाख कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली और वन विभाग के अधिकारियों ने इस लोनार हाथी के सामने घुटने टेक दिए अब कटघोरा मंडल के अधिकारियों ने इस लोनर हाथी को खदेड़ने के लिए सरगुजा से दुर्योधन नामक कुंमकी हाथी को कटघोरा लाया गया है संभवत अधिकारी कर्मचारियों की टीम दुर्योधन को लेकर जंगल जाएगी और लोनर हाथी को खदेड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा

इनका कहना है

हाथियों के बढ़ रहे उत्पात व दंतैल हाथी को काबू में रखने के लिए सरगुजा से कुमकी हाथी को कटघोरा वन मंडल लाया गया है। दंतैल हाथी को काबू में लेन के बाद कॉलर आईडी लगाया जायेगा। जिससे उसकी हरकतों पर नज़र राखी जा सके।

-एके तिवारी, एसडीओ, वन मंडल कटघोरा

कुमकी से लेकर हुल्ला पार्टी तक के उपाय किए, सभी फेल

हाथियों की समस्या से निपटने वन विभाग ने ढेरों उपाय किये। पहले हुल्ला पार्टी मशाल लेकर खदेड़ती थी। अब यह बंद है। गांवों में सोलर फेंसिंग कराई गई, वह भी गायब हो गई है। अब लोगों को हाथियों की लोकेशन की सूचना देने के साथ जंगल में नहीं जाने की मुनादी कराई जाती है। कुमकी हाथियों पर लाखों खर्चने के बाद अभियान महासमुंद और उत्तर छत्तीसगढ़, दोनों जगह फेल रहा। मधुमक्खी पालन, भोजन की व्यवस्था करने सहित अन्य उपाय भी बेकार साबित हुए हैं।

स्काउट गाइड और रेंजर के 21 छात्र हुए सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

किरंदुल। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल किरंदुल के स्काउट गाइड व रेंजर के 21 छात्र छात्राएं राजभवन में राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के हाथों से सम्मानित हुए । विगत तीन वर्षों 2017-18 से 2019-20 का पुरस्कार इस वर्ष राजभवन में प्रदान किया गया। विद्यालय के 21 छात्र -छात्राओं को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है । राजभवन में आयोजित अलंकरण सम्मान में विद्यालय की छात्रा मीनाक्षी विश्वकर्मा रेंजर व छात्र उदय ठाकुर ने प्रशस्ती पत्र राज्यपाल के हाथों प्राप्त किया । इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्रीयता के विकास में छात्रों की अहम भूमिका रहती है विद्यालय के प्राचार्य पी.एल वर्मा ने गाइडर सुधा तिवारी व रेंजर लीडर गीतांजली खरे को मार्ग दर्शन के लिये बधाई दी इस उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि एन.एम.डी.सी परियोजना व जिला का नाम रोशन करने पर छात्र -छात्राओं व शिक्षकों को प्राचार्य ने शुभ कामना दी ।

नवधा रामायण का समापन 19 को

मुंगेली। जिले में ग्राम सुरदा में नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 10 फरवरी से किया जा रहा है। इसका समापन 19 फरवरी को होगा। इसमें ग्रामवासी जुटे हुए है। अंचल की मानस मंडलिया रामायण गान कर रही है। इसमें शामिल होने बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। परमब्रह्म के दो अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण दोनों ने विचरण किया है। यहां के धूल में दोनों अवतार के चरणरज है। छत्तीसगढ की धरा परम पवित्र है।

कन्नौजिया राठौर समाज का प्रतिभावान छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह आज

■ राठौर सामुदायिक भवन पोरथा में प्रात: 9 बजे से होगा आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती (पोरथा)। प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह राठौर सामुदायिक भवन में होना है । 10 वी एवम 12वी बोर्ड परीक्षाओ में 80 प्रतिशत एवम उससे अधिक अंक प्राप्त बच्चों को मैडल एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जावेगा । स्व.मालतीसर्वदा प्रसाद राठौर के स्मृति में उनके सुपुत्र वर्तमान राठौर समाज के केंद्रीय महासचिव राजेन्द्र राठौर की ओर से 12वी एवम 10 वी में सर्वाधिक अंक प्राप्त बच्चे को क्रमशः दस हजार व पांच हजार नगद प्रोत्साहन राशि दी जावेगी । इसी क्रम में कक्षा 10 वी में झाडूसावमेमबाई स्मृति में उनके पुत्रो उमेद, तिलकेश व पंचराम जी के द्वारा नगद 2100 रुपये व 1500रुपयों का प्रोत्साहन दिया जावेगा । राठौर समाज द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए समाज द्वारा पुरुस्कृत किया जाता है ।महासचिव राजेन्द्र राठौर ने सभी सामाजिक बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

कन्नौजिया राठौर समाज केन्द्र पोरथा (सक्ती)
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

शिवरीनारायण को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। वात्सल्य की प्रतिमूर्ति माँ शबरी जिन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम को जूठे बेर खिलाये थे आज उनकी जयंती है। उनके जन्मस्थान शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा में वर्तमान में प्रसिद्ध पुन्नी मेला भी चल रहा है। यह स्थान धार्मिक-पौराणिक महत्व का स्थल तो है ही, साथ ही प्राचीन समय से ही महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र भी रहा है। पूर्व में यह तीर्थाटन के लिए पुरी जाने वाले यात्री इसी मार्ग से गुजरते थे। तीर्थ यात्रियों के लिए यह विश्राम केन्द्र के रूप में भी ख्यातिलब्ध था। दुर्भाग्यवश इस स्थल को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उन्नत करने अपेक्षाकृत ठोस प्रयास नही हो सका, हालांकि मौजूदा दौर में स्थानीय निकाय के द्वारा बेहतर कोशिस की गई है, जिससे पहले की अपेक्षा यात्रियों को अच्छी सुविधा मिलने लगी है।यही कारण है कि लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। इन प्रयासों के बाद भी वैश्विक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने का इंतज़ार शिवरीनारायण को आज भी है।

भाजपा जिला महामंत्री प्रशांत सिंह ठाकुर ने मांग की है कि माता शबरी के जन्म स्थल को विश्व पटल पर स्थापित करने समुचित प्रयास किये जायें। उन्होंने मांग की है कि आवश्यकतानुसार शिवरीनारायण के धार्मिक महत्व का प्रचार-प्रसार बड़े स्तर पर किया जाना चाहिए, ताकि विदेशी पर्यटक आकर्षित हों। इससे सनातनी आस्था के केंद्र शिवरीनारायण की कीर्ति का प्रसार तो होगा ही, स्थानीय स्तर पर नवीन रोजगार का सृजन भी होगा।

परेशानी जिले के खरीदी केंद्रों में अंतिम समय मे बारदाना की कमी होने की संभावना

बारदाना कम होने से किसानों को अब नहीं जारी किए जा रहे टोकन

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। जिले के अधिकांश धान खरीदी केंद्रों में बारदाना नहीं होने से खरीदी प्रभावित होने की आसंका है, वहीं कई जगह बारदाना नही होने से किसानों के टोकन काटा जाना भी बंद है जिससे जिले के धान खरीदी केंद्रों में टोकन नही कटने से आये दिन विवाद की स्तिथि निर्मित हो रही वही समितियों को विपणन विभाग ने आने वाले सोमवार तक बोरा उपलब्ध कराने की बात कही है, पर अभी तक बारदान नहीं पहुँचा है। केंद्र प्रभारियों द्वारा उच्च अधिकारियों को बार-बार सूचना देने पर भी समितियों में बारदाना नहीं पहुँच पाया है। इसके चलते अब खरीदी के केवल पाँच दिन शेष होने से बारदाने की कमी की वजह से किसानों से धान खरीदने में जिले के 22 समितियों को परेशानी हो सकती है।

इस बीच कई किसान असुविधा होने पर अपनी भड़ास धान खरीदी केंद्र प्रभारी पर निकाल रहे हैं।वही अधिकारी अंतिम समय मे लछ्य तक पहुँचने व उठाव नही होने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं जब कि जिले के कई खरीदी केंद्र की स्थिति यह है कि यहां से 20 फरवरी तक का टोकन जारी हो चुका है, पर बारदान उपलब्ध नहीं है।वही जिले के बड़े समिति अब बारदाना की कमी से किसानों को टोकन भी जारी नही कर रहे ऐसे में जिस तिथि को टोकन जारी किया जा चुका है, उन तिथियों की खरीदी कैसे की जाएगी, यह भी समस्या बनी हुई है।

इन केंद्रों में बारदाने की समस्या

जिले के कई खरीदी केंद्रों में बारदाने की किल्लत है। इसमें पटना, गिरजापुर, सरभोका, सोनहत व धोराटीकरा सहित कई केंद्र में अब भी बारदाने का इंतजार है। बीते दिनों बारदाना की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने विभाग को फटकार लगाई और बारदाने की व्यवस्था करने निर्देश दिए हैं फिर भी समय पर बारदाना पहुँचना अब संभव नही लग रहा जब कि खरीदी का अंतिम पखवाड़ा होने से धान की आवक बढ़ी है। जिस वजह से केंद्रों में कई समस्या आ रही है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ARVIND KUMAR DAHARIA S/O MOHAN LAL DAHARIA निवासी H.NO 136 AMARTAL TILAI JANJGIR CHAMPA (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ARVIND RAJ DAHARIA S/O MOHAN LAL DAHARIA रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ARVIND RAJ DAHARIA S/O MOHAN LAL DAHARIA से ही जाना पहचाना जावे।

ARVIND RAJ DAHARIA
H.NO 136 AMARTAL TILAI
JANJGIR CHAMPA (C.G)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ASHISH AGRAWAL S/O VINOD KUMAR AGRAWAL निवासी H.NO 24, KANJI NALA KE PASS BANARI JANJGIR, DIST. JANJGIR CHAMPA (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ASHISH SULTANIA S/O VINOD KUMAR AGRAWAL रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ASHISH SULTANIA S/O VINOD KUMAR AGRAWAL से ही जाना पहचाना जावे।

ASHISH SULTANIA
H.NO 24, KANJI NALA KE PASS BANARI JANJGIR,
DIST.- JANJGIR CHAMPA (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SUBHA AGRAWAL W/O ASHISH SULTANIA निवासी H.NO 24, KANJI NALA KE PASS BANARI JANJGIR, DIST. JANJGIR CHAMPA (C.G) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SUBHA SULTANIA W/O ASHISH SULTANIA रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SUBHA SULTANIA W/O ASHISH SULTANIA से ही जाना पहचाना जावे।

SUBHA SULTANIA
H.NO 24, KANJI NALA KE PASS BANARI JANJGIR,
DIST.- JANJGIR CHAMPA (C.G.)

धान खरीदी की तिथि बढ़ाने को लेकर किसानों ने किया चक्का जाम

■ जिला मुख्यालय के धनोरा चौक में एनएच जाम किया, इससे सड़क के दोनों ओर सैकड़ों गाड़ियों की कतार लग गई

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिला मुख्यालय में शुक्रवार को किसानों ने एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर नेशनल हाइवे जाम कर दिया है। वही किसानों के इस आंदोलन को भाजपा ने समर्थन देते हुए किसानों की मांग को जायज बताया है। जिले भर के किसानों ने बारदाना की कमी को पूरा करने और धान खरीदी की समय सीमा को बढ़ाने की मांग को लेकर बीजापुर जिला मुख्यालय के धनोरा चौक में एनएच जाम किया। इससे सड़क के दोनों ओर सैकड़ों गाड़ियों की कतार लग गई। किसानों के इस धरने को पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा सहित भाजपा जिला इकाई ने अपना समर्थन दिया है। किसानों ने राज्यपाल के नाम से बीजापुर तहसीलदार टीपी साहू को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने किसानों से जो वादा किया था वो उसे भूल गई है। आज किसान अपने धान को बेचने के लिए दर दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर हो गए है। हमारी पार्टी किसानों के साथ है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास राव ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों से झूठे वादे कर सत्ता पर कब्जा किया है। आज प्रदेश का किसान पूरी तरह से परेशान हो चुका है। इस धरना प्रदर्शन के दौरान जिले के सैकड़ों किसान के साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

पीएनबी ने सेटल किया 12 लाख का क्लेम

■ अच्छे कार्य करने वाले एडवाइजर हुए सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

भानुप्रतापपुर। पंजाब नेशनल बैंक मेटलाइफ इन्शुरन्स के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक रीजनल मैनेजर प्रदीप कुलकर्णी की उपस्थिति में बुधवार को कांकेर के लेक व्यू होटल में रखी गयी।

इस दौरान कांकेर टीम के पिछले साल भर के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया व अच्छे कार्य करने वाले एडवाइजरों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया, साथ ही आगे की कार्यों की योजना भी बनाई गई। बैठक के दौरान हालहि में छोटेडोंगर निवासी पूनम नंदी के पति की मृत्यु पश्चात चाइल्ड प्लान के तहत पास हुए 12 लाख के क्लेम का चेक भी प्रदान किया गया। उन्होंने चेक लेते हुए पीएनबी के सभी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, और बताया कि इस घटना से वे भविष्य में अपने बच्चे की परवरिश को लेकर कितनी व्यथित थीं। किन्तु उनके पति ने जो पीएनबी का चाइल्ड प्लान लिया था उसके तहत उन्हें 12 लाख का क्लेम मिला और आने वाले समय मे जब बच्चे की उम्र 18 हो जाएगी तो उसकी पढाई हेतु भी पैसे मिलेंगे, अब उनकी सारी चिन्ता खत्म हो गयी। इस बैठक में रायपुर के अधिकारी संजय सोनी, पिसी पंडा, कांकेर के अज्जू साहू, भानुप्रतापपुर से जितेंद्र शिवहरे, मयंक सोनी, नवराज यामले, मोकेन्द्र यमले, लोमेश बघेल, राजीव श्रीवास, धनीराम गोटा, सीमा बघेल, हेमा नरेटी, चोवा राम साहू, संतोष पासवान, संदीप सिंह राठोर, मनीष यादव, सुनीता नेताम, विनोद टोप्पा, रामलाल कडती आदि उपस्थित रहे।

कैंडल मार्च निकालकर पुलवामा में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

■ सांस्कृतिक भवन से जयस्तंभ तक कैंडल मार्च निकाला

■ रैली जयस्तंभ पंहुची जहां शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद दो मिनट का मौन रखा गया

■ विभिन्न संगठनों, जवानें व लोगों ने दी पुलवामा वीर शहीदों को भाव-भीनी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिला मुख्यालय के जयस्तंभ में सीआरपीएफ जवान, पुलिस जवान और नगरवासियों ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। जिलावासियों ने सांस्कृतिक भवन से जयस्तंभ तक कैंडल मार्च निकाला। रैली जयस्तंभ पंहुची जहां शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद दो मिनट का मौन रखा गया। सीआरपीएफ डीआईजी कोमल सिंह ने कहा कि इस समाज मे आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है, धर्म की आड़ में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली ताकतों से हिंदुस्तान के सभी लोग मिल कर मुकाबला करेंगे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने शहीदों को याद करते हुए कहा शहीदों का बलिदान व्यर्थ नही जाएगा, हमारे जवानों का मनोबल कम नही हुआ है, हम देश के दुश्मनों से हमारे शहीद भाइयों के मौत का बदला लेंगे। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ कमांडेंट विनय चौधरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ा ज़ियारत बेग, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियाम, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, बीजापुर तहसीलदार टीपी साहू, कोतवाली प्रभारी चंद्र शेखर बारीक, यातायात प्रभारी अनथ राम पैंकरा, बीजापुर के पत्रकार, नगरवासी, सीआरपीएफ के अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या मे पुलिस जवान उपस्थित रहे।

बचेली एनएमडीसी से सहमति के बाद धरना समाप्त

■ 12 फरवरी की बैठक में प्रमुख मांगो पर एनएमडीसी प्रबंधन से सहमति के बाद लिया गया फैसला

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। 14 फरवरी 15 दिनों के कड़े संघर्ष के बाद आखिरकार एनएमडीसी प्रबंधन से बातचीत के बाद मजदूर यूनियन की सहमति बनी,जिसके बाद एसकेएमएस यूनियन के अध्यक्ष बलवंत कौशल ने आज सुबह धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की। एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा मांगो को मान लिए जाने से मजदूर संगठन के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। यूनियन के सभी सदस्यों द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों की बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आपको बता दे की 30 जनवरी से 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यूनियन के कर्मचारी धरने पर चले गए थे। जिसके बाद एनएमडीसी मुख्यालय से फेडरेशन के प्रतिनिधियों को बातचीत हेतु आमंत्रित किया गया था। इस दौरान मजदूर यूनियन के सदस्यों द्वारा धरना प्रदर्शन जारी रहा । आज सुबह धरना स्थल पर पहुंचकर एसकेएमएस के अध्यक्ष बलवंत कौशल ने सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा की एनएमडीसी प्रबंधन के साथ की गई इस बैठक के परिणाम सकारात्मक रहे। हमारी 11 प्रमुख मांगो को प्रबंधन ने सैद्धांतिक तौर पे मान लिया है। जिसमे हीरक जयंती उपहार को राशि के रूप में दिया जाना,बोनस की शेष राशि नए फार्मूले के तहत दिया जाना,नाइट शिफ्ट अलाउंस जैसे कई अन्य मांगों पर एनएमडीसी के उच्चाधिकारियों से सहमति बनी है। अध्यक्ष द्वारा सभी मजदूर साथियों को आंदोलन में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में इसी तरह मजदूरों के हित की लड़ाई एक साथ मिलजुलकर लड़ने हेतु एकता बनाये रखने की अपील की। एसकेएमएस सदस्यो द्वारा स्व डॉ एस.रविकुमार को यूनियन भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

निर्वाचित जिपं सदस्यों के मध्य किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है : बसंत

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन को ले कर लगतार सोशल मीडिया में आ रही खबरों को सिरे से खारिज करते हुए जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा की कुछ विघ्नसंतोषी लोग बीजापुर के लोकप्रिय विधायक एवं बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी के बढ़ते जनाधार से बौखला कर हमारे ऊर्जावान विधायक एवं कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन ऐसे लोग अपने मंसूबों पर कभी कामयाब नहीं होंगे कांग्रेस पार्टी के नेता ताटी ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से पहले छग शासन के मंत्री एवं पर्यवेक्षक कवासी लखमा जी द्वारा कांग्रेस पार्टी के समस्त निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों से रायशुमारी करने के पश्चात ही शंकर कुड़ियाम एवं माननीय कमलेश कारम के नामों पर अंतिम मुहर लगाया है जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के मध्य किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है हम सभी निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के नाम पर सहमति प्रदान करने के पश्चात ही शंकर कुड़ियाम को अध्यक्ष एवं माननीय कमलेश कारम को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ एसडीएम और पीठासीन अधिकारी ने दर्ज कराई एफआईआर

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। एसडीएम व चुनाव के पीठासीन अधिकारी ने सिटी कोतवाली को सूचना देकर विधानसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राकेश पात्रे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया हैं। जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राकेश पात्रे ने एसडीएम समेत चुनाव में शामिल अधिकारियों और पुलिस महकमें के अफसरों के साथ खुलेआम गाली गलौच की है। घटना के बाद मुंगेली एसडीएम चित्रकांत सिंह चार्ली के लिखित शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने राकेश पात्रे खिलाफ धारा 294, 186, 353 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1991 की धारा 127 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

एफआईआर पर नगर में मचा हड़कंप

मुंगेली विधानसभा के कांग्रेस के शीर्ष नेता पर एफआईआर से नगर में हड़कंप मचा हुआ है. बताया जाता है कि जब राकेश पात्रे वहां प्रवेश कर रहे थे तो भाजपानेताओं ने उनके जाने पर आपत्ति जताते हुए उन्हें रोकने या भाजपाईयों को भी अंदर जाने देने कहा था उसी बात पर हंगामा एवं बहस विवाद शुरू हुआ था। जिसके बाद पीठासीन अधिकारी एसडीएम ने सिटी कोतवाली को सूचना देकर मुंगेली विधानसभा के प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता राकेश पात्रे पर मामला दर्ज कराया. वहीं कांग्रेस नेता राकेश पात्रे से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल बंद रहने से बात नही हो पाई। राकेश पात्रे के विरूद्ध थाने में मामला दर्ज होने को लेकर नगर में हड़कम्प मच गया है। बहरहाल जिले पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है व आरोपी के तलाश में जुटी हुई है।

घटना जनपद चुनाव के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के मतदान स्थल में जाने के बाद उठे विवाद में कांग्रेस नेता एवं अधिकारियों के बीच बहस की स्थिति निर्मित हुई थी। जनपद पंचायत अध्यक्ष चुनाव के पीठासीन अधिकारी एसडीएम चार्ली ने लिखित में बताया है कि इस दौरान राकेश पात्रे ने सहायक पीठासीन अधिकारी अमित कुमार सिन्हा, नायब तहसीलदार उमाकांत जायसवाल को अश्लील गालियां दी व शांति भंग करने की कोशिश की है। एसडीएम ने कांग्रेस नेता पर गुंडागर्दी करने एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने तथा अधिकारियों को बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

हेल्पिंग ह्यूमन जिला संयोजक ने दिया स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन

बचेली। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार शिकायते मिलने के बाद हेल्पिंग ह्यूमन जिला संयोजक राहुल सेन ने जिला चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे प्रतिलिपी स्वरूप नगरपालिका बचेली,विधायक दंतेवाड़ा,एवं पत्रकारों को अस्पताल में फैली अव्यवस्था की जानकारी देकर जल्द कार्यवाही कर स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने ज्ञापन दिया है।

जिसमे उल्लेख है की अस्पताल में लैब टेक्नीशियन का देरी से आना जिसकी वजह से भूखे पेट रक्त की जांच नही हो पाना,दवाइयों की कमी,आयुष विभाग डॉक्टर की अनुपस्थिति, साफ सफाई का अभाव,एवं मेडिकल वेस्ट के लिए अपर्याप्त संसाधन आदि विषयों की जानकारी प्रदान की गई है । हेल्पिंग ह्यूमन के जिला संयोजक राहुल सेन के मुताबिक। लंबे समय से नगर वासियों की शिकायत प्राप्त हो रही थी की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय सुविधाओं को लेकर लापरवाही बरती जा रही है परंतु संबंधित विभाग आंखों में पट्टी बांधे बैठे हैं।

किसानों का क्रेडिट कार्ड बनाने बैंक अधिकारियों के साथ हुई बैठक

नारायणपुर। जिले के सभी किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु बीते दिन जिला पंचायत के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रेम कुमार पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दिनेश कुमार नाग, डिप्टी कलेक्टर श्री वैभव क्षेत्रज्ञ और बैंक अधिकारियों तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन आदि विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत लाभान्वित कृषक तथा जिले के अन्य सभी पात्र कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में लाया जायेगा। भारत सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)
बाबूपारा जेल रोड अम्बिकापुर फोन 07774-224498 फैक्स 224113
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक व दिनांक	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की तिथि	निविदा आमंत्रण
1	2	3	4	5	6	7
1	03/ 12.02.2020	61110	लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अम्बिकापुर अंतर्गत विभिन्न नदी/नालों में बोरिंग कार्य की निविदा आमंत्रण बाबत्।	रु. 33.28 लाख	18.02.2020	प्रथम निविदा आमंत्रण

जी-76917/4 Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल
अम्बिकापुर (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

विधायक सिर्फ 15...
मची हुई है। सियासी जानकारों की मानें तो देश को कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की बात करने वाली बीजेपी उसी प्रदेश में वेंटिलेटर पर पहुंच गई है जहां लगातार तीन बार सरकार बनाई।

तीसरी रेल लाइन के .....
झारसुगुढ़ा रेल मार्ग पर भी असर पड़ेगा और कई ट्रेनों का परिचालन बीच रास्ते में स्थगित करने से लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों को पैसेंजर बनाकर चलाने का फैसला लिया गया है। आज शनिवार 15 फरवरी से 27 फरवरी तक यह मेगा ब्लॉक रहेगा। इस वजह से त्यौहारी सीजन और रूटीन यात्रियों समेत हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग के करीब 35 हजार से ज्यादा रेल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। हालाकि ब्लॉक के दौरान यात्रा रद्द करने से भी करोड़ों रुपए का नुक्सान टिकट कैंसिलेशन से रेल राजस्व को पहुंचेगा।

चुनाव हारने पर काटी...
में हलचल शुरू हो गई है और यह पूरी तरह से काम कर रही है। मरीज का नाम कमला साहू (45)पति विजेंद्र साहू है। वह रायपुर जिले के आरंग की रहने वाली है। डीकेएस के एडिशनल सुप्रिंटेंडेंट डॉ. हेमंत शर्मा के मुताबिक महिला को 8 फरवरी 2020 को अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में लाया गया था। महिला के परिजन उसकी कटी हुई हथेली को प्लास्टिक में भरकर ले आए थे। इमरजेंसी को देखते हुए महिला को तुरंत ही ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कर दिया गया था। यह पूछने पर हथेली कैसे कटी परिजन ने बताया कि पंचायत चुनाव हारने के गम महिला ने धारदार हसियां से अपनी हथेली काट दी थी।

विधायक सिर्फ 15...
मची हुई है। सियासी जानकारों की मानें तो देश को कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की बात करने वाली बीजेपी उसी प्रदेश में वेंटिलेटर पर पहुंच गई है जहां लगातार तीन बार सरकार बनाई।

कांकेर- हेमंत ध्रुव (कांग्रेस)
जगदलपुर (बस्तर)- वेदवती कश्यप (भाजपा)
नारायणपुर- श्यामबती नेताम (कांग्रेस) निर्विरोध।
गरियाबंद- स्मृति नीरज ठाकुर (कांग्रेस)
बीजापुर- शंकर कुड़ियान (कांग्रेस) निर्विरोध।
कोंडागांव- देवचंद मातलम (कांग्रेस)
दंतेवाड़ा- तुलिका कर्मा (कांग्रेस)।
सुकमा- हरीश कवासी (कांग्रेस), निर्विरोध।

न्यू इंडिया समिट...
किया। यह ऐप 21 राज्यों और 220 शहरों के 20 हजार डेवलपर्स को सीधे भावी खरीददारों के साथ जोड़ेगा और भारत में रिहायशी बाजार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री अकबर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हर संभव पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। इनमें प्रदेश में छोटे भूखण्डों की खरीद-बिक्री पर लगी रोक को हटाया गया है। इसी तरह कलेक्टर गाइड लाईन की दरों में 30 प्रतिशत और पंजीयन शुल्क की राशि में दो प्रतिशत की कमी गई है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है और रियल एस्टेट के क्षेत्र में काफी उछाल आया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक वर्ष में लगभग डेढ़ गुना तक की वृद्धि हुई है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री अकबर ने यह भी बताया कि इनमें सुविधा के लिए प्रदेश में एकल खिड़की प्रणाली लागू की गई है। इसके पहले प्रोजेक्ट के अनुमोदन के लिए जहां डेढ़ से दो साल का समय लग जाता था। वह अब दो-तीन महीने की अवधि में ही पूर्ण हो जाता है। श्री अकबर ने अवगत कराया कि प्रदेश में भू-खण्ड परिवर्तन को आसान बनाने की प्रक्रिया भी जारी है। इसमें आमोद-प्रमोद और सड़क के प्रयोजन संबंधी भूमि को छोड़कर अन्य भूमि के आवासीय, औद्योगिक तथा व्यावसायिक आदि भूमि में परिवर्तन के लिए बहुत सुविधा हो जाएगी।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./71/अ-6/2020
उद्‌घोषणा
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण शेख जावेद पिता स्व. हिसामुद्‌दीन उर्फ अब्बास भाई जाति मुसलमान निवासी संजयनगर कांकेर छ.ग. अन्य 01 के द्वारा मोहल्ला राजापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नंबर 13 बी, प्लाट नं. 13/2 क्षेत्रफल 115.75 वर्गमीटर, 1245 वर्गफुट पक्का मकान मय खाली जगह वार्षिक भू-भाटक 22.42 रु. शेख जावेद, शेख शाहिद पिता स्व. हिसामुद्दीन निवासी कांकेर के नाम नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आपसी सहमति के अनुसार फर्द बंटवारानामा ई-पंजीयन आई.डी.नं. सीजी56193201202000‌1 दस्तावेज क्रमांक 1172 दिनांक 29/01/2020 को उप पंजीयन कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए भूमि शीट नंबर 13, प्लाट नं. 13/2 क्षेत्रफल 115.75 वर्गमीटर, 1245 वर्गफुट में से पक्ष क्रमांक 01 शेख जावेद पिता स्व. हिसामुद्दीन को क्षेत्रफल 57.88 वर्गमीटर, भूभाटक 11.21 रु. एवं शेख शाहिद पिता स्व. हिसामुद्दीन को क्षेत्रफल 57.87 वर्गमीटर भूभाटक 11.21 रु. पृथक-पृथक नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने छ.ग.भू.राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्‌घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।
आज दिनांक 10/2/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
सील
नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

कार्पोरेशन बैंक
(सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक)
चाम्पा शाखा
मंझली तालाब, स्टेशन रोड, चाम्पा
495671, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

कब्जा नोटिस
नियम 8 (1) देखें
अचल संपत्ति के लिए

कॉरपोरेशन बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2020 का 54) के तहत व धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों, जिसमें उक्त अधिनियम के नियम 3 का भाव निहित है, का इस्तेमाल करते हुए कर्जदार मसर्स प्रदीप कुमार देवांगन पिता स्व. श्री लखनलाल देवांगन (प्रो.-प्रभा प्रिंटर्स) निवासी- वार्ड नं. 19, सीताराम गली, मंझली तालाब, चाम्पा, जिला -जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ को 1-10-2019 को डिमांड नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में उल्लेखित 10,34,758 रुपए (दस लाख, चौतीस हजार, सात सौ अनठावन रुपए मात्र) (दिनांक 30.09.2019) की राशि नोटिस प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। लेकिन कर्जदारों द्वारा ऐसा नहीं किए जाने पर अब कर्जदारों को खास जनता को आम तौर पर सूचित किया रहा है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे उल्लेखित संपत्ति को कानून की धारा 13 की उपधारा (4), जिसमें प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 का भाव निहित है, द्वारा प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल कर 14 फरवरी 2020 को अपने कब्जे में ले लिया है।
कर्जदारों को खास व जनता को आम तौर पर आगाह किया जा रहा है कि वे नीचे उल्लेखित संपत्ति को लेकर कोई डील न करें। इस संपत्ति से जुड़ी कोई भी सौदा कॉर्पोरेशन बैंक, चाम्पा (संस्था का नाम) द्वारा 10,34,758 रुपए व इस पर लगने वाले ब्याज के लिए की जाने वाली वसूली से संबंधित विषय होगा।
गिरवी रखी गई संपत्ति को छुड़ाने उपलब्ध समय को लेकर कर्जदारों का ध्यान कानून की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।

कर्जदार, संपत्ति के मालिक का नाम	गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का ब्योरा	डिमांड नोटिस व कब्जे की तारीख	बकाया ऋण राशि
1. प्रदीप देवांगन पिता स्व. श्री लखनलाल देवांगन	प.ह.न. 04, खसरा नं. 944/3, मकान नं. 19, सीताराम गली, मंझली तालाब चाम्पा, तहसील चाम्पा, जिला-जांजगीर-चाम्पा कुल क्षेत्रफल 981 वर्गफीट है। जिसका मालिक प्रदीप देवांगन पिता स्व. श्री लखन लाल देवांगन **सीमाएं :-** पूर्व में- सीसी रोड, पश्चिम में- नान्हू देवांगन की जमीन उत्तर में- फूलचंद की जमीन, दक्षिण में- संदीप देवांगन का घर	1.10.2019 14.02.2020	10,34,758.00 (दस लाख चौतीस हजार सात सौ अनठावन रुपए मात्र) + ब्याज + अन्य खर्चे

दिनांक : 14.2.2020
स्थान : चाम्पा

प्राधिकृत अधिकारी
कॉर्पोरेशन बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

राधे में अपना फेमस डायलॉग बोलते नजर आएंगे सलमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' में अपना फेमस डायलॉग बोलते नजर आ सकते हैं। सलमान इन दिनों प्रभुदेवा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' में काम कर रहे हैं। यह फिल्म सलमान की सुपरहिट फिल्म 'वॉन्टेड' की अनऑफिशिल सीक्वल बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में सलमान खान 'वॉन्टेड' में बोला अपना फेमस 'कमिटमेंट' वाला डायलॉग एक बार फिर इस फिल्म में बोलते दिखाई देंगे।

बताया जा रहा है कि सलमान का डायलॉग 'एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर लिया तो मैं खुद की भी नहीं सुनता हूं' को इस्तेमाल करने की इजाजत मिलती है तो इसे सलमान फिर बोलते दिखाई जाएंगे। फिल्म 'वॉन्टेड' का ऑफिशिल सीक्वल नहीं है और ऑरिजनल फिल्म और डायलॉग्स के राइट्स प्रोड्यूसर बोनी कपूर के पास हैं। कहा गया है कि इस डायलॉग के लिए बातचीत चल रही है। हालांकि इतना तय है कि अगर प्रभुदेवा को इस डायलॉग की इजाजत नहीं भी मिलती है तो वह जरूर सलमान के लिए कोई धांसू डायलॉग जरूर लाएंगे। 'भारत' के बाद सलमान खान एक बार फिर 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' में दिशा पाटनी के साथ दिखाई देंगे। फिल्म में रणदीप हुड्डा और जैकी श्रॉफभी महत्वपूर्ण किरदार में दिखाई देंगे।

> सलमान का डायलॉग 'एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर लिया तो मैं खुद की भी नहीं सुनता हूं' को इस्तेमाल करने की इजाजत मिलती है तो इसे सलमान फिर बोलते दिखाई जाएंगे। फिल्म 'वॉन्टेड' का ऑफिशिल सीक्वल नहीं है और ऑरिजनल फिल्म और डायलॉग्स के राइट्स प्रोड्यूसर बोनी कपूर के पास हैं। कहा गया है कि इस डायलॉग के लिए बातचीत चल रही है। हालांकि इतना तय है कि अगर प्रभुदेवा को इस डायलॉग की इजाजत नहीं भी मिलती है तो वह जरूर सलमान के लिए कोई धांसू डायलॉग जरूर लाएंगे।

एकता कपूर की वेबसीरीज में काम करेंगे अर्सलान गोनी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अर्सलान गोनी ,एकता कपूर की वेबसीरीज में काम करने जा रहे हैं। अर्सलान गोनी ने वर्ष 2017 में प्रदर्शित फिल्म 'जिया और जिया' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। वह अब ऑल्ट बालाजी की आगामी वेब सीरीज, मैं हीरो बोल रहा हूँ में जल्द नजर आने वाले है। यह सीरीज 1980 के दशक से 1990 के दशक की अवधि में निर्धारित है। इस सीरीज में अर्सलान एक अंडरवर्ल्ड डॉन की भूमिका में नज़र आने वाले है। इसके अलावा वह हक से 2 में भी नजर आएंगे, जिसकी घोषणा एकता कपूर ने बहुत पहले ही कर दी थी। अर्सलान ने अपने करियर की नयी दिशा ढूंढ ली है। वह एक साथ दो वेब सीरीज कर रहे है और तेज़ी से अपने करियर में आगे बढ़ भी रहे है और यह उनकी ज़िन्दगी में बदलाव के साथ एक बेहतरीन शुरुआत है।

ब्राज़ीलियाई एक्ट्रेस और मॉडल लैरिसा बोन्सी को लांच करेंगे सलमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ब्राज़ीलियाई एक्ट्रेस और मॉडल लैरिसा बोन्सी को लांच करने जा रहे हैं।

सलमान खान को बॉलीवुड का गॉडफादर माना जाता है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कई नये चेहरों को लांच किया है। सलमान अब ब्राज़ीलियाई एक्ट्रेस और मॉडल लैरिसा बोन्सी को बॉलीवुड में लांच करने जा रहे हैं।

लैरिसा बोन्सी ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिये दी। उन्होंने सलमान खान के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, मैं बॉलीवुड के मशहूर और जाने-माने एक्टर सलमान खान के साथ काम करने में गर्व और खुशी महसूस कर रही हूँ ,मुझे उनके काम और उनके चरित्र से बहुत कुछ को सीखने मिला और मैं उनके काम से प्रभावित हूँ। मैं अपने आप को खुशनसीब महसूस कर रही हूँ। मेरा दिल कृतज्ञता के साथ धड़कता रहा है .. धन्यवाद! गौरतलब है कि लैरिसा बोन्सी एक ब्राज़ीलियाई मॉडल, डांसर हैं और उन्होंने अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ ब्लॉकबस्टर 'गीत सुबह होने न दे' के साथ अपने करियर की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने टाइगर श्रॉफ सूरज पंचोली के साथ कुछ म्यूजिक वीडियो एल्बम भी किए है।

शाहरुख-सलमान के गानों पर परफॉर्म करेंगे कार्तिक आर्यन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन, शाहरूख खान और सलमान खान के गानों पर फिल्मफेयर अवार्डस में परफार्म करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के इस सबसे बड़े पुरस्कार समारोह फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बड़े सितारों का जमावड़ा लगेगा। कार्तिक के लिए ये अवॉर्ड्स इसलिए खास हैं क्योंकि उनका पुराना सपना इस मौके पर पूरा होने जा रहा है। अवॉर्ड शो में कार्तिक 90 के दशक के शाहरुख और सलमान के सुपरहिट गानों पर परफॉर्म करते दिखाई देंगे। कार्तिक बचपन से सलमान और शाहरुख के फैन्स रहे हैं। ऐसे में उनके इन सुपरहिट गानों पर परफॉर्म करना सपने के पूरे होने जैसा ही है। इसके अलावा कार्तिक अपनी मूवी 'लव आज कल' और पुरानी वाली 'लव आज कल' के गानों पर भी परफॉर्म करेंगे। कार्तिक की इस परफॉर्मेंस को श्यामक डावर ने कोरयॉग्राफ किया है। इवेंट में स्टेज को बहुत सारी एलईडी लाइटों से सजाया गया है जिसमें कार्तिक की बाइक पर धमाकेदार एंट्री होगी। कार्तिक इसमें शिमरी ड्रेस के साथ डांसर्स के ग्रुप के साथ दिखाई देंगे।

भारत न्यूजीलैंड अभ्यास मैच भारत की ओर से शमी को 3, बुमराह-उमेश-नवदीप को मिले दो-दो विकेट

भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को किया ढेर

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश को दूसरे दिन शनिवार को 263 पर सिमेट दिया और टेस्ट सीरीज से पहले मेजबान टीम के लिए खतरे की घंटे बजा दी।

मिशेल ने 32 रन, ब्रूस ने 31, एलेन ने 20, ईश सोढी ने 14 रन बनाए

हेमिल्टन (वार्ता)। भारत की ओर से शमी ने 10 ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट, जसप्रीत बुमराह ने 18 रन, उमेश यादव ने 49 रन और नवदीप सैनी ने 58 रन देकर दो-दो विकेट झटके जबकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 46 रन पर एक विकेट मिला। रवींद्र जडेजा को हालांकि 25 रन देकर कोई विकेट हासिल नहीं हुआ।

इससे पहले भारत ने पहली पारी में 263 पर ऑलआउट होने के बाद न्यूजीलैंड को गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर सस्ते में समेट दिया और 28 रन की मामूली बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड की ओर से हेनरी कूपर ने 68 गेंदों में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 40 रन बनाए। न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और बुमराह ने विल यंग (2) को 11 के स्कोर पर रिषभ पंत के हाथों कैच कराकर आउट कर दिया। इसके बाद शमी ने टिम सेफर्ट को पंत के हाथों कैच कराया और पवेलियन भेजा। सेफर्ट ने 26 गेंदों में नौ रन की पारी में एक चौका लगाया। रचिन रवींद्र को उमेश ने पवेलियन भेजा और न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद बुमराह ने एक बार फिर अपनी तेज गेंदबाजी का जलवा बिखेरते हुए फिन एलेन को बोल्ड कर दिया और कीवी टीम की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। 82 रन पर चार विकेट गिरने के बाद कूपर ने टॉम ब्रूस के साथ पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन यह कोशिश भी ज्यादा देर नहीं टिक सकी और ब्रूस को नवदीप सैनी ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। ब्रूस का विकेट 133 के स्कोर पर गिरा। यह जोड़ी टूटने के बाद न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी भारतीय गेंदबाजों के आगे बेबस रही और ज्यादा देर नहीं टिक सकी। न्यूजीलैंड की पारी में कप्तान डेरिल मिशेल ने 32 रन, ब्रूस ने 31, एलेन ने 20, ईश सोढी ने 14 और विकेटकीपर बल्लेबाज डेन क्लीवर ने 13 रन बनाए जबकि स्कॉट कुगेलजिन 11 रन बनाकर नाबाद रहे। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने पृथ्वी शॉ नाबाद 35 और मयंक अग्रवाल नाबाद 23 की पारी की बदौलत बिना विकेट खोए 59 रन बना लिए और 87 रन की बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और बुमराह ने विल यंग (2) को 11 के स्कोर पर रिषभ पंत के हाथों कैच कराकर आउट कर दिया। इसके बाद शमी ने टिम सेफर्ट को पंत के हाथों कैच कराया और पवेलियन भेजा। सेफर्ट ने 26 गेंदों में नौ रन की पारी में एक चौका लगाया। रचिन रवींद्र को उमेश ने पवेलियन भेजा और न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद बुमराह ने एक बार फिर अपनी तेज गेंदबाजी का जलवा बिखेरते हुए फिन एलेन को बोल्ड कर दिया और कीवी टीम की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। 82 रन पर चार विकेट गिरने के बाद कूपर ने टॉम ब्रूस के साथ पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन यह कोशिश भी ज्यादा देर नहीं टिक सकी और ब्रूस को नवदीप सैनी ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। ब्रूस का विकेट 133 के स्कोर पर गिरा। यह जोड़ी टूटने के बाद न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी भारतीय गेंदबाजों के आगे बेबस रही और ज्यादा देर नहीं टिक सकी। न्यूजीलैंड की पारी में कप्तान डेरिल मिशेल ने 32 रन, ब्रूस ने 31, एलेन ने 20, ईश सोढी ने 14 और विकेटकीपर बल्लेबाज डेन क्लीवर ने 13 रन बनाए जबकि स्कॉट कुगेलजिन 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

बुमराह के प्रदर्शन पर सवाल सही नहीं : शमी

हैमिल्टन। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल सीरीज में जसप्रीत बुमराह कोई विकेट नहीं ले पाए। इसके बाद सवाल उठने लगे कि क्या चोट से वापस करने के बाद बुमराह की लय कहीं खो गई है। हालांकि टीम इंडिया के उनके साथी गेंदबाज मोहम्मद शमी इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते। शमी ने कहा, ' सिर्फएक-दो मैचों में अलग प्रदर्शन के बाद लोग जसप्रीत बुमराह के कई अनगित मैच-जिताऊ खेल को कैसे भूल सकते हैं।

रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

बेन स्टोक्स (नाबाद 47) रन और मोईन अली (39 रन) की ताबड़तोड़ पारियों और इसके बाद गेंदबाजों की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी-20 मैच के बेहद करीबी मुकाबले में दो रन से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।

डर्बन (वार्ता)। इंग्लैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टोक्स के 30 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 47 और मोईन के महज 11 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 39 रन की पारी के सहारे 20 ओवर में सात विकेट पर 204 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम कप्तान क्विंटन डी कॉक के 22 गेंदों में दो चौके और आठ छक्कों की मदद से 65 रन की आतिशी पारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 202 रन ही बना सकी। मोईन को उनकी बेहतरीन पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इंग्लैंड की पारी में जैसन रॉय ने 40, जॉनी बेयरस्टो ने 35, कप्तान इयोन मोर्गन ने 27 और क्रिस जॉर्डन ने सात रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिदी ने 48 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि आंदिले फेहलुकवायो ने 47 रन देकर दो विकेट और तबरेज शम्सी ने 30 रन तथा ड्वेन प्रिटोरियस ने 17 रन देकर एक-एक विकेट लिया।

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से तेम्बा बावुमा ने 31, प्रिटोरियस ने 25, डेविड मिलर ने 21 और जेजे स्मट्स ने 13 रनों का योगदान दिया जबकि रेसी वेन डेर डुसेन ने नाबाद 43 रन बनाए।

राजस्थान ने दिल्ली के खिलाफ टाला हार का खतरा, मैच ड्रा

नई दिल्ली (वार्ता)। महिपाल लोमरोर (118) के शानदार शतक तथा रितुराज सिंह (58) और सलमान खान (नाबाद 56) के अर्धशतकों की बदौलत राजस्थान ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए और बी मुकाबले के चौथे और अंतिम दिन शनिवार को छह विकेट पर 345 रन बनाकर मैच ड्रा करा लिया। यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल हुए जबकि राजस्थान के हिस्से में एक अंक आया। दिल्ली ने आठ मैचों में यह पांचवां ड्रा खेला और उसने 21 अंकों के साथ इस सत्र में अपना अभियान समाप्त किया।

यूपी के शेर हो गए घर में ढेर

लखनऊ (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए और बी मुकाबले के चौथे और अंतिम दिन शनिवार को मेजबान उत्तर प्रदेश को 386 रनों के बड़े अंतर से हराकर छह अंक हासिल किये। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में हिमाचल प्रदेश के वैभव अरोड़ा ने यूपी की हार की पटकथा शुक्रवार को तीन अहम विकेट झटक कर पहले ही लिख दी थी जब 534 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुये मेजबान टीम के चार बल्लेबाज महज 77 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गये थे। आज करीब 90 मिनट के खेल में मेहमान गेंदबाजों ने बचे हुये छह विकेट लुढ़का कर जीत की औपचारिकता पूरी कर ली। उत्तर प्रदेश की दूसरी पारी 148 रन पर सिमट गयी। हिमाचल प्रदेश ने पहली पारी में 220 रन बनाये जिसके जवाब में यूपी की पहली पारी 119 रनों पर सिमट गयी थी। 101 रनों की बढ़त के साथ मैदान पर उतरे मेहमान बल्लेबाजों ने दूसरी पारी सात विकेट पर 433 रनों पर पारी घोषित कर दी और मेजबान टीम को जीत के लिये 535 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में यूपी की दूसरी पारी 40.4 ओवर में 148 रन पर ही सिमट गयी।

बोल्ट से भी तेज श्रीनिवास गौड़ा!!

नई दिल्ली। कर्नाटक के श्रीनिवास गौड़ा सोशल मीडिया में छाए हुए हैं। उन्हें लोग ओलिंपिक में भेजने की मांग कर रहे हैं और केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने साई के टॉप कोचों को ट्रायल दिलाने की बात भी कही है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर यह श्रीनिवास गौड़ा हैं कौन? जिनके बारे में अचानक इतनी चर्चा हो रही है। दरअसल, गौड़ा पैडी हैं, जो एक बफेलो रेस (भैंसा दौड़) में भैंसे के साथ दौड़ रहे थे। दावा किया जा रहा है कि श्रीनिवास ने 100 मीटर की रेस महज 9.55 सेकंड में ही पूरी कर दी, जबकि 142.50 मीटर की दूरी 13.62 सेकंड में पूरी की। रोचक बात यह है कि 9.55 सेकंड का समय वर्ल्ड रेकॉर्ड से भी बेहतर है। 100 मीटर की फर्राटा सबसे कम समय में पूरी करने का रेकॉर्ड जमैका के उसेन बोल्ड के नाम है।

हिमाचल प्रदेश ने यूपी को घर में दी मात

लखनऊ (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए और बी मुकाबले के अंतिम दिन शनिवार को मेजबान उत्तर प्रदेश को 386 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया और छह अंक हासिल किये। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में हिमाचल प्रदेश के वैभव अरोड़ा ने यूपी की हार की पटकथा शुक्रवार को तीन अहम विकेट झटक कर पहले ही लिख दी थी जब 534 रनों का पीछा करते हुये मेजबान टीम के चार बल्लेबाज महज 77 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गये थे। आज करीब 90 मिनट के खेल में मेहमान गेंदबाजों ने बचे हुये छह विकेट लुढ़का कर जीत की औपचारिकता पूरी कर ली। हिमाचल प्रदेश ने पहली पारी में 220 रन बनाये जिसके जवाब में यूपी की पहली पारी 119 रनो पर सिमट गयी थी। 101 रनों की बढ़त के साथ मैदान पर उतरे मेहमान बल्लेबाजों ने दूसरी पारी सात विकेट पर 433 रनों पर पारी घोषित कर दी और मेजबान टीम को जीत के लिये 535 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में यूपी की दूसरी पारी 148 रन पर ही सिमट गयी। मेजबान टीम की पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में तीन विकेट झटकने वाले हिमाचल प्रदेश के रिषि धवन को मैन आफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

रसोई गैस के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। रसोई गैस के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से जिला महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आज टी. पी. नगर में विरोध प्रदर्शन किया। कोरबा में महिला कांग्रेस के पदाधिकारी सड़क पर प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ने से आम लोगों की पॉकेट पर बड़ी मार पड़ी है। केन्द्र में जबसे भाजपा की सरकार है तब से अब तक कई बार पेट्रोल, डीज़ल के साथ साथ रसोई गैस के दामों में बढ़ोत्तरी किया गया है। लेकिन सब्सीडी में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नही किया जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संगीता सक्सेना ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि गैस की कीमत बढ़ने से मध्य वर्ग और निम्न वर्ग के परिवार को सबसे बड़ा झटका लगा है। वहीं पहले से ही गैस बुकिंग को भी बढ़े हुए मुल्य पर दिया जा रहा है। जिससे लोगों में काफी निराशा व विरोध देखने को मिल रहा है। लोग अपना गुस्सा एजेंसी पर निकाल रहे हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी ने कहा कि रसोई गैस की मंहगाई की मार से किचन का बजट खराब हो गया है। तेल, अनाज आदि की मंहगाई ने पहले से ही आम लोगों की कमर तोड़ रखी है। उपर से रसोई गैस की आए दिन बढ़ोत्तरी ने घरेलु आम महिलाओं का जीना मुश्किल कर दिया है। गीता गभेल ने कहा कि एक ओर केन्द्र सरकार धुंआ मुक्त शहर बनाने के लिए रसोई गैस को बढ़ावा दे रही है वहीं दुसरी ओर आए दिन गैस के दामों में बढ़ोत्तरी कर लोगों को एक बार फिर लकड़ी व कोयला का इस्तेमाल करने पर मजबूर कर रही है।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि रसोई गैस के दामों में बढ़ोत्तरी से परेशान आम घरेलु महिलाओं की ओर से जिला महिला कांग्रेस का विरोध करना और सरकार को जगाने का काम सराहनीय है। जिला कांग्रेस परिवार की ओर से हम सभी इस विरोध का समर्थन करते हैं और उनके साथ खड़े हैं।

पूर्व सभापति संतोष राठौर ने कहा कि लोगों के पास रोजगार नही है आम लोगों की आय सिमित है लेकिन पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस सहित खाद्य सामाग्री के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से किचन का बजट बिगड़ गया है। कार्यकारी अध्यक्ष सत्येन्द्र वासन ने कहा कि मोदी जी और उनकी सरकार देश में मंहगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हुए हैं। वहीं रोजगार के लिए कोई कार्य योजना नही है इन सभी आवश्यक जनहित के मुद्दों को छोड़कर देश को तोड़ने वाली कार्ययोजना पर कार्य कर रही है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक व सामाजिक बयानबाजी कर रही है। इस मौके पर शांता मडावे, सीमा उपाध्याय, द्रौपती तिवारी, शालु पनरिया, बॉबी चौहान, सीता महंत, लक्ष्मी कैवर्त्य, मालती किन्नर सहित भारी संख्या में महिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

कर्मा परिवार का राजनीति में बेटियों ने संघर्ष कर बढ़ाया मान

तूलिका ने संघर्ष से रचा इतिहास

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा बस्तर की राजनीति से छग की राजनीति तक अलग छाप छोड़ने वाले इकलौते बस्तर के नेता थे. मगर झीरम में स्व. कर्मा की शहादत के बाद कर्मा परिवार की राजनीति को गहरा आघात लगा. लेकिन राजनीति की दुनिया से कोसो दूर रहने वाली स्व.कर्मा की पत्नी देवती कर्मा ने बागडोर संभाली और विधायक बन गयी। मगर विधायक माँ का साथ देने उनके बेटों की जगह उनकी बेटी तूलिका कर्मा आई और 05 सालो तक पुरे कार्यकाल में उन्होंने जमकर क्षेत्र में मेहनत भी की। लेकिन दुसरे कार्यकाल में कांग्रेस की हार का ठीकरा भी दन्तेवाड़ा के क्षेत्रीय नेताओ ने प्रदेश स्तर के नेताओ के सामने तूलिका कर्मा पर ही फोड़ने लगे।

जिसके चलते उन्हें अपनी ही पार्टी में उपेक्षाओं का भी शिकार होना पड़ा। यहाँ तक कि दन्तेवाड़ा उपचुनाव में उन्हें चुनावी प्रक्रिया रैली सबसे अलग करने की साजिश भी उन्ही के दल के दन्तेवाड़ा में अच्छी पकड़ माने जाने वाले नेताओं ने की। फिर भी वे हिम्मत नही हारी और न तो कभी पार्टी लोगो से शिकवा शिकायत की।जबकि विधानसभा उपचुनाव में उनके खिलाफपार्टी में जमकर बगावत हुयी, यहाँ तक कि प्रदेश स्तर तक के नेताओ के कानों में जहर भरा गया। मगर उन्होंने फिर भी परिपक्वता का परिचय देते हुए हिम्मत न हारने वाली राजनीति की।

जिला पंचायत के उम्मीदवारों में टिकट की दावेदारी से भी उन्हें पार्टी ने क्षेत्रीय नेताओ के चलते बाहर का रास्ता दिखाने की कोशिश की। मगर तूलिका कर्मा ने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जया कश्यप के सामने मैदान में निर्दलीय बिना पार्टी समर्थन के ही पर्चा भर दिया। इस बात की हवा बनाने से कांग्रेस के ही लोगों ने चूक नही की। दन्तेवाड़ा से लेकर रायपुर तक तूलिका के खिलाफ माहौल बनाया गया। पर जनता ने तूलिका कर्मा को हाथों हाथ लिया और उन्हें इधर प्रचंड बहुमतों से जीत भी मिली। इतना ही नही सत्ता रहने बावजूद कांग्रेस महज 03 ही सीटें जीत पाई। उसमें भी एक सीट कर्मा पुत्री सुलोचना ने जीती थी। लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दो चरणों मे 03 कांग्रेस और 01 निर्दलीय तूलिका कर्मा की जीत से मुकाबला कांग्रेस के पक्ष में बन गया था। मगर तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव में कुआकोंडा जनपद क्षेत्र से 02 सीटें जिला पंचायत की कांग्रेस ने गवा दी। अब बारी जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की आई, तूलिका कर्मा और सुलोचना मिलकर अध्यक्ष पद का निर्णय लिया और तूलिका कर्मा को प्रमोट किया गया। यहाँ तूलिका कर्मा ने सीपीआई से मेहनत करके समर्थन जुटाने में फिर कामयाब रही। और अंत मे मुकाबले में किस्मत कनेक्शन ने भी कर्मा पुत्री का साथ दिया। और उन्हें विजय मिली। हालांकि उनके खिलाफ साजिश रचने वाले सबसे पहले उन्हें जीत की बधाई देने वालो के कतार में थे. मगर उनके संघर्षों में रोड़ा बनने में कोई कोर कसर नही छोड़े।

अध्यक्ष शिवकला छत्रपाल कंवर ने राजस्व मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया सौजन्य मुलाकात

कोरबा। जिला पंचायत कोरबा के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल कंवर एवं उपाध्यक्ष रीना अजय जायसवाल ने कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली तानाखार विधायक मोहित केरकेट्टा एवं जिला पंचायत सदस्यों के साथ राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर सौजन्य मुलाकात किया। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब हम सबको मिलकर कोरबा जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने होंगे।

घिनोने क्रम में लिप्त पास्को एक्ट के फरार अपराधी पकड़ाया

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। भांसी थाने दर्ज अपराध क्र0 1/2020 पास्को एक्ट के तहत नाबालिक के साथ दुष्कर्म का आरोपी धनंजय शील घटना के बाद से पुलिस को झांसा देकर फरार हो गया था. जिसकी तलाश लम्बे वक्त से लगातार दन्तेवाड़ा पुलिस अलग अलग ठिकानों पर दबिश लेकर सायबर सेल की मदद से कर रही थी। इधर दन्तेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए किरन्दुल एसडीओपी देवांश राठौर, दन्तेवाड़ा एसएसपी शिल्पा साहू के चार्ज में भांसी थाना और साइबर सेल दन्तेवाड़ा को जिम्मा टीम बनाकर अपराधी को पकड़ने के लिये सौप दिया। लगातार अपराधी के नम्बरो को ट्रेस करते हुए आरोपी को बनियागांव कोंडागांव से आज गिरफ्तार करने सफलता टीम को हाथ लगी। शातिर आरोपी के गिरफ्तारी पर दन्तेवाड़ा एसपी ने 1000/-रुपये ईनाम भी लगा रखा था। पूरी धरपकड़ की कार्यवाही को अंजाम देने भांसी टीआई प्रदीप बिसेन, एएसआई राजेश कुमार, आर संजू पवार,आर.राजू कुडियम ने भी अहम भूमिका निभाई।

युवा कांग्रेस ने मनाया अनोखा वैलेंटाइन डे

कोरबा । युवा कांग्रेस जिला कोरबा द्वारा युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधूसूदन दास के नेतृत्व में वैलेंटाइन डे के उपलक्ष्य में कड़ी धूप हो या आंधी तूफान में भी आमजनो के हित के लिए संघर्ष करने वाले हमारे कोरबा शहर के ट्रैफिक पुलिस के जवानों के साथ उनको गुलदस्ता,लाल गुलाब एव पेन भेट करके मनाया गया । इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधूसूदन दास ने कहा कि पूरे विश्व मे आज के दिन को प्यार के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है प्यार किसी भी तरीके से मनाया जा सकता है इसका कोई रूप नही होता है उसी तारतम्यता में युवा कांग्रेस जिला कोरबा द्वारा आज के इस त्यौहार को कोरबा शहर के बीच मे ट्रफीक पुलिस के जवानों के बीच मनाया गया है थोड़ा उनका हौसला अफजाई किया गया ।

महा स्वच्छता अभियान का हुआ महा आगाज

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा आज से स्वच्छता महाअभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया गया तथा अभियान के प्रथम दिवस 04 वार्डो की विभिन्न बस्तियों, पारों, मोहल्लों में वृहद स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। महापौर राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त राहुल देव, ए.डी.एम. संजय अग्रवाल ने वार्डो का भ्रमण कर स्वच्छता अभियान का जायजा लिया तथा स्वच्छता कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर एवं वार्डो के पार्षदगण भी उपस्थित थे।

विगत दिनों कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में लिए गए निर्णयानुसार 14 फरवरी से शहर में वृहद स्वच्छता ड्राईव का संचालन प्रारंभ किया गया। प्रथम दिवस आज निगम के 04 जोन के 04 वार्डो में स्वच्छता का महाअभियान चलाकर नाले, नालियों की सम्पूर्ण सफाई, सड़कों की सफाई, सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की सफाई, एकत्रित कचरे का तुरंत उठाव, परिवहन एवं उसका उचित प्रबंधन, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सहित साफ सफाई के अन्य कार्य एक अभियान के रूप में कराए गए। महापौर राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त राहुल देव, ए.डी.एम.श्री संजय अग्रवाल तथा अपर आयुक्त अशोक शर्मा ने वार्ड क्र. 01, वार्ड क्र. 02 तथा अन्य वार्डो की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर स्वच्छता कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया।

इन वार्डो में चलाई गई स्वच्छता ड्राईव

महाअभियान के प्रथम दिवस आज कोरबा जोन के वार्ड क्र. 01 पटेलपारा, फोकटपारा, टी.पी.नगर जोन के वार्ड क्र. 02 गेरवाघाट, कोसाबाड़ी जोन के वार्ड क्र. 20 आरामशीन, कांशीनगर व सम्पूर्ण वार्ड तथा रविशंकर शुक्ल जोन के वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर, कुआभट्टा, झोपड़ीपारा सहित अन्य बस्तियों, पारों, मोहल्लों व सड़कों में स्वच्छता ड्राईव चलाई गई तथा साफसफाई के कार्य एक अभियान के रूप में चलाए गए।

भटकना बंद हो तभी कष्टों से मिलेगी मुक्ती : मलुकपीठाधीश्वर

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। शरीर संसार को उपासना का माध्यम मान लेने से भक्ति रानी की कृपा शुरू हो जाती है। अगर शरीर को भोग का माध्यम मानते हैं तो कष्ट और दुख शुरू हो जाता है। उक्त बातें मलुकपीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी राजेन्द्र दास जी महाराज ने संस्कार ग्राम बांकी में तीसरे दिन की अपने प्रवचन में कहे। उन्होने शरीर को प्रकृति का अंश मानकर प्रकिती के मूल रूप के आराधना करने का माध्यम बताया। ईश्वर प्राप्ति के लिए सम्पूर्ण रूप से समर्पण पर जोर देते हुए जगतगुरु ने कहा कि सम्पूर्ण संसार आपका है और सम्पूर्ण संसार आपके रूप हैं। समर्पण करते समय अहंकार का भाव उत्पन्न नही होना चाहिए। न ही समर्पण का प्रदर्शन होना चाहिए। इसी प्रकार के समर्थन से अंश अंशी से मिल पाता है। तभी भटकना बंद हो पाता है। कष्ट दूर हो पाता है। राजेन्द्र दास जी ने बताया कि संत सरनागति भी भगवत सरनागति है। संत के माध्यम से ही भागवत प्राप्ति की मार्ग प्रसस्त होता है। आज कल लोग किसी भी को कल्याण होने का आशीर्वाद देते हैं। स्वामी जी ने कल्याण का अर्थ बताते हुए कहा कि कल्याण वो अवस्था है जिसकी प्राप्ति के बाद न दुख और न सुख की भान रह जाती है। भौतिक वस्तु से कल्याण प्राप्ति नही होती। उन्होंने कहा कि संसार की प्रत्येक वस्तु कभी दुख देता है तो कभी सुख देता है लेकिन केवल कल्याण प्राप्ति के बाद न तो दुख रह जाता है और न ही शुख का अहसास रह जाता है। इस प्रकार कल्याण प्राप्ति ही ईश्वर प्राप्ति है। ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के समावेश के बाद सांसारिक भोग के प्रति उदासीनता हो जाती है और ईश्वर प्राप्ति जो प्रत्येक व्यक्ति की अंतिम लक्ष्य है कि प्राप्ति होती है। आज भगवत कथा प्रवचन का लाभ लेने सैकड़ों के संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डीएवी स्कूल हितावर में विदाई समारोह को आशीर्वाद समारोह के रूप में मनाया

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल हितावर में शनिवार को कक्षा -11 वीं के छात्रों ने कक्षा -12 वीं के छात्रों को विदाई दी गई। इस अवसर पर कक्षा-12 वीं छात्रों ने यज्ञ-हवन किया एवं प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुष्पवर्षा कर सभी को आशीर्वाद दिया। सभी छात्रों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया एवं ओम, गायत्री मंत्र व महामृत्युंजय मंत्र से पूर्णाहुति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य बीके शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत सेअतिथि के रूप में विराजमान डीएवी स्कूल कुम्हारराास के प्राचार्य असित बोस का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। कक्षा 11 वीं के छात्रों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें सामूहिक गीत,एकल नृत्य व गीत की शानदार प्रस्तुति बच्चो ने दी तथा कुछ रोमांचक खेल भी रखा गया था। कक्षा-12 वीं के छात्रों ने क्रमशः अपने-अपने अनुभवों को बताया कि किस तरह स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त किया।परीक्षा की तैयारी कैसी करनी है? इसकी जानकारी सभी विषय शिक्षकों ने बताया। विद्यालय में सभी एक परिवार की तरह रहे। प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्नेह मिला साथ ही विद्यालय के जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा स्नेह सम्मान प्राप्त हुआ।सभी सुख-दुःख में साथ रहे। इस विद्यालय के द्वारा मिली शिक्षा व नैतिक मूल्यों का स्मरण हमें हमेशा याद रहेगा।

विद्यालय के प्राचार्य बीके शर्मा ने अपने भाषण मे डीएवी की स्थापना का उद्देश्य एवं कार्य-योजना का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ -साथ नैतिक मूल्यों का होना भी बहुत जरूरी हैं।एक विद्यार्थी पढ़ लेता हैं अच्छा मुकाम हासिल कर लेता है, यदि उसमें सामाजिक गुण नहीं आये तो उसका पढ़ना लिखना, ऊँचा मुकाम हासिल करना सब बेकार हैं।

चुनई | नकुलनार से मैलेवाड़ा तक निकला जुलूस

जहां नहीं मिली कोई सीट वहां से निकला कांग्रेस ने विजयी जुलूस

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। किस्मत से मिली जीत की बादशाह दन्तेवाड़ा में बनी कांग्रेस पार्टी ने जिला पंचायत में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष पद पर काबिज होते ही खुशी मनाने में पूरा दमखम कुआकोंडा ब्लाक में झोंक दिया।

शनिवार को निर्दलीय चुनाव जीतकर सीपीआई और कांग्रेस के समर्थन से जिला पंचायत अध्यक्ष बनी तूलिका कर्मा दन्तेवाड़ा विधायक देवती कर्मा के काफिले साथ कुआकोंडा ब्लॉक के नकुलनार और मैलेवाड़ा गांव भव्य विजय जुलूस गाजे-बाजे और आतिशीबाजी के साथ ग्रामीणों का आभार प्रकट करते हुये निकाला। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता जीत के जश्न में जमकर डीजे की धुन में थिरके और जमकर अमीर-गुलाल भी उड़ा। साथ ही कार्यकर्ताओ और क्षेत्र की जनता का जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने मिली जीत पर जनपद अध्यक्ष कुआकोंडा जोगी कर्मा, कुआकोंडा जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती अवधेश पुष्पा गौतम के साथ आभार व्यक्त किया।

विदित हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दन्तेवाड़ा जिले में जनपद पंचायत चुनाव परिणामो में गीदम,दन्तेवाड़ा, कटेकल्यान ब्लाक पर बीजेपी ने कब्जा जमा लिया था. वही कुआकोंडा जनपद पंचायत पर कांग्रेस के क्षेत्रीय नेताओ की कार्यकुशलता के चलते जनपद पंचायत कुआकोंडा कांग्रेस ने बचा लिया। लेकिन जिला पंचायत में दो चरणों मे 03सीटो से मिली बढ़त को कुआकोंडा में बड़ा झटका झेलना पड़ा. जहाँ दोनों सीटों पर कांग्रेस के समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशी हार गये। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने तूलिका कर्मा ने निर्दलीय लड़ने की बदौलत जिला पंचायत में लाज बचाने में कामयाबी हासिल कर ली। जिसके बदौलत मेहनत के चलते विजय जुलूस का अवसर मिला. विजय जुलूस में दन्तेवाड़ा जिले के जिला अध्यक्ष विमल सुराना, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना वट्टी, छबिन्दर कर्मा, कुआकोंडा ब्लाक अध्यक्ष भास्कर राठौर, खुटेपाल सरपंच जोगा, मनोज सिंह, शिव शंकर सिंह चौहान, के साथ आसपास के सरपंच व तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, युवाकार्यकर्ता थे जिन्होंने जबरदस्त तरीके से विजय उत्साह मनाया।

■ न्यूज गैलरी

कोरोना से कारोबार चौपट, चीनी आइटम्स महंगे?

नई दिल्ली। कोरोना का असर अब ट्रेड पर भी दिखने लगा है। इसके कारण भारत का 28 फीसदी आयात प्रभावित हो सका है। भारत इलेक्ट्रिकल मशीनरी, मकैनिकल अप्लायंस, ऑर्गेनिक केमिकल्स, प्लास्टिक और सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट के लिए बहुत हद तक चीन पर निर्भर है। भारत के आयात में इनका योगदान 28 फीसदी के करीब है और ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित होने के कारण भारत के आयात का प्रभावित होना निश्चित है। आयात प्रभावित होने से ये सामान महंगे हो सकते हैं। चीन में अब तक इससे 1400 के करीब लोगों की मौत हो चुकी है तो दुनियाभर में 45 हजार के करीब लोग संक्रमित बताए जा रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टर इसपर लगाम लगाने में अब तक असफल रहे हैं। जनवरी के शुरुआत से चीन में औद्योगिक गतिविधियां काफी प्रभावित हुई हैं। चीन विश्व के ज्यादातर देशों को निर्यात करता है, इसलिए ग्लोबल ट्रेड भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

मिल रहा रीपो रेट कट का फायदा : गवर्नर

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रीपो रेट में कटौती का फायदा धीरे-धीरे लोगों तक पहुंच रहा है और क्रेडिट ग्रोथ में तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि 2019 में रीपो रेट में 135 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की गई, जिसमें 69 बेसिस पॉइंट्स का फायदा पहुंचाया जा चुका है। क्रेडिट ग्रोथ में अगर तेजी आती है तो मांग में भी तेजी दर्ज की जाएगी। इससे आर्थिक गतिविधि रफ्तार पकड़ेगी और सुस्ती दूर होगी। शक्तिकांत दास का बयान ऐसे समय में आया है कि जब ग्रोथ रेट लगातार गिर रहा है, महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और इंडस्ट्रियल प्रॉडक्शन में भी गिरावट दर्ज की गई है। रिजर्व बैंक बोर्ड मीटिंग के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए गवर्नर दास ने कहा कि रेट कट ट्रांसमिशन में तेजी आ रही है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आएगी।

एजीआर बकाया चुकाने को तैयार हुई वोडाफोन

नई दिल्ली। कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने शनिवार को कहा कि कंपनी इस बात का मूल्यांकन कर रही है कि वह समायोजित सकल आय (एजीआर) के तहत कितनी बकाया राशि का भुगतान कर सकती है। वह उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार एजीआर बकाये का भुगतान करने की तैयारी कर रही है। हालांकि, कंपनी ने कहा कि भारत में कारोबार जारी रखने का फैसला उच्चतम न्यायालय के निर्णय में संशोधन के लिए दायर याचिका के परिणाण पर निर्भर करेगा। वोडाफोन आइडिया ने बीएसई को बताया, ÷कंपनी इस समय मूल्यांकन कर रही है कि वह दूरसंचार विभाग को एजीआर पर आधारित बकाये की कितनी राशि का भुगतान कर सकती है।

पश्चिमी परंपरा से फरवरी माह में छत्तीसगढ़ के गुलाब उत्पादकों को हो रहा अच्छा खासा मुनाफा

वेलेंटाइन डे पर रायपुर में बिके 1 करोड़ रु. से ज्यादा के गुलाब

■ प्रदेश के रायपुर, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, सरायपाली, बसना, आरंग उत्पादित होता है गुलाब।

नवप्रदेश (संवाददाता)।

अन्य दिनों की तुलना में रोस डे व वेलेंटाइन डे पर बढ़ जाती है गुलाब की कीमत



रायपुर। प्रेम के पाश्चात्य सभ्यता के पर्व वेलेंटाइन डे की स्वीकार्यता इसके मूल व परिवर्तित स्वरूप में भारत में भी लगातार बढ़ रही है। इसका अंदाजा वेलेंटाइन डे के दिन यानी 14 फरवरी को बिकने वाले गुलाब के फूलों से भी लगाया जा सकता है। अन्य दिनों की तुलना में इस दिन गुलाब के फूलों की बिक्री बढ़ जाती है। इससे फरवरी माह में प्रदेश के किसानों को भी खासा लाभ मिल रहा है। एक अनुमान के मुताबिक इस बार शुक्रवार को वेलेंटाइन डे के दिन 1 करोड़ रुपए से ज्यादा के गुलाब के फूल बिक गए। ये अनुमान रायपुर के गुलाब के थोक विक्रेताओं द्वारा व्यक्त किया गया है। गुलाब व्यापारी नरेंद्र साहू के मुताबिक, रायपुर में करीब 30 से अधिक गुलाब के थोक व्यापारी हैं। नरेंद्र साहू की मानें तो उन्हीं की दुकान से वेलेंटाइन डे पर 50 हजार रुपए का गुलाब बिक गया। वे कहते हैं कि यदि थोक विक्रेताओं की संख्या को 30 ही मानकर चले तो भी डेढ़ करोड़ रुपए की बिक्री अनुमानित है। यदि हम हर थोक दुकान से बिक्री का औसत 50 हजार से कुछ नीचे भी रखते हैं तो रायपुर में बिक्री का आंकड़ा 1 करोड़ से ज्यादा जाता है। साहू के मुताबिक रायपुर में वेलेंटाइन डे पर गुलाब का व्यापार ओवरऑल अच्छा रहा।

रोस डे पर भी 80 करोड़ की बिक्री का अनुमान :

वहीं गुलाब के एक अन्य थोक विक्रेता दीपक गिरड़कर ने बताया कि वेलेंटाइन डे पर करीब 1.5 करोड़ रुपए के गुलाब व गुलाब के बंच बिकने का अनुमान है। गिरड़कर ने यह भी बताया कि इस साल रोस डे के दिन भी गुलाब का अच्छा कारोबार रहा। रोज डे पर रायपुर में करीब 80 लाख रुपए के गुलाब बिकने का अनुमान है ।

ऐसे समझें प्रदेश के गुलाब उत्पादकों के फायदे का गणित

वेलेंटाइन डे पर गुलाब की डिमांड बढ़ने से छत्तीसगढ़ के गुलाब उत्पादकों की भी अच्छी-खासी आमदनी हो जाती है। गुलाब व्यापारी गिरड़कर के मुताबिक, अब छत्तीसगढ़ में गुलाब की पुणे, बंगलुरु की फर्स्ट क्वालिटी का ही सर्वाधिक उत्पादन हो रहा है। किसानों ने इसके लिए पॉली हाउस लगाए हुए हैं। फर्स्ट क्वालिटी का गुलाब प्रदेश में उत्पादित होने से रोस डे व वेलेंटाइन डे पर यहां के उत्पादकों को सामान्य दिनों की तुलना में अतिरिक्त आमदनी हो जाती है। इस वर्ष प्रदेश के किसानों को और अच्छा दाम मिला क्योंकि मौसम की मार से उत्पादन पर असर पड़ा था।

माता-पिता पूजन दिवस से बिक्री में और इजाफा

गुलाब व्यापारियों की मानें तो माता-पिता पूजन दिवस से गुलाब की बिक्री में और इजाफा हुआ है। प्रदेश में वेलेंटाइन डे को अलग स्वरूप में मनाने से यहां सिर्फ प्रेमी जोड़े ही गुलाब नहीं खरीद रहे, बल्कि बच्चे अपने माता-पिता को देने के लिए भी गुलाब खरीद रहे हैं।

गुलाब फर्स्ट क्वालिटी का किसानों को मिलने वाला दाम

■ अन्य दिनों में	7-10 रु. प्रति नग
■ वेलेंटाइन डे व रोज डे पर	13-15 रुपए प्रति नग

गुलाब फर्स्ट क्वालिटी की बिक्री की खुदरा कीमत

■ अन्य दिनों में	15-20 रु. प्रति नग
■ वेलेंटाइन डे व रोज डे पर	24-30 रुपए प्रति नग

(छत्तीसगढ़ में अधिकतर फर्स्ट क्वालिटी का उत्पाद किया जा रहा है)

गुलाब नॉर्मल क्वालिटी की बिक्री की खुदरा कीमत

■ अन्य दिनों में	5-7 रु. प्रति नग
■ वेलेंटाइन डे व रोज डे पर	10-12 रु. प्रति नग

(छत्तीसगढ़ में यह क्वालिटी अधिकतर कोलकाता से आती है)

फरवरी माह में वेलेंटाइन डे व रोस डे आने से गुलाब की बिक्री बढ़ती है, जिससे इस महीने में दाम ज्यादा होने से प्रदेश के उत्पादकों को इसका अच्छा खासा मुनाफा होता है। बंगलुरु व पुणे का गुलाब एक्सपोर्ट हो जाने से छत्तीसगढ़ से उत्पादित फर्स्ट क्वालिटी की डिमांड बढ़ जाती है और इसकी कीमत भी बढ़ जाती है। इसलिए गुलाब उत्पादकों के लिए तो वेलेंटाइन डे से फायदा-फायदा है।

-तुषार चंद्राकर, गुलाब उत्पादक
मोहंदी (महासमुंद)

एटीएम से पैसे निकालना हो सकता है महंगा

मुंबई। आने वाले समय में एटीएम से पैसे निकालना महंगा हो सकता है। देश के एटीएम ऑपरेटर्स असोसिएशन ने भारतीय रिजर्व बैंक से इंटरचेंज फी बढ़ाने की मांग की है। असोसिएशन का कहना है कि एटीएम चलाने वाली कंपनियों को कोई फायदा नहीं हो रहा है, इसलिए नकदी निकासी पर ग्राहकों को लगने वाले इंटरचेंज फी को बढ़ाने की जरूरत है। एटीएम मशीनें चलाने वाली इन कंपनियों का तर्क है कि आरबीआई के सुरक्षा मानकों के अनुपालन में इजाफा और मेंटनेंस की वजह से टेलर मशीनों को चलाने में आने वाली लागत बढ़ गई है, जबकि उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया, जिसकी वजह से इंटरचेंज फी बढ़ाना जरूरी हो गया है। आरबीआई ने प्रति ग्राहक मुफ्त ट्रांजैक्शंस की अधिकतम सीमा पांच और इंटरचेंज फी प्रति ट्रांजैक्शन 15 रुपये तय कर रखा है। एटीएम इंडस्ट्री या CATMi का कहना है कि कंपनियों को कारोबार चलाने के लिए यह रकम काफी नहीं है। आरबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी को 13 फरवरी को भेजे गए एक पत्र के मुताबिक, 'कंपनियों को लगातार हो रहा नुकसान न सिर्फ एटीएम बिजनस की व्यवहार्यता पर असर डाल रहा है।

वाणिज्यिक बैंक और घटा सकते हैं ब्याज की दरें : दास

नई दिल्ली (वार्ता)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांता दास ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक द्वारा पिछले साल नीतिगत ब्याज दरों में की गयी कटौती का ज्यादा लाभ बैंक धीरे-धीरे ग्राहकों को दे रहे हैं तथा भविष्य में वाणिज्यक बैंकों की ब्याज दरों में और गिरावट की उम्मीद है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में श्री दास ने कहा कि नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के मामले में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। बैंकों की ओर से ऋण दरों में कटौती बढ़ी है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की दिसंबर में हुई बैठक तक उन्होंने ब्याज दरों में औसतन 0.49 प्रतिशत की कटौती की थी जबकि फरवरी की बैठक तक यह कटौती बढ़कर 0.69 प्रतिशत पर पहुँच गयी। उन्होंने कहा कि भविष्य में ब्याज दरों में कटौती का यह क्रम जारी रहने की संभावना है।

इससे पहले श्रीमती सीतारमण ने यहाँ केंद्रीय बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में आरबीआई बोर्ड को संबोधित किया। हर साल बजट के बाद वित्त मंत्री केंद्रीय बैंक के बोर्ड को संबोधित करते हैं और विभिन्न वित्तीय मसलों पर चर्चा होती है।

श्री दास ने कहा कि आरबीआई द्वारा पिछले साल ब्याज दरों की गयी कटौती तथा बाजार में तरलता बढ़ने के कारण बैंक कर्ज सस्ता कर रहे हैं।

लाइफलांग ने मिलिंद सोमण को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

नई दिल्ली (वार्ता)। लाइफलाँग ऑनलाइन ने एक्सरसाइज बॉइक यानी एयरबाइक के चार नये मॉडल लाँच करने के साथ ही इंडियन सुपर मॉडल एवं अभिनेता मिलिंद सोमन को ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की है। मिलिंद कंपनी के ऑनलाइन के फिटनेस उत्पाद की संपूर्ण श्रृंखला जैसे ट्रेडमिल्स, एयरबाइक्स और अन्य होम फिटनेस उपकरणों को प्रचारित एवं प्रसारित करेंगे। ये नयी एयर बाइक उत्तम डिजाइन की हैं और देश के उपभोक्ताओं की आधुनिक जरूरतों के अनुरूप बनायी गयी हैं। इनके माध्यम से अपने घरों में फिट एवं सेहतमंद जीवन शैली बनाये रखने का अपना सफर शुरू करने का प्रोत्साहन मिलेगा। लाइफलाँग के ऑनलाइन के निदेशक एवं सह संस्थापक भरत कालिया ने इस मौके पर कहा कि इन नयी एयरबाइक के लाँच एवं मिलिंद सोमन के साथ साझेदारी से हमारा उद्देश्य लोगों को सेहतमंद एवं बेहतर जीवन शैली अपनाने को प्रोत्साहन देना हैं। मिलिंद देश के सबसे जयादा फालो किये जाने वाले फिटनेस आईकॉन में से एक हैं। यह साझेदारी कंपनी के उत्पादों को मिलिंद के सभी फालोअर तक पहुंचकर ब्रांड के रूप लाइफलाँग ऑनलाइन एवं इसके उत्पादों की विजिबिलिटी बढ़ाने का अवसर देती है।

दिल्ली हवाई अड्डे से बैगेज घर तक पहुंचाने की सेवा शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले यात्रियों को अब घर से अपने साथ बैगेज लाने या यहां उतरने के बाद घर तक बैगेज ले जाने की जरूरत नहीं होगी। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने आज बताया कि उसने 'डोर स्टेप बैगेज ट्रांसपोर्ट' सुविधा की शुरुआत की है। इस सुविधा का लाभ उठाने वाले यात्रियों को इसके लिए शुल्क देना होगा। अभी यह सुविधा सिर्फ टर्मिनल-3 से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए है। यात्रियों को पहले ही यह बताना होगा कि बैगेज कहां से लेना है या कहां छोड़ना है। उन्हें अपनी उड़ान का विवरण भी साझा करना होगा। दिल्ली हवाई अड्डे से जाने वाले यात्रियों को उनका सामान प्रस्थान क्षेत्र में मिलेगा जहां वे चेकइन करा सकेंगे। आने वाले यात्रियों का सामान सीधे उनके घर पहुंच जायेगा। कंपनी ने इसके लिए बेंगलुरु की कंपनी कार्टर एक्स के साथ समझौता किया है। अभी इस सेवा के लिए बुकिंग कार्टर एक्स की वेबसाइट, ऐप या हवाई अड्डे पर बने काउंटरों पर की जा सकती है। शुल्क का भुगतान पहले करना होगा। डायल ने बताया कि दिल्ली के अलावा पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के पतों पर बैगेज की डिलिवरी की जायेगी। जल्द ही दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर भी इस सेवा की बुकिंग की जा सकेगी। बैगेज को विशेष बैग में रखा जायेगा जिस पर पहचान के लिए बारकोड होगा। उसने बताया कि भविष्य में इस सेवा का विस्तार टर्मिनल-1 और टर्मिनल-2 पर भी किया जायेगा।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल के दाम शनिवार को लगातार चौथे दिन स्थिर रहे जबकि डीजल की कीमत लगातार दो दिन घटने के बाद आज इनमें कोई बदलाव नहीं हुआ। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 71.94 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। यह 13 सितंबर 2019 के बाद का निचला स्तर है। यहाँ डीजल की कीमत भी 05 जुलाई के बाद के निचले स्तर 64.77 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही। उल्लेखनीय है कि 05 जुलाई 2019 को बजट में पेट्रोल-डीजल पर दो-दो रुपया कर बढ़ाने से अगले दिन इनके दाम अचानक चढ़े थे। कोलकाता में पेट्रोल 74.58 रुपये, मुंबई में 77.60 रुपये और चेन्नई में 74.73 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा।

सोना 400 रुपये चमका, रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में सप्ताहांत पर पीली धातु में रही तेजी से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना शनिवार को 400 रुपये की मजबूती के साथ 42,470 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को बाद के कारोबार में दोनों कीमती धातुओं में तेजी रही थी। इसका असर आज यहाँ बाजार खुलने पर देखा गया। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सप्ताहांत पर सोना हाजिर 6.20 डॉलर चढ़कर 1,583.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 8.10 डॉलर की तेजी के साथ 1,586.90 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बाजार विश्लेषकों ने बताया कि कोरोना वायरस 'कोविड19' की चिंता में पूँजी बाजार में निवेशकों का विश्वास डगमगाया है। इसलिए वे सुरक्षित मानी जाने वाली पीली धातु का रुख कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर भी 0.10 डॉलर चमककर 17.73 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी।

स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 400 रुपये चढ़कर 42,470 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही तेजी के साथ 42,300 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका। आठ ग्राम वाली गिन्नी 31,000 रुपये पर स्थिर रही।

चाँदी हाजिर भी 400 रुपये चमककर 47,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। चाँदी वायदा 281 रुपये की बढ़त के साथ 46,227 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। सिक्का लिवाली और बिकवाली गत दिवस के क्रमशः 970 रुपये और 980 रुपये प्रति इकाई पर अपरिवर्तित रहे।

बताई उपलब्धियां | 50 की रैंकिंग में शुमार संस्था की 38 विद्यार्थी, एवरेज विद्यार्थी भी बन सकता है सीए

सीए फाउंडेशन ऑल इंडिया की रैंकिंग में एक्सेल एजुकेशन इंस्टीट्यूट का दबदबा

नव प्रदेश संवाददाता

एक साथ 33 विद्यार्थियों ने रैंक लाकर रचा कीर्तिमान

रायपुर। रायपुर का एक्सेल एजुकेशन इंस्टीट्यूट, जहां तैयार किए जाते हैं सीए (चार्टर्ड एकाउंटेंट) मेंबर्स। इस संस्था ने इस 3 फरवरी को घोषित सीए परीक्षा के परिणामों में इस बार भी सीए फाउंडेशन ऑल इंडिया रैंकिंग में न सिर्फ अपना दबदबा कायम किया बल्कि सबसे ज्यादा 33 सफल विद्यार्थी देकर एक कीर्तिमान रचा। दरअसल, संस्था की छात्रा साइना अग्रवाल ने सीए फाउंडेशन में ऑल इंडिया रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर न सिर्फ संस्था बल्कि छत्तीसगढ़ को गौरांवित किया। संस्था के डॉयरेक्टर व फाउंनडर सीए संजय गोयल ने बताया कि सीए की पढ़ाई को लेकर विद्यार्थियों में काफी भ्रम है, लेकिन एक टीचर होने के नाते मैं हर स्टूडेंट्स को कहता हूं कि एक एवरेज विद्यार्थी भी अगर मेहनत करें तो वह सीए बन सकता है, क्योंकि सीए सिर्फ स्टडी चाहता है। उन्होंने कहा कि एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ने विगत 12 वर्षों में 139 बेहतरीन सीए विद्यार्थियों को दिया, जिसने ऑल इंडिया रैंक में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इसमें पिछले 2 वर्षों में ही 84 होनहार सीए ने ये बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सीए की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग केवल 50 रैंक तक ही दी जाती है, जिसमें अकेले ही एक्सेल इंस्टीट्यूट के 38 विद्यार्थियों ने बाजी मारी, जो अपने आप में भी एक बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही एक ही दिन में संस्था से लगभग 600 विद्यार्थियों ने सीए की फाउंडेशन एवं इंटर की परीक्षा में अच्छे नंबर स्कोर कर कॉमर्स क्षेत्र में एक स्वर्णिम इतिहास बनाया। एक ओर संस्था से लगभग 410 विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन में सफलता प्राप्त की तो दूसरी ओर 190 छात्रों ने सीए इंटर परीक्षा में अच्छे अंकों से सफलता हासिल किया।

पढ़ाई कराने का तरीका है जुदा

कम समय में बड़ी उपलब्धि के लिए एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के डॉयरेक्टर सीए संजय गोयल ने बताया कि, संस्थान में पढ़ाई कराने का तरीका हटकर रखा गया है। 15 सीए, 5 सीएस, 3 सीएमए एवं 3 इंडीनियर्स की अनुभवी व योग्य टीम के साथ विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाता है।

कोई डाउट हो तो तुरंत करें वाट्सएप

एक्सपर्ट ने बताया कि कई विद्यार्थी ऐसे है कि उनके मन में कोई डाउट आता है, लेकिन जब तक टीचर्स तक पहुंचे, वे भूल जाते हैं। ऐसे मौके के लिए संस्था ने एक वाट्सएप ग्रुप बनाया जिसमें स्टूडेंट्स तुरंत जहां व जिस परिस्थिति में है, वाट्सएप कर अपने शंका का समाधान पा लेता है। इसके अवाला हर क्लास की रिकॉर्डिंग होती है, जिससे अगर किसी कारणवश विद्यार्थी पढ़ाई मिस करता है, तो ऐसी स्थिति में उसे बैकअप दिया जाता है।

इस तरह पढ़ाते हैं टीचर्स

- हर विक लिया जाता है टेस्ट
- कोर्स खत्म होने के बाद रिवीजन एवं मॉक ड्रिल
- सुपर 11 की बनती है दो बैच
- सुपर बच्चों पर किया जाता है अधिक फोकस
- अपने डाउट्स कभी भी कर सकते है क्लीयर
- क्साल मिस करने की अवस्था में बैकअप सुविधा

मूलतः ओडिशा की कालाहांडी की रहनी वाली हूं। यहां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही हूं। 8-10 घंटे की पढ़ाई व क्लास में टीचर्स के मार्गदशन से सीए फाउंडेशन ऑल इंडिया रैंकिंग में प्रथम स्थान ला पायी हूं और अब सीए इंटर के लिए मार्गदशन देकर आगे तैयारी करूंगी। अपनी सफलता का पूरा श्रेय एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की टीम को देना चाहती हूं।

- साइना अग्रवाल
टॉपर

गृहमंत्री और बेलगाम कांग्रेस नेताओं पर नेताप्रतिपक्ष का बड़ा बयान

कानून व्यवस्था और सूचनाओं से बेखबर हैं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू!

- चाकू, बंदूक की नोक पर लूट-डकैती, हत्या की घटनाएं बढ़ीं

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था और अपराधियों की सक्रियता से नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक खफा हैं। उन्हों ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को आड़े हाथों लेते हुए बड़ा बयान दिया है। सीएलपी श्री कौशिक का कहना है कि राज्य में रोज चाकू, कट्टा की नोक पर लूट-डकैती को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं अवैध हथियारों के कारोबार से लेकर हत्याएं तक चंद रोज में होने से चिंता जाहिर किया है।

बलौदाबाजार विधायक शकुंतला साहू का विवादित वीडियो सोशल मीडिया में जो वायरल हुआ उस पर भी नेता प्रतिपक्ष ने तंज कसा।

नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का कहना है कि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को नहीं होती है कोई पुख्ता जानकारी। एचएम पर बिफरते हुए नेताप्रतिपक्ष ने कहा है कि ताम्रध्वज साहू को पुलिस, वारदात और बाद की कोर्रवाई की भी जानकारी नहीं होती है। किसी बात की जानकारी नहीं रखने वाले गृहमंत्री की सक्रियता पर प्रश्नचिन्ह लगाने की कोशिश की है। आरोप लगाया है कि चाकू, बंदूक की नोक पर बाहरी राज्य के शातिर अपराधी राजधानी रायपुर समेत प्रदेश को सरायखाना समझकर आ रहे हैं और घटना को अंजाम देकर बेखटके रवाना हो रहे हैं। इक्के-दुक्के प्रकरणों पर पुलिस भी सीसीटीवी फूटेज और वक्त पर हरकत करने में नाकाम है। प्रदेश की कानून व्यवस्था और सरकार दोनों पर निशाना साधते हुए नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने भगवान भरोसे चलना बताया है। बता दें कि कारोबारी सोमानी अपहरण प्रकरण, दुर्ग में करोड़ों की चोरी, रायपुर में 50 लाख की लूट से लेकर बस्तर में नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को अंतिम विदाई देने एक भी मंत्री के नहीं आने से खफा हैं। साथ ही नक्सल हादसे की सूचना और सलामी देने के प्रोग्राम तक के संबंध में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। जिसके बाद आज नेताप्रतिपक्ष ने बयान दिया।

आने वाले बजट में सारी दिक्कतें होंगी दूर-ताम्रध्वज साहू

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का बड़ा बयान आया है। छत्तीसगढ़ के आने वाले बजट में पुलिस विभाग की कई मांगे पूरी होंगी। उन्होंने कहा- पुलिस विभाग में बल की कमी, वेतन की बात, संसाधनों के कमी की बात और पुलिस परिवार के द्वारा चुनाव के पूर्व किये गए विरोध की मांगों के साथ विभागीय मंत्री होने के नाते मैंने मुख्यमंत्री के सामने सभी बातें रखी है, आने वाले बजट में मिलेगी राहत।

पेट से सफलता पूर्वक निकाले गए 2 किग्रा के 2 ट्यूमर

- जिला अस्पताल में महिला का हुआ क्रिटिकल ऑपरेशन
- इस ऑपरेशन से जिला अस्पताल की चारो तरफतारीफहो रही है

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिला चिकित्सालय में इन दिनों सुविधाएं बढ़ने लगी है व सर्जरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में भी सुधार होने से गरीब तपके लोगो को इसका लाभ मिलने लगा है। इसी कड़ी में जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने जटिल सर्जरी करके 45 वर्षीय महिला की जान बचाई। महिला के गर्भाशय ग्रीवा में लगभग 2 किलो के दो अलग अलग ट्यूमर थे।

इस वजह से उसे अत्याधिक रक्तस्त्राव हो रहा था जिससे उसकी जान पर बन आई थी। लेकिन जिला अस्पताल के विशेषज्ञों के सूझबूझ से डॉ आनंद मांझी, डॉ.प्रियंका जांगड़े, डॉ. रश्मि भूरे और उनकी टीम ने लगभग दो घंटे की जटिल सर्जरी कर महिला की जान बचा ली। बता दें कि जिला अस्पताल में इस तरह की क्रिटीकल सर्जरी का ये पहला मामला था आम तौर पे जहां ऐसे ऑपरेशन का खर्च लाखो रुपए में जाता है वहीं गर्भाशय के ऑपेरशन कराने मरीज सरकारी अस्पताल के बजाए प्राइवेट अस्पतालों पर ही भरोसा करते हैं।

इस बड़ी उपलब्धि के साथ डॉक्टरों की टीम द्वारा इस सफलतम सर्जरी ने जिला अस्पताल की रेफर सेन्टर की छवि से बाहर निकलाने का प्रयास किया है व मरीजों में सरकारी अस्पताल में इलाज कराने एक भरोसा उत्पन्न किया है। मुंगेली जिले के लोरमी विकासखण्ड अंतर्गत गोड़खाम्ही कि रहने वालों 45 वर्षीय कुटेलिया बाई साहू को मुंगेली जिला अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती करवाया गया था।

नट गिरोह के शातिर चोर को रेलवे पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर। क्षेत्र में ट्रेन में हुई करीब सवा दो लाख रुपये की चोरी के मामले में लंबे वक्त से तलाश नट गिरोह के सदस्य को बिहार के बख्तियारपुर से गिरफ्तार करने में रेलवे पुलिस को कामयाबी मिली है। गौरतलब है कि रेलवे संपत्ति और यात्रियों की स सुरक्षा को लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों में आरपीएफएवं जीआरपी दो फोर्स के जवानों की मुश्ततैदी रहती है बावजूद इसके ट्रेनों में अपराधियों का ख़ौफ़बना रहता है जो मौका देख यात्रियों के बैग महंगे समानों को बड़ी चतुराई के साथ पार कर चंपत हो जाते हैं और ट्रेनों में इन पर निगरानी रखने वाले जवानों को भनक तक नही लग पता है। बीते कई महीनों से यात्री ट्रेनों में नट गिरोह का ख़ौफ़बना हुआ है इस गिरोह के एक सदस्य को रेलवे पुलिस पकड़ने में कामयाब रही।